प्रस्तुत शोधपत्र में कविप्रयुक्त (रघुवंश में उल्लिखित) समुद्र की इन्हीं चित्रविचित्रताओं का विवेचन किया गया है। सृष्टि के प्रारम्भ में सर्वत्र जल ही जल था। रघुवंश में प्रयुक्त यह पद्य स्पष्ट करता है कि प्रलय के पश्चात् भी सर्वत्र जल विद्यमान रहता है—

नाभिप्ररूढाम्बुरुहासनेन संस्तूयमानः प्रथमेन धात्रा।
अमुं युगान्तोचितयोगनिद्रः संहृत्य लोकान्पुरुषोऽधिशेते ॥

जब प्रलयकाल में विष्णु द्वारा सम्पूर्ण विश्व का संहार कियाजाता है, तदनन्तर विष्णु इसी सागर में योगनिद्रा में सोते हैं।नाभिकमल से उत्पन्न ब्रह्मा तब उनकी स्तुति करते हैं। इस प्रकार विष्णु का शयनस्थल यह समुद्र सृष्टि के संहार के बाद भी विद्यमान रहता है।

समुद्र के साथ अनेक पौराणिक कथाएँ जुडी हुई हैं। दशावतारों में मत्स्य, कूर्म और वराहावतार इससे सम्बद्ध हैं। यहाँ वराहवतार के प्रसङ्ग में वर्णित है कि आदि पुरूष (वराह) के द्वारा जब पृथ्वी का उद्धार उसे पाताल से निकालकर किया गया तब पृथ्वी को ले जाते समय इसका बढा हुआ जल ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों पृथ्वी का अवगुण्ठन हो।

CS-23

संस्कृत साहित्य में चम्पूकाव्य

कुमारी रीना वर्मा, अलीगढ

चम्पूकाव्यधारा का उदभव काल अनादिकाल से ९०० ई० तक, उदयकाल ९१५ से १५०० ई० तक तथा स्वर्णकाल १६०० से १८०० ई० तक माना जाता है।कुछ प्रमुख चम्पूकाव्यों के नाम निम्नलिखित हैं—चम्पूकाव्यधारा का सबसे प्राचीन

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

चम्पू त्रिविक्रमभट्ट द्वारा विरचित 'नलचम्पू 'है। इसके पश्चात् सोमदेव के 'यशस्तिलक चम्पू' हरिचन्द्र के 'जीवन्धरचम्पू' अर्हद्दास के 'पुरूदेवचम्पू', भोजराज के 'चम्पूरामायण' अभिनवकालिदास के 'भागवतचम्पू' कवि कर्णपूर के 'आनन्दवृन्दावनचम्पू' जीवगोस्वामी के 'गोपालचम्पू' वेंकटाध्वरी के 'विश्वगुणादर्शचम्पू' श्रीकृष्णकवि के 'मन्दारमरन्दचम्पू' आदि चम्पूकाव्य दृष्टि में आते हैं; जिनमें लेखकों ने अपनी अपूर्व प्रतिभा के परिचय दिया है। इस प्रकार गद्य-पद्यात्मक चम्पूकाव्य का बड़ा विस्तार है।

CS-24

Bhavabhuti - his indebtedness to the predecessors

Rama Ray

It is the nature of the great poets that they always follow the foot - prints of their predecessors. Among the known predecessors of Bhavabhūti, we may at first mention the name of Vālmīki. He has exercised a good deal of influence upon our poet. Besides this, the influence of Bhāsa and Kālidāsa is distinctly noted in his work. It is obvious that Bhavabhūti must have studied the works of these poets and gleaned therefrom immense materials in the form of beautiful thoughts, ideas and charming incidents. But the greatness of Bhavabhūti lies in the judicious employment of such old things in an entirely new way.

CS-25

'सङ्गीतरघुनन्दनम्' में भगवान श्रीराम का रासविहारी स्वरूप

कु. पूजा सिंह, अयोध्या

श्रीराम-भक्ति तथा सारस्वत साधना के लिए रीवाँ (मध्यप्रदेश) का बघेल राजवंश सुप्रख्यात है। इसी वंश में १८वीं शती में अनन्य रामभक्त एवं साहित्यानुरागी महाराज विश्वनाथ सिंह जू देव का उदय हुआ। वे राजनीतिज्ञ एवं कुशल प्रशासक होने के साथ ही विलक्षण बहुमुखी प्रतिभा के धनी, निसर्ग-सिद्ध कवित्वशक्ति से विभूषित, सङ्गीतशास्त्र के विशिष्ट मर्मज्ञ, ललित कलानुरागी थे। उन्होंने ५० से अधिक वैविध्यपूर्ण ग्रन्थों का प्रणयन किया है। उनमें भगवद्-भक्ति से ओत-प्रोत 'आनन्द रामायण' नाटक तथा 'सङ्गीतरघुनन्दनम्' महाकाव्य प्रमुख हैं। महाराज विश्वनाथ सिंह जू देव रसिक-साधना एवं प्रेमलक्षणा माधुर्य-भक्ति-धारा के एक प्रमुख कवि हैं। षोडश सर्गों में निबद्ध 'सङ्गीतरघुनन्दनम्' श्रीराम-रासक्रीडा-परक, सङ्गीत एवं नृत्य-प्रधान एक अनुपम-अद्भुत महाकाव्य है। अर्थगौरव के बोध हेतु महाकवि ने स्वयं ही इस पर 'व्यङ्ग्यार्थचन्द्रिका' नाम की टीका प्रस्तुत की है। इससे उनकी कारयित्री तथा भावयित्री दोनों ही प्रतिभाओं का सुन्दर प्रकाशन होता है।

CS-26

रघुवश महाकाव्य में सामाजिक चेतना

डॉ.दिनेश चन्द्र चौबीसा, गुजरात

समाज की तह में छूपे रत्नों की खोज करने में महारत उसे हो सकती है , जो समग्र जीवन समाज रूपी सागर के गहरे गह्वर में गोते लगाते हुए समर्पित कर दे। कोई बिरला ही जीवन को ऐसे दांव पर लगा सकता है। ऐसे ही समाज के स्रष्टा-द्रष्टा कवि कालिदास हें जो आज भी यशरूपी शरीर से समाज में जीवित हें।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कालिदास ने समाज में जिया है। समाज में रहने वाले सभी वर्गों के बीच में रहकर; उनके जीवन स्तर; शिक्षा-दीक्षा व कर्म-शैली में अपने आपको खोकर भी साहित्य (काव्य)के माध्यम से उनकी चेतना में नवीन प्राण फूंके हैं; उनके अस्तित्व को बनाए रखा है। रघुवंश भारतीय आदर्श परम्परा का श्रेष्ठतम काल है। कवि ने समाज के सर्वतोमुखी विकास के मार्गको जनसामान्य के सामने रखा है। किसी भी समाज के उत्थान के प्रमुखआधार क्या हो सकते हैं- यह महाकवि कालिदास के काव्य से ही जाना जा सकता है। रघुवंश में दिलीप से लेकर अग्निवर्ण तक के राजाओं के आचरणों में समाज के उत्थान व पतन के दृश्य विद्यमान हैं। रघुवंश में प्रायःराजाओंकी राजनैतिक मनो-भावना, प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व तथा जन सामान्य के साथ सीधा सम्बंध, संपर्क व संवाद की स्थिति में राज्य (समाज) समृद्धि के सर्वोच्च शिखर जा रहा है।

कालिदास विविध दृष्टांतो व प्रसंगो के माध्यम से यह कहना चाहते हैं कि सामाजिक ढांचा सुदृढ व सम्पन्न तभी हो सकता है जब शासक-सामंत से लेकर नीवं का पत्थर समझा जाने वाला समाज का श्रमिक वर्ग तक जागरूक व कर्त्तव्य परायण हो।शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार किसी भी सभ्य समाज के आधारभूत तत्त्व हैं। रघुवंशी राजाओं की शिक्षा-दिक्षा, गुरूकुलों के प्रति सद्भाव, दीलीप की गौ-सेवा, नंदिनी की परीक्षा, सुदाक्षिणाकी सेवा, पति -अनुराग , सबके साथ सौहार्द स्नेह, रघुका दिग्विजय, महर्षि वरतंतु के शिष्य कौत्समुनि के प्रसंग, आर्थिक दृष्टिसे समान समाज की कल्पना, स्त्री-शिक्षा, सुशिक्षित स्त्री ही अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं निर्णय करने की शक्ति में समर्थ हो सकती है, जिसे इन्दुमति स्वयंवर प्रसंग में देखा जा सकता है। कालिदास का मानना है कि सुशिक्षित समाज ही समान अधिकार व समान न्याय की वकालात कर सकता है।

समग्र रघुवंश काव्य में कवि ने स्पष्ट किया है कि समाज का नीचे से नीचे का तबका भी सभ्य व सुशिक्षित था तथा अपने कर्त्तव्यों के प्रति वचनबद्ध एवं अधिकारों के प्रति जागरूक था।

CS-27

अर्थशास्त्र के जनक कौटिल्य और उनकी तन्त्र सूक्तियाँ

अनामिका शुक्ल, फैजावाद

आचार्य कौटिल्य चन्द्रगुप्त मौर्य के भाग्य विधाता, राज पद दाता और प्रधान अमात्य थे। आचार्य कौटिल्य का वास्तविक पितृ प्रदत्त नाम विष्णु गुप्त था। आचार्य कौटिल्य की ख्याति दूसरे नामों से भी है। चाणक्य उन्हें चणक का पुत्र होने के कारण और कौटिल्य उन्हे कुटिल राजनीतिज्ञ होने के कारण कहा जाता है।

अर्थशास्त्र का प्रणेता - कामन्दकीय नीतिसार के पूर्वोक्त प्रमाणो से सुनिश्चित है कि अर्थशास्त्र की रचना आचार्य कौटिल्य ने की। कुछ दिन पूर्व विदेशी विद्वानो के एक वर्ग ने यहाँ तक सिद्ध करने की चेष्टा की थी कि अर्थशास्त्र एक जाली ग्रन्थ है जिसके नाम को उसके साथ जोडा गया है वह भी कल्पित है।

अर्थशास्त्र में समाप्ति सूचक एक श्लोक आता है इसका निष्कर्ष है कि इस ग्रन्थ की रचना उसने की, जिसने शस्त्र शास्त्र और नन्द राजा द्वारा शासित पृथ्वी का एक साथ उद्धार किया -

येन शास्त्रं च शस्त्रं च नन्दराजगता च भूः।
अमर्षेणोरादधृतान्याशु तेन शास्त्रमिदं कृतम्॥

अर्थशास्त्र-वाचस्पति गैरोला- चौखम्बा-१९९६, पृष्ठा-७७१, श्लोक-२

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS-28

अर्थविज्ञान की अवधारणा तथा समीचीनता

सरोज शर्मा, जम्मू

शब्द तथा अर्थ का समन्वित रूप भाषा है। बिना अर्थ के शब्द निरर्थक रहता है और बिना शब्द के अर्थ की अभिव्यक्ति असम्भव है। जिस प्रकार भाषा में प्रयुक्त ध्वानियों तथा रूपों आदि पर विचार किया जाता है। उसी प्रकार अर्थ पर भी विचार किया जाता है। अर्थ-विज्ञान में विशेषरूपता हासिल होने पर ही श्रोता या वक्ता एक दूसरे के मन्तव्य को भलीभांति समझ सकते हैं, क्योंकि जिस प्रकार शब्द के साथ अर्थ का आविर्भाव जुडा हुआ है, उसी प्रकार शब्द विचार के साथ ही अर्थ-विचार का भी आरम्भ अतिप्राचीन काल में हो गया। भारतवर्ष में 'यास्क' का 'निरुक्त' इसका प्राचीनतम एवं पुष्ट प्रमाण है। निरुक्त के उपरान्त काव्यशास्त्रों के ग्रन्थों में तीन प्रकार के वाचक, लाक्षणिक तथा व्यञ्जक शब्दों के, तीन प्रकार के — वाच्यार्थ, लक्ष्यार्थ तथा व्यंग्यार्थ का विवेचन विस्तार से उपलब्ध होता है। शब्द और अर्थ के सम्बन्ध की नित्यता-अनित्यता तो भारतीय दर्शनो का भी विषय रही है।

पतञ्जलि के 'महाभाष्य' तथा भर्तृहरि के 'वाक्यपदीय' में भी शब्दार्थ-विषयक विचार मिलते हैं। ज्ञान, प्रत्यय या प्रतीति भाषा का मानसिक पक्ष है। मन में विचार उठते हैं। वक्ता शब्दों के द्वारा उन्हें प्रेषित करता है, श्रोता कान से उन शब्दों को सुनता है। मन को उनके अर्थों को प्रतीति होती है। इस प्रकार भाषा का उद्गम और अर्थ-ज्ञान रूपी परिणति दोनों भाषा के मानसिक पक्ष हैं। भाषा वक्ता से लेकर श्रोता तक, आदि से अन्त तक, मानसिक पक्ष में अनुस्यूत है।

संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने तीन प्रकार के शब्द — वाचक, लक्षक, व्यञ्जक; तीन प्रकार के अर्थ — वाच्य, लक्ष्य, व्यंग्य तथा तीन प्रकार की शब्दशक्तियां — अभिधा, लक्षणा तथा व्यञ्जना को मान्यता दी है।

'भर्तृहरि' शब्द और अर्थ में केवल वाच्य-वाचक सम्बन्ध को ही स्वीकार करते हैं, वह भी यदि मानना आवश्यक हो, तभी। शब्द-शक्तियों के विषय में भी हमें 'भर्तृहरि' की मान्यता ही युक्तियुक्त प्रतीत होती है। अभिधा से शब्द और अर्थ का वाच्य-वाचक सम्बन्ध बनता है। उनके अनुसार, वक्ता जिस समय जो कहना चाहता है तथा श्रोता उस समय जो उससे समझता है; वह वाच्य हो जाता है। भाषा का उद्देश्य भी यही है। वाच्यार्थ से भिन्न लक्ष्यार्थ या व्यङ्ग्यार्थ का वस्तुतः कोई अस्तित्व ही नहीं है। क्योंकि यदि तथाकथित लक्ष्यार्थ का वस्तुतः कोई अस्तित्व ही नहीं है, क्योंकि यदि तथाकथित लक्ष्यार्थ या व्यङ्ग्यार्थ ही वक्ता का अभिधेय है, तो वह भी उस समय वाच्यार्थ ही हो जाता है।

अतः वक्ता एवं श्रोता में पारस्परिक सामंजस्य बनाए रखने के लिए अर्थविज्ञान का अध्ययन एवं उसकी जानकारी अत्यन्त अनिवार्य एवं आवश्यक है। अर्थविज्ञान के अभाव में आज भी समाज में अर्थ का अनर्थ कर पारस्परिक विवाद हो जाते हैं। अतः सभ्य समाज एवं सांस्कृतिक पर्यावरण में अर्थविज्ञान की महती उपयोगिता है।

सम्पूर्ण तथ्यों का विवेचन शोधपत्र में सविस्तृत किया जाएगा।

CS-29

Bharata Mallika As A Commentator

Mom Roy Chowdhury, Kolkata

Bharata Mallika was a prolific writer of treatises, commentaries and tracts. He composed commentaries on *kumārasambhava*, *Bhaṭṭikāvya*, *Meghadūta*,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Naiṣadhīyacarita, Kīrātarjunīya, Śiśupālavadha, whose manuscript copies, mostly fragmentary are available in Ms. liberaries of Bengal. His lucid explanations on all connected topics, grammatical, rhetorical, textual and exegetical display an all round scholarship. This paper will discuss the comparison of his works with that of commentator Mallinath and others.

CS–30

पुरूषपरीक्षायां विशाखदत्तानुकृतिः

जयश्री चट्टोपाध्याय, कोलकाता

सकलसहृदयगोष्ठीगरिष्ठकविकुलाभरणो विद्यापतिर्विविधविद्यार्णवावगाही स्वीयेन यशसा वसुन्धरामलङ्करोति। तत्प्रणीतायां पुरूषपरीक्षायां निपुणनाढ्यकृतो मुद्राराक्षसरचयितुर्विशाखदत्तस्यानुकृतिः सहृदयान् विस्मापयते। अलोकसामान्यप्रतिभावतां वाल्मीकिकालिदासादीनां जीवनमधिकृत्य प्रायः किम्वदन्ती रसनाग्रनर्तकीभूता वर्तते जनानाम्। एवंविधया किम्वदन्त्या मुद्राराक्षसस्यामरस्रष्टा नीतिनिपुणो विशाखदत्तोऽपि विद्यापतिप्रोक्तसंप्रतिभकथायां नायकः सञ्जातः। विद्यापतिप्रोक्त पुरूषपरीक्षान्तर्गतायां पिशुनकथायां लोकविधकथायामुभयविधकथायाञ्च विशाखदत्तस्य 'मुद्रारक्षसकथा' नवायमानतमेति। विशाखदत्ते दर्शितादरो विद्यापतिस्तन्नाटकानुरक्तचित्तः तस्मात् प्रायः स्वरचितवृत्तेऽपि उपादानमाहृत्य याचितमण्डनन्यायेनानवताङ्गीं रसविलासचतुरां स्यकीयां कल्पनां भूषयति।

CS–31

गुरुदक्षिणा नाटक का समीक्षण

सत्येन्द्र नाथ झा, बिहार

संस्कृत वाङ्मय मे महाकवि कालिदास ने महर्षि वरतन्तु और कौत्स के वृत्तान्त को प्रख्यात कर दिया। कौत्स ने गुरु वरतन्तु से चौदह विद्यायें पढी थी। अध्ययनान्तर उन्होने गुरु से दक्षिणा के लिए हठ दिया। गुरु शिष्य की आर्थिक स्थिति को देखकर दक्षिणा दान से पूर्णतः विमुख थे, किन्तु शिष्य ने नहीं माना। अन्ततः चौदह विद्यायों के अध्यापन के कारण चौदह सहस्र स्वर्ण मुद्राओं की माँग कर दी। कौत्स सम्राट रघु के पास पहुँचा। किन्तु उनकी विश्वजित् यज्ञ जन्य प्रतिकूल स्थिति को देख कर लौटने लगा। इक्ष्वाकु वंशीय रघु इसे कैसे देखते। उन्होने कौत्स से रुकने का अनुरोध कर कुबेर पर आक्रमण करने का विचार किया। विचार करते ही उनका रिक्त राजकोश पुनः स्वर्ण मुद्राओं से भर गया। उन्होने सभी स्वर्ण मुद्राओं को लेने के लिए कौत्स को बाध्य कर दिया। किन्तु धनाकांक्षाविरत ब्रह्मचारी कौत्स प्रयोजन से अतिरिक्त लेने के लिए तैयार नहीं था अन्ततः अभियाचित मुद्राओं को लेकर उन्होने गुरु के पैरो पर रख दिया। महाकवि कालिदास के इसी वर्णित वृत्तान्त को लोगों ने भिन्न-भिन्न रूपों में नाटकीय रूप दिया है। मैथिली में कालिदास से भिन्न कल्पनायें की हैं किन्तु संस्कृत भाषा में मैथिल विद्वान स्व.पं. गंगेश मिश्र ने अपने ढंग से इस प्रख्यात चरित्र को संवारा है। प्रकृत शोध निबन्ध में उन्हीं की कल्पनाओं का संक्षिप्त समीक्षण किया गया है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS–32

मदन-घटखर्परयोः तुलनात्मकं विश्लेषणम्

ड. मृदुला राय, शान्तिनिकेतनम्

राज्ञः विक्रमादित्यस्य राजसभायां नवरत्नेषु अन्यतम आसीत् घटखर्पर इति किंवदन्ती। तेन विरचिते त्रयोविंश-श्लोकविशिष्टे घटकर्पराख्ये यमककाव्ये मेघदूतस्य प्रभावः सुस्पष्टः। अपरतः कवि-मदनस्य कृष्णलीलेति यमक-काव्यमपि सुप्रसिद्धम्। गोपिभिः सह श्रीकृष्णस्य विच्छेदकादिनीमुपजीव्य घटकर्परस्य श्लोकाननुसृत्य च कवि-मदनेन काव्यमिदं विरचितम्। यमक-काव्यरचनायां केनापि कविना पराजितयोः, तस्मै घटखपरेण उदकवहनस्य शपथं ताभ्यामुभाभ्यामेव कृतम्। यद्यपि द्वयोः प्रतिज्ञा एकरूपा तथापि कविना मदनेनासाध्यसाधनं कृतम्। यमकालंकारस्य सर्वाणि लक्षणानि अनुसृत्यापि कविः मदनः घटखर्परकाव्यस्य एकैकानां श्लोकानां पंक्तिचतुष्टयमवलम्ब्य श्लोकचतुष्टयं रचितवान्। तेन घटकर्परस्य श्लोकानां प्राचीनपाठोद्धारसौकर्यात् पाठकाः खलु उपकृताः। अतो घटखर्पर-पाठे कृष्णलीला-काव्यस्य गुरुत्वं प्रश्नातीतम्। इति दिक्।

CS–33

कालिदासकाव्येषु नारीविभावना

श्रीमती रंजनबेन गिरीशचंद्र अंधारिया, भावनगर

ऋतुसंहार, मेघदूत, कुमारसंभव, रघुवंशेषु काव्यचतुष्टयेषु पार्वती, सुदक्षिणा, मेना, इन्तुमती इत्यादि नारी पात्राणि अवलोकनीयानि। चतुर्विधपुरुषार्थे कामनामकपुरुषार्थसिद्धिः स्त्रीपुरुषयोः एकान्त-सम्बन्धे अवलम्बति। ''कविराजः संस्कृत साहित्ये शृंगारस्य नायकः इति प्रतिष्ठितः।'' दैहिकसुखस्य पराकाष्ठा नारी सौन्दर्ये विरमति — ''इति शृंगारस्य प्रधानतयावश्यकता स्वीकृता। मानववृत्तिं, शृंगारस्य प्रतिष्ठां, विविध शास्त्रनिरुपणे कलाशास्त्रज्ञानं, शास्त्रं प्रति सामाजिकानां रुचिं च विचार्य कविना भोग्यः पदार्थ इव नारी वर्णिता - ऋतुसंहारे, मेघदूते, कुमारसंभवे, रघुवंशे, दृष्टांताः लभन्ते। स्त्रीसौंदर्यवर्णने अपि कालिदासः विख्यातः।

भारतीयसमाजे नारीणां स्थितिं अनुरूपं तासां स्वरूपवैविध्यं आलिखति। ''ध्रुवं वपुः काञ्चनपद्मनिर्मितं मृदु प्रकृत्या च ससारमेव च'' — कनककमलेन सह पार्वत्याः तुलना तस्य ब्राह्यं च आंतरिकीं गुणसंपत्तिं च दर्शयति कन्यास्वरूपं तापसीस्वरूपं, पत्नीस्वरूपं, मातृस्वरूपं च वर्णितम् - गीतायां निर्दिष्टाः ''कीर्ति श्रीवाक् स्मृति मेधा-धृति-क्षमा ''गुणाः - प्रायशः अस्नाः पात्रे दर्शिता कविना।''

इन्दुमतीपात्रे — ''गृहिणी, सचिवः सखीमिथः प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ - उक्तिरियं गृहस्थजीवने पत्न्याः वैविध्यपूर्णरूपं प्रकटीकृतम्। ''धर्मकार्ये पत्नी — एव मूलाधारं इति दाम्पत्यजीवने पत्न्याः महनीयां भूमिकां कालिदासः वर्णयति। वसिष्ठाश्रमे संततिकामनाय दिलीपेन सह व्रतं आचरन्ती सुदक्षिणा, वसिष्ठ - अरुन्धती तथा अत्रि - अनसूया उदाहरणीभूताः।'' मातृवात्सल्यपूर्णा मेनापि स्मरणीया भवति। कठोरयज्ञकार्ये प्रवृत्तां पुत्रीं वारयति माता पितुः सानुक्रोशतरा दृश्यते - सगर्भा सुदक्षिणा पूर्णवात्सल्यवती निरुपिता।

नानृषिः कविर्भवति ऋषिः किल दर्शनाम् - किंवा दर्शनाद्वर्णनाच्चैव लोके ख्याता कविश्रुतिः इति भारतीयमतं प्रचलितम् - अनेन मतेन कालिदासः महर्षिः अस्ति महान् कविः अस्ति। कविना ब्रह्मस्पर्शं प्राप्य उत्तमा काव्यसृष्टिः रचिता। तत्र नारीपात्राणि कन्यायाः, पत्न्याः, गृहिण्याः, मातुः आदर्श प्रकटीकृत्य युगे युगे नारीसमाजे मार्गदर्शकानि भविष्यन्ति। अधुना कन्यां प्रति उपेक्षावृत्तिं दूरीकर्तुं, मुक्तकामोपभोगं निवारयितुं लग्नसंस्थां स्वीकर्तुं, धार्मिकवृत्तिं पालयितुं, नारीं प्रति सम्मानभावनां दर्शयितुं कालिदासकाव्येभ्यः समाधानं प्राप्यति।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS-34

Mudrārākṣasa : A Play Of Political Intrigue

Shibaji Nandi, Kolkata

Sanskrit classical literature is not abound in political specimens. Only a few, true to the sense, proclaim their very presence in this field of rarity. Mudrākṣasa of Viśākkhādatta is one of them.

The Mudrārākṣasa is a drama of purely political intrigue. Surprisingly, there is no actual political violence in the work. The action of the drama takes form only of a conflict of wills of two rival politicians. Cāṇakya and his rival Rākṣasa are the illustrations of this point. The noteworthy feature of the said intrigue is neither fantastic nor unsubstantial. Therefore, this paper attempts an exposure of the said political intrigue in a new vein of approach. This is expected to pave a new avenue to unearth this concealed aspect of sanskrit dramatic works.

CS-35

कुमारसम्भव में 'शब्द-चयन' का सार्थक प्रयोग

डॉ मीरा शर्मा, आगरा

वर्ण्य विषय के अनुकूल शब्दों एवं वाक्यों के प्रयोग को शैलि वैज्ञानिक शब्दावली में 'चयन' कहते हैं। किसी रचयिता की सफलता का रहस्य अन्य कई गुणों के साथ-साथ इस तथ्य में भी निहित है कि वह अनेक पर्यायवाची शब्दों में से एक ऐसे शब्द का अथवा व्याकरणिक रूपों में से एक ऐसे रूप का 'चयन' करता है, जो कि उसके काव्य को प्रभावशाली, हृदयहारी, सशक्त एवं यथेष्टरूप प्रदान करता है। इस 'चयन' का मूलाधार हैं रचयिता का विवेक और उसकी विषयानुसारिणी भाव-प्रवणता।

कुमारसम्भव ऐसा ही महाकाव्य है जिसमे शब्दों के यथास्थान प्रयोग से काव्य में चमत्कार और अद्वितीयता ला देने में कवि ने कुशलता का परिचय दिया है। कवि ने शब्दों की विशाल शब्दराशि का कथ्य सन्दर्भ में अनुकूल शब्दों का चयन करते हुए कुमारसम्भव को प्रकर्षता प्रदान की है। वस्तुतः अनेक सम्भावनाओं में से एक सम्भावना का चुनाव यादृच्छिक नहीं होता है यह चुनाव भाषा के विभिन्न घटकों के संश्लेष-विशेष से नियन्त्रित होता है।

'चयन' के लिए कुमारसम्भव में प्रयुक्त शब्दों को पाँच वर्गों में विभक्त किया गया है —

१) संज्ञा शब्द चयन, २) सर्वनाम शब्द चयन, ३) विशेषण शब्द चयन, ४) क्रियापद चयन, ५) निपात चयन। पुनः संज्ञा शब्द चयन को देवतावर्ग, मनुष्यवर्ग और प्रकृति वर्ग में विभाजित किया गया है। इस शोधपत्र में यह प्रयास किया गया है कि महाकवि ने जिन संज्ञा, सर्वनाम विशेषण अथवा क्रियायों का प्रयोग किया है वह किस प्रकार कवि की अन्तः स्फुटित अभिरुचि को मूर्त रूप देने के उद्देश्य में सफल हुए हैं।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS–36

महावीरचरिते मनोविज्ञानतत्त्वम्

डा. वसन्तकुमारमिश्रः, ओडिशा

मानववादी कविः भवभूतिः स्वजनुषा संस्कृतनाट्यवाङ्मयं पल्लवीकरोति। रामकथाऽऽधारितं नाटकद्वयं महावीरचरितम् उत्तररामचरितञ्चेति, कल्पनाप्रसूतं शृङ्गाररसप्रधानं मालतीमाधवाख्यमेकं प्रकरणं रचयन्नेषः कविपुङ्गवः नाट्यकारेषु श्रेष्ठ स्थानमलङ्करोति। मनोविज्ञानानुकूलानां कथाचरित्राणां समुपस्थापनमस्य अपरेषु वैलक्षण्यमपि दृश्यते। सत्यमेतत् मानवस्य आन्तरिकक्रियाणां च परिशीलनात्मकशास्त्रस्य मनोविज्ञानस्य ज्ञानमन्तरा न कोऽपि नाट्यकारः प्रशंसाभाक् भवति न वा तस्य कृतिः सूरिभिः मान्यते। प्रसङ्गक्रमेण नाट्यमनोविज्ञानयोः कश्चन सम्बन्धः अस्त्येवेति सिद्ध्यति। रूपके पात्राणामस्थिरभावाः मानसिकसंघर्षाः असामान्यव्यवहाराश्चावलोक्यन्ते। एतेषामध्ययनं निराकरणं च मनोविज्ञानं सम्पादयति। अपि च रूपकं मानसिकं भावात्मकं चास्त, तद्वत् मनोविज्ञानं मानसिकभावात्मकक्रियाणामध्ययनं करोति। अतः द्वयोः सम्पर्कः सिद्धः।

रूपकत्रितयस्य कर्त्ता भवभूतिः स्वकृतिषु यत्र तत्र मनोविज्ञानविचारसम्मतं तत्त्वं निवेशयति। महावीरचरितमत्र तद्दृष्ट्या विचार्य्यते। सप्ताङ्कसंवलितं महावीरचरितं कवेः आद्या कृतिः। अत्र रामस्य यज्ञरक्षार्थं विश्वामित्रेण सह वनगमनादारभ्य रावणवधानन्तरं राज्याभिषेकं यावत् विषयाः वर्णिताः सन्ति। यद्यपि कथेयं प्रसिद्धा सर्वजनैर्ज्ञाता च तथापि महावीरचरितं नाट्यमेव, तत्र मनोविज्ञानानुगुण्यानां कथानां संयोजनमस्ति। तदत्र दिङ्मात्रमालोच्यते।

बालाः जिज्ञासवः भवन्तीति मनोविदां मतम्। सः सन्दर्भः महावीरचरिते स्पष्टम्। बाल्यावस्थायां विद्यमानौ रामलक्ष्मणौ विश्वामित्राह्वानेन कुशध्वजस्य आश्रमागमनं श्रुत्वा कुतूहलौ सन्तौ तं ब्रह्मर्षिं कुशध्वजविषये पृष्टवन्तौ। तयोः विस्मर भावः जिज्ञासावृत्तिश्चात्र मनोविज्ञानरीतिं समर्थयन्तः। कुशध्वजस्य परिचयं ज्ञात्वा रामलक्ष्मणौ राजानमभिवादयताम्। तयोरभिवादनेन सन्तुष्टः कुशध्वजः तावालिङ्ग्य विनोदभावमापद्यत। अत्र तस्य तयोः परिष्वजनं पैतृकमूलप्रवृत्तिं वात्सल्यस्नेहं च सूचयति।

रामः चतुर्दशवर्षार्थं सीतालक्ष्मणाभ्यां सह वनं व्रजति। गच्छता कालेन भरतस्यापि ऐकान्तिकेच्छा सोऽपि राममनुकुर्यात्। किन्तु रामः पित्रादीनां रक्षार्थं तस्मिन् भारं न्यस्यति। एतेन भरतः मोहमुपगच्छति। मातुलेन युधाजिता प्रतिबोधितोऽसौ रामपादयुगलं नीत्वा तस्य पूजनार्थं सिद्धान्तं कुरुते। रामोऽपि पादुकायुगलं प्रददाति। तदवाप्य भरतः शान्तिमधिगच्छति। अत्र प्रत्यक्षतया रामपूजनाभिलाषं मनसि कुर्वन् विफलमनाः भरतः ज्येष्ठभ्रातुः पादुकायुगले स्वीयभक्तिं समर्पयति। इदं च उदात्तीकरणं तन्त्रमुच्यते। स्वीयेच्छापूरणाभावे तादृशमनुरूपं वस्तु प्रति मनसः इच्छायाः वा प्रसारणमुदात्तीकरणमुच्यते। तथैव रामपूजनप्रत्यक्षाभावे अप्रत्यक्षरूपेण पादुकायुगले मनोभावार्पणमत्र उदात्तीकरणं रक्षणतन्त्रं प्रकाशयति। पुनरपि भ्रातुः रामचन्द्रस्य गरीयसीं गुणावलीं स्वात्मनि तादात्मीकृत्य भरतः राज्यशासनमिच्छतीति पादुकायुगलयाचनेन ज्ञायते। इदमेव तादात्मीकरणं रक्षणतन्त्रमिति मनोविज्ञानतत्त्वम्। एवमेव दिङ्मात्रपरिशीलनेन महावीरचरितं मनोविज्ञानतत्त्वावधारकं नाटकमिति निश्चप्रचं वक्तुं शक्यते।

CS–37

Contribution Of Kaviratna Puruṣottama Miśra To Sanskrit Literature

Dr. Raghunath Panda, *Utkal University*

Kaviratna Puruṣottama Miśra was a prominent writer in Sanskrit during the Post Hindu period in the history of Orissa. He is remembered by the scholars and learned men of Orissa as a versatile writer touching a good number of branches of

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

the Sanskrit Composition. But perhaps except one Saṅgīta-nārāyaṇa no other work of the poet has come down to the scholars in print, that even has been ascribed to his patron Gajapati Jagannātha Nārāyaṇa Deva of Pāralākhemuṇḍi. On thread bare analysis P.C. Tripathy has arrived at a conclusion regarding his date which comes within the 1st and last quarters of the 17th Century.

Puruṣottama had a good number of works to his credit, of which K.N. Mohapatra had given some indications basing on the Ms material preserved in the Ms library of Jayadev Orissa State Museum [*Des. Cat. Of Sanskrit Mss of Orissa* (Vol.II) pp. clii-clvii, Bhubaneswar, 1960]

Recent researches have brought to light a lot of other works to his credit which if published shall bring much laurels to the contribution of Orissa to Sanskrit literature. Some of those works are ;

1. *Subanta Padīpikā*, a treatise on Grammar,
2. *Pracaṇḍa vṛkodara*, a drama,
3. *Yamaka ṛtusaṁhāra*, a kāvya on the model of Kālidāsa's work,
4. *Nilādrināthaśatakam*, a small Kāvya,
5. *Yamaka bhāgavatam*, a mahākāvya,
6. *Saṅgītanārāyaṇaḥ*, a treatise on Music,
7. *Tālasaṁgraha*, a treatise on Music;
8. *Alaṁkārasaṁgraha*, a work on Poetics,
9. *Alaṁkāracandrikā*, a work on Poetics and so on.

Besides, he has a number of commentaries on famous Sanskrit classics. A brief outline of the works shall contain the bulk of the full paper.

CS – 38

Kalidasa and Law

Dr. Krishna Dass, Raipur

In this paper we have searched out our popular poet in the view of legal world. Mostly in his creations he has uttered the word *vidhi*. Here we are quoting a few lines from each of his literature — Lo ! kalidasa porves himself more than as an expert lawyer:—, In Raghuvaṁśam, śloka 1/6 shows the punishment according to crime only - 'yathāparādhadaṇdānāṁ...' etc. śloka 14/39,73 - desertation of pregnant wife

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

was condemned by dignity like Maharṣi Vālmikī even if he might be a king "*tvāṁ pratyakasmātkaluṣa pravṛttāvastyeva manyuḥ*" etc. In Kumārasaṁbhavam, śloka - 6/16 repeatedly *vidhi* word '*vidhinā hutam*'. In Meghadūtam, banishment of *Yakṣa* is still today in vogue e.g. in Sibeira - "*śāpenāstaṁgamitamahimā varṣabhogyeṇa... śāpānto me...*" once more the world *vidhi* is prominent "*vidhivaśādpūrabandhurgatā'haṁ*". In Ṛtusaṁhāram, extra marital relation is highlighted śloka-2/7 "*striyaḥ suduṣṭā iva... jātivibhramāḥ prayānti*". In Śākuntalam, "*dasyu*" word is for professional thief (*aṅka-5*). *aṅka* - 6 — Thief, small police, high police personnels all are found in the same act -

baddhaṁ kumbhīraka

rakṣiṇau

śyāla = nagara rakṣaka-rāṣṭrīya.

These word are indicatory.

Succession Law - is a main feature of Indian penal code - then too *dhanimitra* without any successor is forced to transfer his property to the state - "*anapatyaśca arthasaṁcaya rājagāmī* in Vikramorvaśīyam.

Aṅka-2 "*nyāyāsana*" word indicates the judge's prestigious seat - "*priyavayasyo... dharmāsanasamutthita*. *Aṅka*-5 again the word *vidhi* - "*nirvartyatāṁ śeṣo vidhiḥ*".

In Mālavikāgnimitram, while '*dasyu*' is petty theif, here '*taskara*' is notorious dacoits - in the dark world of crime - "*sārthavāhayoddhārastaskaraiḥ...*"

In sum, we have gone through the ancient law-makers Manu's laws and by laws which are still prevailing in Hindu law and even international law.

CS–39

ज्योतिषेतरग्रन्थेषु शकुनवर्णनम्

डॉ. जनार्दन प्रसाद पाण्डेयः, उत्तरप्रदेश

संस्कृत महाकाव्येषु, नाटकेषु, पुराणेषु च बहवः शुभाशुभानिमित्तसूचकाः, शकुनसन्दर्भाः वर्णिताः सन्ति। किन्तु शकुनवर्णनात्पूर्वं शकुनपदस्य निष्पत्तिविषये, प्रयोजनविषये, वर्गीकरण विषये, ज्ञापकत्वादिविषये विचारः परमावश्यको वर्त्तते। शकुनपदस्य निष्पत्तिः शक्नोति शुभाशुभं विज्ञातुमनेनेति शकुनमिति।

१. येन शुभाशुभर्योज्ञानं कर्तुं शक्यते तत् शकुनमिति कथ्यते।

शकुनस्य प्रयोजनं तु भाविशुभाशुभनिमित्तसूचनामात्रमेव। यथोक्तम् अग्निपुराणे -

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

तिष्ठतो गमने प्रश्ने पुरुषस्य शुभाशुभं ।
निवेदयन्ति शकुना देशस्य नगरस्य च ॥ - "अग्निपुराणम्" अध्यायः २३१

वर्गीकरण दृष्ट्या विचार्यमाणे षड्वर्गा भवितुमर्हन्तीति अग्निपुराणकारस्यमतं तेषां मते समयदिग्देश-करणरुतजातिभेदतः षड्भेदाः भवन्ति। अस्मिन् सन्दर्भे अग्निपुराणकारस्य विचारणा ईदृशी वर्तते। यत् -

षट्प्रकारा विनिर्दिष्टाः शकुनानाञ्च दीप्तयः।
वेलादिग्देशकरणरुतजाति विभेदतः।
पूर्वा पूर्वा च विज्ञेया सा तेषां बलवत्तरा ॥" - अग्निपुराणम् अध्यायः - २३१

शुभफलप्रदानि शकुनानि शान्तानि कथ्यन्ते। अशुभफलप्रदानि दीप्तानि।

यथोक्तम् अग्निपुराणे -

सर्वः पापफलो दीप्तो निर्दिष्टो दैवचिन्तकैः।
शान्तः शुभफलश्चैव दैवज्ञैः समुदाहृतः॥" - अग्निपुराणम् अध्यायः - २३१/२

वैज्ञानिक दृष्ट्या विचार्यमाणे शकुनानां विभागः पञ्चधा कर्तुं शक्यते।

१. पशुपक्ष्यादि गतानि। २. शारीरिकक्रियादिगतानि।
३. प्राकृतिकतत्त्वप्राप्तानि। ४. स्वप्नाश्रितानि। ५. ग्रहोपग्रहादिसम्बद्धानि

CS-40

भट्टिकाव्य की धर्मशास्त्रीय रचना-दृष्टि

डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

संस्कृत महाकाव्यों में पाण्डित्य-प्रदर्शन की जिस परम्परा का प्रारम्भ कहाकवि भारवि से हुआ, भट्टि उसी परम्परा की अगली कडी है। पाण्डित्य के साथ-साथ कालिदास की-सी सरसता भट्टिकाव्य को गौरवान्वित करती है। व्याकरण के दुरूह नियमों को समझाने वाले २२ सर्गों के इस महाकाव्य में धर्मशास्त्रीय जीवनादर्शों का प्रचुर सन्निवेश हुआ है। गौतमधर्मसूत्र (२/२/४), मनुस्मृति (७/११, २६, ४३, ८६) तथा याज्ञवल्क्यस्मृति (१/३०९-३११) आदि में राजा को जितेन्द्रिय, पवित्र, पराक्रमी, विद्वान्, यज्ञकर्ता तथा गुणी सहायकों से युक्त होने का विधान किया गया है। भट्टिकाव्य में राजा दशरथ के चरित में वे सभी गुण समाहितहैं जो धर्मशास्त्रानुमोदित राजगुण हैं (भट्टिकाव्य ५/७७-७९, ९८)। राजा के कर्त्तव्यों का निर्धारण करते हुए धर्मशास्त्रकारों ने प्रजारक्षण को सर्वाधिक महत्त्व प्रदान किया है (मनुस्मृति - ७/१४४, याज्ञवल्क्यस्मृति १/३३४, ३३५)। भट्टिकाव्य में विभीषण के प्रति राम के कथन में इसी भाव को व्यंक्त किया गया है (१९/२७, २८)। बौधायनधर्मसूत्र में प्राणि-रक्षार्थ शास्त्रधारण को क्षत्रिय का प्रमुख कर्त्तव्य कहा गया है। (१/१०/१८/३)। इसी प्रकार मनुस्मृति (७/१३, १६, २०) तथा याज्ञवल्क्यस्मृति (१/३३८, ३५४) में दुराचारी को दण्ड देने तथा सदाचारी की रक्षा का निर्देश राजा को दिया गया है। भट्टिकाव्य में मारीचि-वध (२/३६) तथा ताडका-वध (५/४०) आदि सन्दर्भों में इसी धर्मशास्त्रीय मन्तव्य का समर्थन किया गया है। धर्मशास्त्रों में परदाराभिमर्श की निन्दा करते हुए कहा गया कि परस्त्रीगमन से बढकर कोई दूसरा पाप नहीं (मनुस्मृति - ४/१३४, ९/४१)। यह अक्षम्य अपराध है जिसका प्रतिकार राम ने बालि-वध द्वारा किया (भट्टिकाव्य ६/२९)। मृत्यु के पूर्व बालि ने इस

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कृत्य के लिए जब राम की भर्त्सना की तब राम ने धर्मशास्त्रों का प्रमाण देकर इसका औचित्य सिद्ध किया (भट्टिकाव्य ६/१३६, १३९)। धर्मशास्त्र-विरुद्ध आचरण रावण के चरित में चित्रित हुए हैं अतः राम ने उसका वध किया (भट्टिकाव्य ५/९१-९३)। धर्मशास्त्र विपरीत आचरण मनुष्य को पतित कर देता है (याज्ञवल्क्यस्मृति ३/२१९)। रावण का पतन हुआ क्योंकि वह सारहीन अधर्म को स्वधर्म मानता है (भट्टिकाव्य ९/१३१)। भट्टिकाव्य में धर्मशास्त्रानुमोदित पुरुषार्थों तथा विवाह, उपनयन, अन्त्येष्टि आदि संस्कारों का भी यथास्थान चित्रण हुआ है (१/९, १६ तथा ३/३५)।

CS–41

Kauṭilya's Obervations On Customs Duty

Ms Meena Kumari Devi, Assam

Kauṭilya, the great exponent of political, social and economic thought of ancient India, had incorporated his views in his grand *Arthaśāstra*. This famous treatise contains discussion on trade and commerce also. Kauṭilya speaks of export and import and virtually disscussion on the revenues due from trade enjoys much importance. The proposed paper aims at highlighting the salient features of Kauṭilya's views in respect of tariffs to be collected by the government from external and internal trades.

CS–42

Some Observations On The ŚrīKṛṣṇalīlāmṛtam

Dr. Dipak Kumar Sharma, Gauhati University

The ŚrīKṛṣṇalīlāmṛtam is a piece of Sanskrit Kāvya, authored by late Baikunthanath Chakravarty, a reputed Sanskrit scholar of Assam. The book, published in 1961, deals with the exploits of Lord Kṛṣṇa since his childhood upto the famous Rāsa sport. As can be assumed from the theme, the Kāvya is based primarily on Bhāgavatapurāṇa. However, the poet has exhibited his singularity in respect of treatment of the theme, uses of figures of speech, handling of metres and in respect of other elements of poetic importance. The proposed paper aims at highlighting the literary significance of the Kāvya from various perspectives.

CS–43

संस्कृत भाषा के सरलीकरण में पञ्चतन्त्र का योगदान : एक समीक्षा

डॉ. तुलाकृष्ण झा, बिहार

संस्कृत विश्वभाषा में प्राचीनतम एवं समृद्धतम है। इसका इतिहास दीर्घकालिक है। इसमें लिखित वाङ्मय प्रभूत है। आधुनिक युग में संस्कृत को कठिन भाषा जानकर उसे जनसमूह की वाचिक भाषा बनाने के लिए सरल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

भारत में संस्कृत के सरलीकरण का प्रयास प्राचीनग्रन्थों में भी दिखाई पडता है। पञ्चतन्त्र सरल संस्कृत भाषा में उपनिबद्ध प्रथम प्राचीनतम ग्रन्थ है। इसकी भाषा सरल बोलचाल की भांषा है। विभिन्न पात्रों के बीच भावाभिव्यक्ति हेतु लघुतम वाक्यों का अधिकांश प्रयोग किया गया है। लघुकाय सामसों के प्रयोग, लट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन में तिङन्त पदों के प्रभूत प्रयोग तथा कर्तृवाच्य के अधिकांश प्रयोग इसकी विशेषता है। संस्कृत सम्भाषण की दृष्टि से पञ्चतन्त्र एक आदर्श ग्रन्थ है। प्रस्तुत शोधनिबन्ध में संस्कृत के सरलीकरण के विविध उपाय तथा पञ्चतन्त्र में इनके आदर्श एवं प्रभूत प्रयोगों की गम्भीर समीक्षा की गई है।

CS–44

भासस्य नाट्यकृतिविषये किञ्चित् नवीनं समीक्षणम्

डा. अमलेन्दु पाडिया, पश्चिमवंग

संस्कृतनाट्यजगति महाकविः भासः अलोकसामान्यप्रतिभायाः अधिकारी। तस्य कृतयः अद्यापि सहृदयानां हृदयं समाकर्षन्त्येव। शब्दचयननैपुण्ये प्राकृतिकदृश्यवर्णने चरित्रचित्रणे चरित्रानुगभाषाप्रयोगे नाट्यकौशलचातुर्य्यै छन्दःप्रयोगमाहात्म्ये प्रसादादिगुणगरिम्ने घटनाविन्यासस्य परिपाट्ये भावसमृद्धौ च तस्य दक्षता नितरां परिलक्ष्यते। महाकवेः लेखनीस्पर्शन नाटकानि कीदृशानि रमणीयानि जातानि तानि सर्वाणि प्रवन्धेऽस्मिन् परिस्फुटितानि भवेयुः।

CS–45

The Meaning Of 'Aśvatarī' Used In A Verse of The Cāṇakya-Nīti-Śāstra

Kali Sadhan Dhar, Kolkata

There is a verse in the Cāṇakya-nīti-śāstra which runs thus :
sakṛdduṣṭañca mitraṁ yaḥ punaḥ sandhātumicchati /
sa mṛtyumupagṛhṇati garbhamaśvatarī yathā //

It means : a person having friendship with a person who has already done harm to him perishes like a she-mule (aśvatarī). An 'aśvatarī' dies as it conceives - this is a common belief. But the science of zoology does not support this. According to some 'aśvatarī' is a green-melon creeper. But that also does not appear to be a correct interpretation, since it is a general character of any 'oṣadhi' creeper. According to some, 'aśvatarī' is a type of crab while to others it is a type of snake. In the background of these various opinions, we shall try to find out the possible meaning of the word following the context.

CS–46

कौटिल्य का अर्थशास्त्र और वर्तमान राजनीति

डॉ. कुमरपाल, हाथरस

आचार्य कौटिल्य का अर्थशास्त्र भारतीय राजनीति का विश्वप्रसिद्धग्रन्थ है।इसकी खोज सर्वप्रथम सन् १९०५ में आर.शामशास्त्री ने की थी।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अर्थशास्त्र में मनुष्य के अर्थ (धन) सम्बन्धी प्रत्ययों का बिवेचन होता है लेकिन आचार्य कौटिल्य ने एक विशेष प्रकार से परिभाषा दी है -

मनुष्याणां वृत्तिरर्थः मनुषयवती भूमिरित्यर्थः ।
तस्या पृथिव्या लाभ पालनोपायः शास्त्रमर्थशास्त्रमिति ॥

अर्थात् मनुष्यों की आजीविका को अर्थ कहते हैं , मनुष्यों से युक्त भूमि को भी अर्थ कहते हैं ।भूमि को प्राप्त करने और उसकी रक्षा करने वाले उपायों का निरूपण करने वाले शास्त्र को अर्थशास्त्र कहते हैं । उस परिभाषामें अर्थनीति, कूरनीति, परराष्ट्रनीति और दण्डनीति को समाहित किया गया हे ।

आचार्य कौटिल्य ने समाज के क्षुद्ध वर्ग में भय व्याप्त करने हेतु दैवी सिद्धान्त को मानते हुए सामाजिक समझौते के सिद्धान्त का समर्थन किया है । समाज की अराजकता से पीडित जनसमुदाय ने वैवस्वत् मनु को अपना राजा बनाया । इन्होंने राजतन्त्रीय व्यवस्था का समर्थन करते हुए उसे लोकतन्त्रीय बनाया है । राज्य के कार्यो को व्यवस्थापिका, कार्यकारिणी और न्यायपालिका में विभक्त करके उसे कल्याणकारी स्वरूप प्रदान किया हैं । कौटल्य ने राजा को निर्देश दिया है कि समस्त कार्य मन्त्रिपरिषद् कि सलाह से करे । वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के संचालन में कौटिल्य का मण्डल सिद्धान्त बहुत ही उपयोगी है । इसकी शाश्वत् मान्यताएं शक्ति गुरूत्वाकर्षण का केन्द है - प्रत्येक राज्य को अधिकतम शक्तिशाली बनाना चाहता है; इस सम्बन्ध में अमेरिका जैसे देशों को आज भी देख सकते है; मण्डल के द्वारा युद्धकी सम्भावनाएं कम होती हैं विजिगीषु का पडोसी हमेशा शत्रु होता है । भारत-पाक के सम्बन्ध में देखा जा सकता है ।

षाड्गुण्य सिद्धान्त में सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय और द्वैधीभाव का प्रयोग अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के संचालन में प्रत्येक राष्ट्राध्यक्ष को करना पडता है अन्यथा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में सफल नहीं हो सकता है । अरब- इजरइल, भारत-पाकिस्तान, भारत व चीन आदि विवादों में ; विश्व के प्रभावशाली देश अमेरिका आदि ने रण नीतियों का प्रयाग किसी न किसी रूप में किया है । कूरनीति के चार उपायों साम, दान, भेद और दण्डनीति का प्रयोग आज भी हमारे राजनेता करते हुए देखे जा सकते हैं ।

CS-47

चमत्कार - काव्य का अपरिहार्य तत्त्व

रुबी, दिल्ली

आचार्य क्षेमेन्द्र चमत्कार को काव्य का आवश्यक तत्त्व के रूप में स्वीकार करते हैं । उनके अनुसार चमत्कार के बिना काव्य-रचना को सिर्फ पद्य-रचना समझा जाना चाहिए एवं उसकी गणना काव्य की श्रेणी में नहीं की जानी चाहिए । क्षेमेन्द्र से पहले चमत्कार एवं उसके समानार्थक शब्दों का प्रयोग यद्यपि भामह कुन्तकादि आचार्यें ने किया है, परन्तु उसको नामतः काव्य का आवश्यक तत्त्व स्वीकार कर इसका वर्गीकरण सर्वप्रथम क्षेमेन्द्र ने ही किया है ।

क्षेमेन्द्र[१] ने चमत्कार का दशविध वर्गीकरण किया है । चमत्कार की एवं उसके समानार्थक हृदयता, सौन्दर्य, चारुता, रमणीयता आदि की कल्पना नई नयी है । इसे भामह से लेकर क्षेमेन्द्र के पूर्ववर्ती कुन्तकादि आचार्यें ने अपने ग्रन्थमें खूब प्रयोग किया है । भामह ने काव्यालंकार में 'कान्त[२]', 'अलंकार' एवं 'अलंकृति[३]', 'चारुता[४]', 'सौन्दर्य'[५] शोभा इत्यादि का खुल कर प्रयोग किया है । दण्डी का सुन्दर[६] एवं रूद्रट का वैचित्र्य शब्द चमत्कार का पर्याय है । आनन्दवर्धन ने स्पष्टतया चमत्कृति[७]

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शब्द का प्रयोग किया है। पं.जगन्नाथ[८] तो काव्य का लक्षण ही रमणीय अर्थ के प्रतिपादक शब्द को मानते हैं।

क्षेमेन्द्र के परवर्ती परम्परा में विश्वेश्वर कविचन्द्र ने 'चमत्कार-चन्द्रिका' नामक ग्रन्थ में चमत्कार के होने के सात कारणों की चर्चा की है एवं उसी के आधार पर काव्य का त्रिविध विभाजन भी किया है। इसके बाद १८वीं शताब्दी के हरिप्रसाद माथुर तो अपने ग्रन्थ 'काव्यालोक' में काव्यकी आत्मा ही 'चमत्कार' को मानते हैं।

इस प्रकार काव्य में चमत्कार की इसी अपरिहरणीयता एवं 'महत्ता' के कारण प्रस्तुत शोधपत्र में मेरा प्रयास "चमत्कार किस प्रकार काव्य का अपरिहार्य तत्त्व है एवं इसकी काव्य में क्या स्थिति है" - पर प्रकाश डालना है।

१. कविकण्ठाभरण, तृतीय संधि
२. काव्यालंकार १/६
३. तत्रैव १/१३
४. तत्रैव १/५५
५. तत्रैव १/५५
६. काव्यादर्श १/७
७. ध्वन्यालोक
८. रसगंगाधर

CS-48

नैषधीय चरितम् में दाम्पत्य सौख्य

डॉ. सुधा बाजपेयी, लखनऊ

नल और दमयन्ती के प्रणय से संबंधित अद्‌भुत् वस्तु-तत्त्व से संवलित श्रीहर्ष रचित 'नैषधीय चरितम्' बडे बडे पाण्डित्य प्रकाशक कवियों के लिए दर्प ध्वंस कारक बना —

'उदिते नैषधे काव्ये क्व माघः क्व च भारवि ?' इसका कारण आलोच्य महाकाव्य से जुडा हुआ समाज व्यवस्थापरक सहज आस्वाद का संप्रेषण भी है। ग्रन्थ के प्रथम सर्ग से लेकर पंद्रहवें सर्ग तक जिस प्रकार नायक एवं नायिका का स्वरूप विवेचन, उनका परस्पर अनुराग, दमयन्ती का पूर्वराग एवं नल द्वारा नायिका को प्राप्त करने का सात्विक किन्तु सक्रिय प्रयास, मध्य में देवों के द्वारा व्यवधान और दमयन्ती की प्रार्थना पर देवों के आशीर्वाद से नल द्वारा उसका पाणिग्रहण इत्यादि का सुरुचिपूर्ण विश्लेषण हुआ है। पुनः महाकवि ने गृहस्थाश्रम की ओर अग्रसर नायक तथा नायिका का सुन्दरतम चित्र प्रस्तुत किया है।

"वृतः प्रतस्थे स रथैरथोरथी गृहान्विदत्त्वरर्भाधिपतेर्धराधिपः।
पुरोधसं गौतममात्मवित्तमं द्विधा पुरस्कृत्य गृहीतमङ्गलः॥" (नैष - १६/१)

विवाह के पश्चात् नल एवं दमयन्ती का दाम्पत्य सौख्य मानव मात्र के लिए जीवनोत्कर्ष कारक मानक के रूप में माना जा सकता है। महाकवि श्रीहर्ष की लेखनी का संस्पर्श पाकर यह विषय अद्‌भुत् और उत्तमोत्तम बन सका है। नल-दमयन्ती के प्रथम मिलन रात्रि का रुचिर वर्णन कर ग्रन्थ की समाप्ति होती है। 'नैषध' श्रीहर्ष के काव्यों का अलङ्कार है। श्रीहर्ष श्रृङ्गार कला के कवि हैं, परन्तु उनका श्रृङ्गार वर्णन हृदय का स्वाभाविक उदगम न होकर वात्स्यायन के 'काम सूत्र' पर आधारित शास्त्रीय विवेचन की अपेक्षा रखता है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS–49

आहार्याभिनय का स्वरूप तथा भेद : एक विवेचन

डॉ. हर्ष कुमार मेहता, होशियारपुर

आहार्याभिनय का सम्बन्ध नेपथ्य से है, यह ऐसी विधि है जिसमें "पूर्वाहरण" होता है अथवा अभिनेता के प्रयोगार्थ सामग्री को उसके शरीरादि पर नेपथ्य में ही प्रयुक्त कर रसनिष्पत्ति के लिए उचित रूप से निष्पादन किया जाता है। इसलिए इसे "निपथ्यज" भी कहा गया है। यह इसका सीमित अर्थ है। व्यापक अर्थ में जो कुछ भी ब्राह्य रूप से लाकर अभिनेता के प्रयोगार्थ नेपथ्यज अथवा मञ्च पर प्रस्तुत साम्रगी होती है, सभी, आहार्य के अन्तर्गत आ जाती है।

आहार्याभिनयो नाम ज्ञेयो नेपथ्यजो विधिः। तत्र कार्यः प्रयत्नस्तु नाट्यस्य शुभमिच्छता॥

इस परिभाषा में दो बातें महत्त्वपूर्ण हैं। एक तो आहार्याभिनय नेपथ्यज है, दूसरे शब्दों में नाट्यारम्भ से पूर्व ही की जाने वाली सामग्री का जुटाना तथा सर्वप्रकारेण बाह्य सज्जा है। दूसरा इसका उद्देश्य है "नाट्य के शुभ" अथवा श्रेष्ठ, अधिक सुन्दर, पूर्ण नाट्य की पूरक होना। अर्थात् नाटक को महत्वपूर्ण बनाने के लिए नेपथ्यज कार्य में पात्रों का वयोऽनुरूप तथा प्रकृतिगत वेशविन्यास, अलंकार, परिधान, अङ्गरचना तथा रङ्गमञ्च पर निर्जीव लौकिक पदार्थों और सजीव जन्तुओं के नाट्यधर्मी प्रयोग को ही आहार्याभिनय माना गया है। भरत ने नाट्यरस के सन्दर्भ को लेकर ही पात्र की नाना प्रकृतियों तथा रति, शोकादि नानावस्थाओं के अनुसार ही तदनुरूप वर्णरचना ओर वेशरचना का विधान किया है। इस शोध-पत्र में आहार्याभिनय के स्वरूप तथा भेदों का विशद विवेचन किया गया है।

CS–50

सन्ध्याकरनन्दिन् कृत 'रामचरितम्' काव्य में प्रयुक्त श्लेष

डा०. रेखा शुक्ला

संस्कृत काव्य की अनवरत प्रवाहमान धारा में महाकवि भारवि के आविर्भाव के साथ ही परिवर्तन की दिशा परिलक्षित होती है। महाकवि कालिदास की रससिद्ध शैली का स्थान अलङ्कारप्रधान शैली ने ले लिया। अष्टम शती से तेरहवीं शताब्दी के मध्य यमकमय एवं श्लेषमय काव्यों की रचना होने लगी। इस प्रकार के काव्य दो या दो से अधिक आश्रमदाताओं को लेकर विरचित किए गए। सन्ध्याकरनन्दिन् कृत 'रामचरितम्' काव्य भी इसी परम्परा में प्राप्त होता है। इसका समय विभिन्न अन्तःसाक्ष्यों एवं ब्राह्म साक्ष्यों के आधार पर बारहवीं शताब्दी स्वीकार किया जा सकता है। प्रस्तुत काव्य में रामायण की कथावस्तु को एक ही काव्य के कलेवर में ग्रंथित किया गया है। रामायण के विविध प्रसङ्ग यथा राजा दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति, ताडकावध, रामवनवास, रावणद्वारा सीतापहरण,युद्धवर्णन, रावणवध, अयोध्यापुनरागमन इत्यादि प्रस्तुत किए गए है।द्वितीय पक्षमें राजा रामपाल, उसके शत्रु भीम के साथ युद्ध वर्णन, राजा रामपाल द्वारा अपनी पैतृक भूमि वरेन्द्रीको हस्तगत करने का प्रसङ्ग किया गया है।

प्रस्तुत काव्य में श्लेष के सभङ्ग, अभङ्ग तथा सभङ्गाभङ्ग तीनों भेद दृष्टिगत होते है। यद्यपि सभङ्ग श्लेष का क्षेत्र अभङ्गश्लेष की अपेक्षा अधिक विस्तृत प्रतीत होता है। वंशावली , अन्तर्कथा, चेतन तथा अचेतन का समन्वय, नारी सौन्दर्य, रसवर्णन, चरित्रचित्रण, वर्णसङ्गीत आदि विषय सभङ्ग श्लेषके माध्यम से प्राप्त होता है तथा शास्त्रज्ञान, राजनैतिक वर्णन एवं ऐतिहासिक वर्णनों में अभङ्गालङ्कार की भङ्गिमा प्राप्त होती है। श्लेष अलङ्कार के अतिरिक्त अन्य अलङ्कारों के भी प्रयोग दृष्टिगत होते है किन्तु प्रधानता श्लेष की है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS–51

Excellecnce of Bāṇabhaṭṭa As A Poet

(With Special Reference To His Harṣacarita)

Mr. Goutam Choudhury, Assam

Bāṇabhaṭṭa is the master poet in the constellation of Sanskrit poets. His Harṣacarita is the world famous Ākhyāyikā written in the early half of the 7th century A.D. Though this work possesses a great historical value, Bāṇa has made a successful effort in Harṣacarita to make it stand as a fine piece of ornamental poetry as well. The Harṣacarita represents all the poetic phenomena : from characterisation to description, from sentiment to suggestion, from diction to figures of speech, from poetic convention to imagery etc.

In the proposed paper, an attempt has been made to highlight some of the poetic elements found in the Harṣacarita, which undoubtedly exist in favour of the writer, so far literary excellence is concerned.

CS–52

शाकुन्तल की विस्मरण-स्मरण की संघर्ष-यात्रा का मनोविश्लेषण

डॉ. गोपाल शर्मा, गुजरात

अभिज्ञान शाकुन्तलम् में विस्मरण-स्मरण, स्मरण-विस्मरण मनोव्यापारों से उत्पन्न अन्तः-बाह्य संघर्ष की यात्रा का सुन्दर निरूपण है। मनुष्य का मस्तिष्क तीन भागों मे विभाजित है - अचेतन, अर्द्धचेतन एवं चेतन। शाकुन्तल में मनुष्य के चेतन एवं अचेतन मस्तिष्क की पृष्ठभूमि में अर्द्धचेतन मस्तिष्क को पूर्ण चेतन बनाने की प्रयत्न-प्रक्रिया है। जिससे चेतन भाव से समस्त क्रिया-व्यापार संभव हो सके। अचेतन मस्तिष्क में इस जन्म एवं पूर्वजन्म के संस्कार, क्रिया-कलाप सुषुप्त रूप में होते हैं, पर चेतन मस्तिष्क पर कोई घटना-कारण इस तरह छा जाता है कि अचेतन मस्तिष्क के संस्कार प्रकट नहीं हो पाते, और कभी ऐसा भी होता है कि अचेतन के संस्कार प्रकट होना चहते हैं, पर चेतन उन पर रोक लगा देता है। जिससे दोहरा संघर्ष उत्पन्न होता है। दुष्यन्त एवं शकुन्तला के जीवन का यही दोहरा मनोसंघर्ष कृति को श्रेष्ठता प्रदान करता है।

शाकुन्तल के आरंभ "सम्यगनुबोधितोऽस्मि। अस्मिन् क्षणे विस्मृतं खलु....." ॥ से लेकर सप्तम अंक के "शापादासि प्रतिहता स्मृतिरोधरुक्षे... सुलभावकाशा"। तक विस्मरण-स्मरण यात्रा का मनोसंघर्ष निरूपित है।

प्रस्तुत लेख में विशेष रूप से शकुन्तला के 'प्रत्याख्यान' एवं 'अभिज्ञान' प्रसंगों के संघर्ष को उपर्युक्त संदर्भ में रखकर मनोविश्लेषण किया गया है। साथ में यह भी दर्शाया गया, जिसे फ्रायड "लिबिडो" कहते हैं, वह मूल काम चेतना किस तरह चेतन-अचेतन को प्रभावित कर व्यवधान डालती है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS–53

आधुनिक महाकवि ब्रह्मदत्त वाग्मी का साहित्यिक अवदान

डॉ. हरि सिंह शास्त्री, रादौर

संस्कृत साहित्य में ब्रह्मदत्त वाग्मी की गणना आधुनिक महाकवियों में की जाती है। वैसे तो समय समय पर भारत की इस पवित्र भूमि पर अनेक विद्वान् एवं कवि जन्म लेते रहे हैं और अपनी अमर कृतियों द्वारा संस्कृत साहित्य के भंडार को भरने में अपना अपूर्व सहयोग करते रहे हैं। संस्कृत साहित्य की यह परम्परा आधुनिक युग में भी अबाधगति से अग्रसर है। सम्प्रति भी अनेक कवि एवं महाकवि इस परम्परा को महत्त्वपूर्ण अवदान दे रहे हैं। जिन में हरियाणा प्रदेश में ब्रह्मदत्तवाग्मी का बहुत योगदान है।

यह हरियाणा के लिये बहुत गौरव की बात है कि इस प्रदेश में संस्कृत के बहुत बडे विद्वान एवं महाकवि हुए जिन का नाम भारत के संस्कृत महा कवियों की परम्परा में बहुत आदर के साथ लिया जाता है। संस्कृत साहित्य के लिए देन अनूठी है। ये संस्कृत के महान विद्वान हैं। इन की पैनी प्रतिभा से कोई विषय अछूता नहीं रहा है। व्याकरणशास्त्रके ये सूर्य हैं तो ज्योतिषर्शास्त्र में अतीव पारंगत हैं। वेदों के महान् ज्ञाता तो दर्शन शास्त्र में उद्‌भट। चिकित्सा एवं वास्तु कला में भी ये दक्ष हैं। इन्होंने साहित्य जगत् को जो कुछ दिया वह किसी से छुपा नहीं है। एक नहीं अपितु कई शास्त्रों का इन्होने अवदान किया है।

CS–54

कालिदासस्य काव्येषु लोकधर्मितत्वानि

मनोज कुमार पाण्डेय, रांचि.

कालिदासस्य मेघदूतकुमारसम्भवरघुवंश काव्यानि लघुत्रयी नाम्ना प्रसिद्धानि सन्ति। लघुशब्दः सरलतायाः मधुरतायाः च व्यञ्जकोऽस्ति।तात्पर्यमिदं विद्यते यस्य काव्यस्य सारल्येन माधुर्यभावेन अध्ययनानन्तरं ब्रह्मानन्दस्य अनुभूतिः भवति तदेव लघुकाव्यमस्ति। कालिदासस्य सर्वेषु काव्येषु ललितप्रसादपूर्णा वैदर्भीरीति प्रयुक्तास्ति। तस्य काव्येषु कुत्रापि काठिन्यस्य दुरूहतायाः अस्वाभाविकतायाः प्रयोगः न परिदृश्यते।

कालिदासः न केवलं भारतस्य अपितु विश्वस्य कविरस्ति। तस्य सर्वाणि काव्यानि लोकजीवनेन सह सम्बन्धितानि सन्ति। सः लोकजीवनस्य श्रेष्ठः व्याख्याकारोऽस्ति।

कुमारसम्भवम् अस्य कवेः प्रथमं महाकाव्यमस्ति। अस्मिन् काव्ये तस्य युवकालस्य, शिवशक्तिभक्तेः नारीणां सौन्दर्यस्य च स्वाभाविकम् आकर्षकञ्च वर्णनं विद्यते। नारीणां वास्तविकं स्वरूपं, समर्पणं च शिवपार्वतीजीवने दृश्यते। ईश्वरीयलीलेयं मानवीयरूपेण कविना चित्रिता विद्यते। नारीणां विषये विश्वकविना यदवलोकितं तद् स्पष्टरूपेण सांसारिकाध्यात्मिकरूपेण च काव्यमयावरणे प्रस्तुतीकृतम्।

रघुवंश महाकाव्ये स्वयुगस्य पर्यावरणं मानवीयमनोवृत्तिञ्च अवेक्ष्य आदर्शचरित्रं कविना प्रस्तुतम्।रघवंश महाकाव्ये भारतीयवैभवस्य संस्कृतेः विकासस्य महत्त्वपूर्णं वर्णनं विद्यते।काव्यमिदं भारतीयसम्राजस्य चेतनं प्रस्तौति। राज्ञां कृते प्रजापालनं तेषां कल्याणमेव सर्वस्वं विद्यते। राज्ञः दिलीपस्य चित्रणं लोकजीवनस्य सर्वोत्तममुदाहरणमस्ति।

मेघदूतम् यक्षस्य विरहव्यथायाः स्वाभाविकं वर्णनं प्रस्तौति। मानवस्य प्रेमपूर्णहृदयस्य सम्यक् विवेचनमस्मिन् काव्ये सर्वत्रैव दृश्यते। इत्थं लोकधर्मतत्त्वनिरूपणे कालिदासस्य काव्यानि पूर्णरूपेण समर्थानि सन्ति।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS–55

क्षेमेन्द्र की समाजचिन्ता : एक समीक्षा

प्रेमलता कुमारी, बिहार

संस्कृत में समाज सुधारक कवियों की एक परम्परा रही है। उनमें अन्यतम है- महाकवि क्षेमेन्द्र। कश्मीर की तात्कालिक सामाजिक परिस्थिति ने क्षेमेन्द्र का ध्यान समाज की ओर आकृष्ट किया। क्षेमेन्द्रने सामाजिक उत्थान के लिए, समाज की बुराइयों के विनाश के लिए अनेक उपदेशात्मक ग्रन्थों की रचना की।उनमें 'दर्पदलन' अन्यतम है। कवि ने अहंकार को मनुष्य का प्रधान विनाशक तत्व माना है तथा इसके कारण के रूप में प्रमुख रूप से कुल, धन, विद्या, रूप, शौर्य, दान तथा तप को स्वीकार किया है।

प्रस्तुत निबन्धमें मद के उपर्युक्त कारणों की समीक्षाकर उसके त्याग के उपाय बतलाकर सामाजिक उत्थान की दिशा में एक लघुतम प्रयास किया गया है।

CS–56

मल्लिनाथकी रघुवंशीय टीकाओं में सदर्भित कोषवैविध्यका कारण

प्रा. डेस्डिमोना जे पटेल, अहमदाबाद

मूल कविके प्रयुक्त किए हुए शब्दप्रयोंगो को समझाने के लिए टीकाकार अनेक स्थल पर शब्दकोषों का उदाहरण देते हैं। जैसे कि —

"मन्दः कवियशः प्रार्थी गमिष्याम्युपहास्यताम्।
प्रांशुलभ्ये फले लोभादुद्बाहुरिव वामनः॥ - (रघुवंशम् : १-३)

मन्द इति। किं च मन्दो मूढः। मूढाल्पापटुनिर्भाग्या मन्दाः स्युः इत्यमरः। तथाऽपि कवियशः प्रार्थी कवीनां यशः काव्यनिर्माणेन जातं तत्प्रार्थनाशीलोऽहं प्रांशुनोन्नतपुरुषेण लभ्ये फले फलविषये लोभादुद्बाहुः फलग्रहणयोच्छ्रितहस्तो वामनः खर्व इव। खर्वो ह्रस्वश्च वामनः इत्यमरः। उपहास्यतामुपहासविषयताम्। 'ऋहलोण्यत्' इति ण्यप्रत्ययः। गमिष्यामि प्राप्स्यामि॥३॥"

यह स्वाभाविक है कि टीकाकार मूल श्लोक के कठिन शब्दों को समझाने के लिए जो भी एक कोष एक बार प्रयुक्त करे वही कोषग्रन्थ अपने आलोचना ग्रन्थ में अनेकत्र प्रयुक्त करते हैं। जैसे कि —

"आस्वादवद्भिः कवलैस्तृणानां कण्डूयनैर्दंशनिवारणैश्च।
अव्याहतैः स्वैरगतैः स तस्याः सम्राट् समाराधनतत्परोऽभूत॥ - (रघुवंशम् : २-५)

आस्वादवद्भिरिति। सम्राट मण्डलेश्वरः। 'येनेष्टं राजसूयेन मण्डलस्येश्वरश्च यः। शास्ति यश्चाज्ञया राज्ञः स सम्राद इत्यमरः। स राजा आस्वादवद्भिः रसवद्भिः स्वादयुक्तैरित्यर्थः। तृणानां कवलैर्ग्रासैः। 'ग्रासस्तु कवलः पुमान्'। कण्डूयनैः खर्जनैः। दंशानां वनमक्षिकाणां निवारणैः। दंशस्तु वनमक्षिका इत्यमरः। अव्याहतैरप्रतिहतैः स्वैरगतैः स्वच्छन्दगमनैश्च। तस्या धेन्वाः समाराधनतत्परः शुश्रूषाऽऽसवतोऽभूत्। तदेव परं प्रधानं यस्येति तत्परः। 'तत्परे प्रसितासक्तौ' इत्यमरः॥५॥"

फिर भी इस स्वाभाविक स्थिति से कुछ टीकाओं में विपरीत स्थिति भी देखने को मिलती है। एक आलोचक एक ही काव्य के एक ही श्लोक में प्रयुक्त शब्दों को समझाने के उदेश्य से एकाधिक कोष का उद्धरण देते है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

इस स्थिति में यह विचारणीय है कि एक आलोचक क्यूं विभिन्न कोषों का प्रयोग करते हैं। क्या ऐसा होने का कारण उन उन कोषग्रन्थों की मर्यादा है या फिर आलोचकों के मनमें कुछ विशेष अर्थ ढूंढने का नया प्रयास है। इसका अन्वेषण करना इस लेखका अभीष्ट विषय है।

CS–57

महाभारत में राजधर्म वर्तमान सन्दर्भ में

शिवप्रसाद दीक्षित, विलासपुर

मनुष्य के जीवन के विभिन्न पक्षों पर यदि चिन्तन किया जाये तो यह स्पष्ट होगा कि राजा या राजसत्ता ने उसके जीवने के सामाजिक, सांस्कृतिक पक्ष को सर्वाधिक प्रभावित किया है। "यथा राजा तथा प्रजा" की उक्ति आज भी उतनी ही सार्थक है जितनी की सृष्टि के प्रारम्भ काल में थी। यह सर्वमान्य तथ्य है कि राजा या राजसत्ता ही मानव समाज की बहुआयामी गतिविधियों की नियामक रही हैं और हैं। अतः राजा या राजसत्ता का सांगोपांग अध्ययन मनु से लेकर गांधी तक तथा पाश्चात्य विचारकों में अरस्तु से लेकर लास्की सभी ने किया है। प्रजातन्त्र के इस युग में लोगों में पद लोलुपता तथा कुर्सी की दौड़ लगी हुई है। अपने छल बल के कौशल से पद की प्राप्ति कर लेना बडा ही सरलकार्य है किन्तु पद की गरिमा के अनुकूल आचरण करना एक कठिन कार्य है क्योंकि सामान्यरूप से लोगों को इस बात का ज्ञान ही नहीं है कि प्रत्येक संघटन के मूल में उस संघटन के ऐसे दायित्व है जिसका निर्वाह न केवल सामान्य जीवन को सरल और सुखद बनाने के लिये आवश्यक है किन्तु पद की प्रतिष्ठा के लिये अत्यन्त आवश्यक है। इसी आवश्यकता को देखते हुए यह जान लेना आवश्यक है कि राजधर्म क्या है ? किस प्रकार तथा किस अंश तक इसका पालन एक विकासोन्मुखी कल्याणकारी राज्य में किया जा सकता था, किया जाता है या किया जाना चाहिये। एक उक्ति है "जो कुछ कहीं भी है वह महाभारत में है" इसी उक्ति के अनुसार महाभारत में राजधर्म के शीर्षक के अन्तर्गत उन सभी बातों पर विचार किया जायेगा जो किसी राजा या राजसत्ता से लोगों के लिये पालनीय है और जिनके यथोचित ज्ञान का अभाव समाज के विकास में अवरोधक बनकर आज के मनुष्य के जीवन को निर्बाध गति से आगे बढने में कठिनाई ही उत्पन्न नहीं कर रहा है, अपितु जीवन को कठिन और पंगु भी बना रहा है।

कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र प्रकरण २, अध्याय ४ में कहा है, 'विद्याविनीतो राजा हि प्रजानां विनाये रतः', 'अनन्यां पृथिवीं भुङ्क्ते सर्वभूत हिते रतः'।

संस्कृत वाङ्मय में वर्णित राजधर्म की निरन्तर अवहेलना हुई है और हो रही है। धर्मनियन्त्रित राजनीति ही कल्याणकारी है, जबकि धर्मविहीन राजनीति दुर्नीति बनकर अनेक विकृतियों को जन्म देती है। यदि राजनीति धर्मनियन्त्रित हो, प्रजा भी धर्मनियन्त्रित हो, तथा शासक भी धर्मनियन्त्रित हों, तो जिन बुरे आचरणों के कारण वर्तमान काल में राष्ट्रीयता और नैतिकता का ह्रास हो रहा है, उस पर नियन्त्रण करके आदर्श भारत की स्थापना की जा सकती है। कहा गया है कि "धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः" ये स्मृतियाँ तथा भारतीय वाङ्मय के अन्य ग्रन्थ आर्यसंस्कृति के स्तम्भ हैं। महाभारत के रचयिता भगवान् वेदव्यास स्वयं कहते हैं कि अन्यान्य विषयों के साथ इसमें राजनैतिक दर्शन है। महाभारत सर्वार्थसाधक सर्वशास्त्र ग्रन्थ है। इसमें दिव्यनगर, युद्धकौशल आदि के अतिरिक्त वह सब भी है जो लोकव्यवहार की सिद्धि के लिये आवश्यक है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS-58

पुष्पदन्त विरचित शिवमहिम्न का विष्णुपरक अर्थघटन

प्रा. निहारिका पटेल, अहमदाबाद

आचार्य मधुसूदन ने पुष्पदन्त के शिवमहिम्न पर जो टीका लिखी है, वह एक अनुपम वैशिष्ट्य रखती है। जैसे कि कृति के शीर्षक से स्पष्ट है कि इस शिवमहिम्न में भगवान शंकर कि स्तुति का उपक्रम स्वीकृत किया है। परन्तु टीकाकार मधुसूदनजी ने इस स्तोत्र के प्रत्येक श्लोक में हरिहर का अभेद प्रस्थापित करने के हेतु से प्रेरित होकर शंकर परक अर्थघटन के साथ साथ विष्णु परक अर्थ भी प्रस्तुत किया है।

उपर्युक्त नावीन्यका सोदाहरण परिचय प्रस्तुत करने के बाद इस शोधपत्र में यह भी बताने का प्रयास किया है कि टीकाकार ने किस व्याकरण के नियम एवं निर्वचन के सिद्धान्त को प्रयुक्त करके अपना अभीष्ट कार्य सम्पन्न किया है।

आचार्य मधुसूदन की इस टीका में केवल व्याकरण का वैदुष्य प्रकट करने का आशय नहीं है, लेकिन ऐसी कौन सी सामाजिक परिस्थिति थी कि जिसमें इस प्रकार के द्विपार्श्वी अर्थघटन कि आवश्यकता प्रतीत हुई है।

CS-59

शाकुन्तल में शकुन्तला

डॉ. अमर नाथ ठाकुर, सिवान

शाकुन्तल में शकुन्तला की इतिवृत्त पर विचार करने से कतिपय जिज्ञासाएँ आपतित होती हैं। प्रथमतः दश हजार शिष्यों के मध्य शकुन्तला ही कुलपति कण्व का द्वितीय उच्छ्वास क्यों बन जाती है। महर्षि कण्व आश्रम का भार वृद्धा लोकव्यवहार निपुणा गौतमी पर न डाल शकुन्तला को ही क्यों अधिकृत करते है। अनसूया और प्रियंवदा समान वय, गुण और रूपवाली है। फिर समान परिवेश समान भरण-पोषण के होते भी शकुन्तला के शरीर से ही सुगन्ध क्यों निकलता है। दश हजार सतीर्थ्यों के मध्य निर्विकार विचरण करने वाली शकुन्तला के मन में प्रथम दर्शन में ही दुष्यन्त को देखकर तपोवन विरोधी विचार क्यों उत्पन्न होता है, जिससे वह स्वयं भी चकित है। भरत का सिंहशावक के साथ क्रीडा, दाँत गिनना क्या इंगित करता है। 'अखण्डं पुण्यानां फलमिव तद्रूपमनधम्' के महाकवि क्या संदेश देते है।

महाकवि कालिदास ध्वनि मार्ग के निष्णात आचार्य है। पात्रों, उपमाओं, दृष्टान्तों के द्वारा शास्त्रीय सत्य, यौगिक रहस्य, वैदिक परंपरा, भारतीय विश्वास, राष्ट्रीय मान्यता को ध्वनित करने में सिद्ध-हस्त हैं। अतः, विश्वामित्र और मेनका की पुत्री के रूप में चित्रित कर 'शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रषेऽभि जायते'' को ध्वनित करते है। पक्षियों (शकुन्तों) के द्वारा रक्षा करवा कर ''अरक्षितं तिष्ठति दैव रक्षितं'' रूप भारतीय विश्वास को व्यंजित करते है। इसके सुगंधपूर्ण शरीर (पद्मिनीत्व) के द्वारा 'अनेकजन्मसंसिद्धः ततो याति परां गतिं'' तथा ''सुगन्धो जायते योगिनः देहे विन्दु धारणात्'' रूप रहस्य का उद्घाटन करते है। ''विवाहो जन्म मरणं च यदा यत्र भविष्यति'' का प्रत्यक्षीकरण दुष्यन्त के प्रथम दर्शन से ही प्रेम अंकुरण में होता है। ''योगभ्रषटः भवेद राजा'' के अनुरूप यह दुष्यन्त के श्लाघ्य गृहिणी पद को अनायास स्वगुणैः प्राप्त कर लेती है।

संक्षेपतः, शकुन्तला के सौन्दर्य, पद्मिनीत्व, राजपत्नीत्व, सिंहशावकवत् पुत्र-प्राप्ति के द्वारा कालिदास ने 'तस्माद् योगी भवार्ज़ुन' को शकुन्तला के द्वारा व्यंजित करने का सफल प्रयास किया है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS-60

संस्कृत नाटकों में विदूषक की परंपरा

रंजना कुमारी, सिवान

यद्यपि कौतूहल उत्पन्न कर लोगों का मनोरंजन करना नाट्य का प्रमुख उद्देश्य है; किन्तु संस्कृत नाट्यों के अध्यन से स्पष्ट होता है कि सात्विक गुणों की स्थापना और तामसिक गुणों का प्रख्यापन उसका एकान्त लक्ष्य है।

मानव जब असत्य, लोलुपता, अंगवैकृत्य, भोजनप्रियता के साथ संयमित व्यवहार, त्याग, माधुर्य को प्रत्यक्ष रंगमंच पर देखता है तो ''रामादिवत् वर्तितव्यं न रावणादिवत्'' रूप काव्य शास्त्रीय लक्ष्यों की पूर्त्ति बात-बात में हो जाती है। अतः त्रैलोक्य का अनुकरण करते नाटककारों के समक्ष उदास, प्रशान्त नायक के व्यवहार के साथ तमस गुण पूर्ण एक पात्र की आवश्यकता थी। इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु नाटककारों ने विदूषक की कल्पना की। ''विशेषेण दूषयति आत्मानं परं वा'' के अनुरूप सर्वत्र छिद्रान्वेषण करता; प्राकृतिजनों के विचारों को प्रकट करता, भोजनप्रियता का बखान करता, अपने अंग वैकृत्य के द्वारा हास्य की सृष्टि करता नायक के समवयस्क मित्र के रूप में प्रायः प्रत्येक नाट्य में विदूषक का दर्शन होता है।

आध्यात्मिक पृष्ठभूमि में रचित संस्कृत नाटकों की श्रीवृद्धि में विदूषक का अनल्प योगदान है। इसके हाव-भाव-वचन-विन्यास, चिन्तन-मनन से समान्यजनों का नाट्य के साथ सहज साधारणीकरण होता है। इस खल्वाट ब्राह्मण के हास्यमय आचरण की औरं में नाटककार मानव को महिमा मंडित करने वाले गुणों, शास्त्रीय तथ्यों, आर्षवचनों का उपदेश बड़ी कुशलता औट स्वाभाविकता से देते हैं जो दर्शक के हृदय पर स्थायी प्रभाव डालता है। चित्तवृत्ति को बदल देने में सहायक होता है।

इस प्रकार नायक जहाँ सात्विक गुणों का प्रतिनिधित्व करता है। विदूषक तामसिक गुणों का नायक के साथ अविनाभाव संबंध से रहने वाला शाकुन्तलं का माधव्य मृच्छकटिकं का मैत्रेय तामसिक गुणों को प्रकट कर नायक के सात्विक गुणों में चार चाँद लगा देता है। प्रस्तुत शोधपत्र में विभिन्न नाटकों में विदूषको के क्रिया-कलाप का संग्रह कर शास्त्र में वर्णित तामसिक गुणों के साथ तुलना कर विदूषक के रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

CS-61

संस्कृत साहित्य में नारी का सांस्कृतिक स्वरूप

डॉ. शान्ति जैन, पटना

भारतीय समाज के अन्तर्गत नारी में शील और सौजन्य का वह आदर्शरूप मिलता है, जो मर्यादा का प्रतीक रहा है। वैदिक एवं लौकिक संस्कृत साहित्य में नारी का यह सांस्कृतिक स्वरूप अपने प्रखर रूप में चित्रित है।

ऋग्वेद में नववधू को गृहसाम्राज्ञी के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। ऋचाएँ उच्चरित करने के कारण वह ऋीष संज्ञा से सम्मानित हुई। अथर्ववेद के अनुसार वह धर्म और अर्थ की दात्री तथा वैभव और सौभाग्य की अधिष्ठात्री मानी गई थी। उपनिषद् काल की नारी अध्ययनशीला के रूप में देखी गई। दर्शनशास्त्र की मर्मज्ञा विदुषी गार्गी ने राज जनक के दरबार में, अत्यन्त ज्ञानी महर्षि याज्ञवल्क्य से शास्त्रार्थ की कामना की थी। याज्ञवल्क्य ऋषि ने जब अपनी दूसरी पत्नी मैत्रेयी को धन वैभव देना चाहा था तो उसने क्षयशील धन को तिलांजलि देकर अमर सत्ता वाला ज्ञान पाना चाहा था।

महाभारत के अनुसार स्त्री पति की कल्याणकारिणी और सखी है। शतपथब्राह्मण में पत्नी को पुरुष की आत्मा का अर्द्धांश माना गया है। वाल्मीकि की सीता राम ब्रह्म की वह शक्ति है जिसमें संपूर्ण जगत् समाहित है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कालिदास ने अपने पात्रों के माध्यम से नारी के विविध सांस्कृतिक रूपों को उजागर किया है।

अश्वघोष ने बुद्धचरित में स्त्रियों में दाक्षिण्य की अनिवार्यता बतलाई है। राजशेखर ने बालरामायण में स्त्रियों के सदाचरण और व्यवहारकुशलता को महत्त्व दिया है।

भारवि की द्रौपदी सहनशील है किन्तु अन्याय के प्रति उसका विद्रोह भी मुखर होता है। भट्टनारायण की द्रौपदी भी एक स्वाभिमानिनी नारी है।

महाकवि भवभूति ने स्त्रियों को तीर्थजल एवं अग्नि की तरह स्वयंशुद्ध माना है।

वात्स्यायन के कामसूत्र के अनुसार सकल कलाओं से विभूषित गणिकाएं भी समाज में आदर पाती थीं।

मृच्छकटिक की वसन्त सेना इसका उदाहरण है। संक्षेप में नारी का सांस्कृतिक स्वरूप अतुलनीय है।

CS-62

कालिदास के मालविकाग्निमित्रं के कतिपय शास्त्रीय नियमों के स्खलन का अध्ययन

प्रो. राधारमण ठाकुर, देवघर

यह सर्वमान्य सा है कि लौकिक संस्कृत के अन्यान्य लक्ष्यग्रन्थकारों की तरह स्वयं महाकवि कालिदास ने भी अपनी रचनाओं की निर्मिति में अपने समय में वर्त्तमान लक्षण ग्रन्थों का आश्रय लिया है तथापि यत्र-तत्र शास्त्रीय नियमों का स्खलन भी हुआ है। प्रस्तुत सन्दर्भ में मेरा ध्यातव्य उनका प्रारंभिकरूपक "मालविकाग्निमित्रम्" निर्मिति में पाणिनीय व्याकरण का आश्रय तथा उसके कतिपय नियमों में-स्खलनोंको उजागर करना है। कालिदास के विश्व विख्यात तीन रूपकों में यह उनकी प्रारंभिक रचना है और शायद इसीलिए उनकी इस रचना में विशेषतः संधि और समास के नियमों में व्याकरणिक स्खलन दीखता है जिनसे रूपककार की अल्पज्ञता हठात् उजागर हो जाती है। रूपककार ने भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के आलोक में नाटकों की रचना की है तथापि मालविकाग्निमित्रम् के तृतीय अंक के निम्नांकित एक सन्दर्भ में उनका नाटकीयस्खलन दीखता है -

तृतीय अंक के एक उद्धरण में पूर्व से ही रंगमंच पर एक और मालविका और बकुलावलिका उपस्थित है, दूसरी और राजा एवं विदूषक, जबकि इसी बीच रंगमंच पर इरावती और चेटी का प्रवेश करा दिया जाता है जिसका पृथक् पृथक् वार्त्तालाप चलता है। नाट्य शास्त्र के मत में उपर्युक्त सभी पात्रों का एक साथ रंगमंच पर उपस्थापन सर्वथा वर्जित है और यह कालिदास की रंगमंचीय त्रुटि है।

मालविकाग्निमित्रम् के १.१२ 'द्वारेनियुक्तपुरुषानुमतः प्रवेश'में द्वारे पद का नियुक्त पुरुष पद के साथ सापेक्ष समास, मालवि.६२ पर पण्डित कौशिकी में समास के विधेयत्वदोष, मालविका.२.११, में द्वारपिधानम् में द्वारस्यअपिधानम् इस विग्रह के क्रम में अपिधानम् पद का गलती से अलोप, मालविका.२.१२, में "पत्रच्छायासु हंसाः मुकुलिता नयना दीर्घिका पद्मिनीनाम्" में पत्राणाम् पद का छाया पद के साथ असमर्थ समास हुआ है।

इतना ही नहीं बल्कि रूपक में कतिपय परोक्षदोष भी हैं जो रूपककार की निष्णातता में बाधक हैं। समासगत विविध दोषों की तरह रूपककार के रूपकों में सन्ध्यादि के आलोक में भी कतिपय स्खलनों को भुलाया नहीं जा सकता। कालिदास के रूपकों में इनका कतिपय व्याकरणिक स्खलन निश्यच ही इनकी लोकप्रियता के बाधक हैं और काव्यजगत् में ऐसे विश्वकवि ऐसी अपेक्षा नहीं की जाती।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS-63

कालिदासस्य साहित्यसागरे नारीरत्नानि

आचार्य विप्रचरण पाठी, पुरी

सीता सुदक्षिणा साध्वी पार्वती शङ्करप्रिया।
मालविकोर्वशी कान्ता प्रीतिस्निग्धा शकुन्तला ॥
(क) पृष्ठभूमिः,(ख) कामेषु नारीविभूतिः,(ग) नाटकेषु नारीदीप्तिच्छटाः ॥
"अमृतेनेव संसिक्ता चन्दनेनेव चर्च्चिता।
चन्द्रांशुभिरिवोद्धृष्टा कालिदासस्य भारती"॥
"----------कविकुलगुरूकालिदासो विलासः"।

(१) महाकवेः चिन्ताचेतनायाः चारित्रिकमहत्वस्य च दिग्दर्शनम्—

(क) महाकवेः रचनासु नार्याः जननी-जाया -सखी इति त्रिविधरूपस्यभव्यरूपं द्रष्टुं शक्यते।

(ख) कवेः जीवनं विलासमधुरं विनोदभावप्रवणं च आसीत्।

(ग) महाकवेः चरित्रं "प्रेम्णः"शाश्वत- भूतिसमुच्चयेन अनुरञ्जितम् इव प्रतीयते।

(घ) महाकवेः सर्वानुभवशीलत्वम्।

(२) "रघुवंशे"नारी —

(क) "वागर्थाविव सम्पृक्तौ-----" इति मङ्गलाचरणस्य वैशिष्ट्यम्।शिवमयी नारीशक्तेः विभूति प्रकाशनम्।

(ख) सुदक्षिणा-इन्दुमती-सीता इति महिमान्वितनारी शिरोमणीना चारित्रिकवैशिष्ट्यम्।

(ग) रघुवंशे उपमाविलासः।

(घ) पातिव्रत्यस्य ज्योत्स्नया उद्भासितायाः सुदक्षिणायाः चारित्रे आर्य्यसहधर्मिणीप्राणत्वम्।

(ङ) इन्दुमत्याः चरित्रे आर्य्यनारीचरित्रश्च पूर्णविकसितरूपावभासः।

(च) सीतायाः चरित्रे भारतीयनार्य्याः स्वार्थत्यागस्य चरमनिदर्शनम् अतीव करूणार्द्रं हृदयावर्जकम् आर्य्यसंस्कारसंस्कृतं च अनुभूयते।

(३) "कुमारसम्भवे" नारी—

(क) मेघदूते कालजयिन्याः कालिदासीयसरसकवितायाः स्वच्छन्दः भावविलासः आस्वाद्यते।

(ख) प्रीतिस्निग्धस्य विरहिजीवनस्य विप्रलम्भश्रृङ्गाररसाप्लुतवेदनया सह प्रकृतिकामिन्याः जीवन्तपरिप्रकाशः भावुकमनांसि अनिर्वचनीयानन्दप्रवणानि करोति।

(ग) यक्षपत्न्याः वर्णनायां कमनीयकामिनीरूपवर्णनायाः तथाच आदर्शगृहिण्याः भ्रमचित्रम् उपस्थाप्यते।

(४) कालिदासस्य नाटकेषु नारीचरित्रम् —

तत्र (१) "मालविकाग्निमित्रम्"—

(क) नाटकस्य वैशिष्ट्यम्।

(ख) धारिण्याः ईरावत्याश्च चारित्रिकवैशिष्ट्यम् उभयोर्मध्ये असामञ्जस्यं च।

(ग) मालविका अतीव रूपवती नाट्यकलानिपुणा मालविकायाः रूपवर्णने महाकवेः चातुर्यम्।

(२)"विक्रमोर्वशीयम्"—

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(क) अस्मिन् नाटके सम्भोगविप्रलम्भरूपस्य उभयविधशृङ्गाररसस्य सरससमावेशःपरिपाकश्च संदृशयते ।

(ख) उर्वश्याः रूपवर्णने महाकवेः अपूर्वरूपवर्णनाचातुर्यं परिलक्ष्यते ।

(ग) तत्कालिकनागरिकाणां व्यवहारिकजीवन्तचित्रम् ।

(घ) उर्वश्याः औशीनर्य्याश्च प्रेम्णोरन्तः स्वरे महदन्तरस्य सूचना—"भोगमूलकं त्यागमूलकं च"।

(घ) "स्वर्गीयप्रेम्णः आत्मसमर्पणम् एव भयचरमपरिणतिः" औशीनर्याः चरित्रमाध्यमेन नट्यकारस्य एतत् संसूचनम् ।

(३) "शाकुन्तले" नारी चरित्रम्—

(क)"शाकुन्तलं" कालिदासस्य सर्वस्वम् अत्र सर्वविषयपरिपूर्णता रसपरिपाकःनित्यनूतनचमत्कारिता चअनुभूयते । विशेषतः जीवन्तप्रकृतिचित्रणं भावुकमनांसि अतितरां रञ्जयति ।

(ख) निसर्गसुषमासम्पन्ना-"शकुन्तला"स्रष्टुः विस्मयोत्पादिका सृष्टिः ।

(ग) प्रकृतिप्रेमिका- "शकुन्तला" वृक्षलताभिः सह पशुपक्षिणः प्रति अपि तस्याः अवारितम् अनाविलं प्रेम ।

(घ) शकुन्तलायाः स्वाभिमानवत्तयासह कर्त्तव्यबोधः । मुख्यतः नाटकस्य अन्तिमे अङ्के साध्वीशकुन्तलायाः अन्तर्निहितविभूतीनां विशेषरूपेण संसूचनम् ।

(च) अनाविलबन्धुत्वस्य जीवन्तमूर्त्तिरूपेण चित्रितम् "अनसूया प्रियम्वदा" रूपं विरलं सखीद्वयचित्रं शकुन्तलायाःचरित्रस्य परिपूरकं दृश्यते ।

(छ) संक्षेपतः मनस्तात्विकभित्याचित्रितं शकुन्तलायाः चरित्रम् आर्यसनातनसंस्कृतेः चिन्ता चेतनाम् आधारीकृत्य मानवजीवनस्य करूणवेदनया सह ऐश्वर्य्यविमण्डितं सन् सहृदयैः आचन्द्रार्कं अभिनन्दितं अभिवन्दितं च भविता नास्त्यत्र सन्देहस्य अवसरः ।

CS–64

मेघदूतस्य उत्कलानुकृतिः

विष्णुचरण राउत, ओड़िशा

भारतस्य संदेशकाव्यपरम्परायां मेघदूतस्य स्थानं सर्वप्रधानं सर्वप्रथमं च । मेघदूतस्य काव्यधारा न केवलं संस्कृतजगति अपिच प्रान्तीयकाव्यजगति च सुदीर्घं प्रभावं विस्तारयति । उत्कलीयकाव्यजगति मूर्धन्या कवयः गङ्गाधरराधानाथप्रमुखाः कालिदादीयकाव्यचेतनया प्रभाविताः सन्ति । अभिज्ञानशाकुन्तलमवलम्ब्य गङ्गाधरमेहेरः "प्रणयवल्लरीकाव्यं" राधानाथः विक्रमोर्वशीयमवलम्ब्य 'उर्वशीकाव्यं' च रचितवन्तौ । तत्र प्रसिद्धानां कवीनां च काव्यपङ्क्तिषु कालिदासस्य नितरां प्रभावः परिलक्ष्यते ।

मेघदूताधारेण उत्कलभाषया कानिचित् मेघदूतकाव्यानि दृष्टिपथमायान्ति । तत्र राधानाथ रायः राधामोहन गडनायकः तथा च अन्ये उल्लेखमर्हन्ति । एताभिः काव्यकृतिभिः सह अनुकार्यस्य मेघदूतकाव्यस्य तुलना सर्वथा समुचिता । अत्र तुलनायां पक्षद्वयस्य विचारः करणीयः ।

(१) अनुवादपक्षः (२) अनुकृतिपक्षः

अनुवादकलादृष्ट्या विचारे कृते तत्र भाषाभावयोः अविकलः प्रयोगः कथं संरक्षितः अथवा कुत्र कुत्र स्थले उत्कर्षस्य अनुकर्षस्य च प्रसङ्गः आयाति तत्सर्वं समीक्षणीयम् । अनुकृतिपक्षे प्राचीनापेक्षया अर्वाचीनस्य भेदस्थलानि अभिनवशब्दविन्यास प्रयोगश्च एतत् सर्वं विलोकनीयम् । प्रबन्धेऽस्मिन् एका तुलनात्मिका समीक्षा प्रस्तूयते ।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS-65

भवभूति का आदर्श दाम्पंत्य प्रणय-दर्शन (उत्तररामचरित के परिप्रेक्ष्य में)

शुकदेव शर्मा, पञ्जाब

महाकवि भवभूति संस्कृत साहित्य के श्रेष्ठतम नाटककारों की अग्रिम पंक्ति में पांक्तेय हैं। उनकी उज्जल काव्यकीर्त्ति की आधारस्तम्भ — महावीरचरित, मालतीमाधव, उत्तररामचरित तीन नाट्यकृतियां उपलब्ध हैं। सहृदयहृदय ''उत्तररामचरित'' को भवभूति का अन्यतम नाटक स्वीकार करते हैं जिसमें उनकी नाट्यकला एवं कवित्वप्रतिभा अपूर्व परिणति को प्राप्त हुई है। कुछ साहित्य-विदग्धों की मान्यता है कि 'उत्तररामचरित' में भवभूति की कला महाकवि कालिदास से भी कहीं अधिक प्रस्फुटित हुई है - ''उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते'' - उसी सुदृढ मान्यता का परिपाक है। इस नाटक में राम-सीता के वनवास-कालोत्तर जीवन की घटनाओं का निबन्धन हुआ है। राज्याभिषेक के पश्चात् सीता-सम्बद्ध अपवाद के कारण सीता-परित्याग की घटना के साथ विषय-वस्तु का सूत्रपात हुआ है।

इनकी तीनों नाट्यकृतियों के अध्ययन से स्पष्ट झलकता है कि ये एक भावप्रवण नाटककार हैं जिन्होंने नाटकीय पात्रों के माध्यम से दाम्पत्य जीवन से सम्बद्ध प्रणय के अतिरम्य, भव्य चित्र को सुसम्यकतया चित्रित किया है जो समग्र संस्कृत साहित्य में अन्यत्र अनुपलब्ध है। ऐसे पूत एवं गरिमामय दाम्पत्य-प्रणय का चित्रण कवि ने किन परिस्थितियों अथवा किस पृष्ठभूमि में किया है, यह एक निःसन्देह विचारणीय विषय है :

१) भवभूति से पूर्ववर्ती साहित्य में दाम्पत्य प्रणय-चित्रण

२) महावीरचरित-मालतीमाधव में दाम्पत्य प्रणय-चित्रण

३) उत्तररामचरित में दाम्पत्य प्रणय-चित्रण

४) उत्तररामचरित के दाम्पत्य प्रणय-चित्रण की रामायण तथा पद्मपुराण से तुलना

५) उत्तररामचरित एवं कालिदास के दाम्पत्य प्रणय-चित्रण की तुलना

महाकवि भवभूति ने नैसर्गिक, पूत एवं आदर्श दाम्पत्य प्रणय-दर्शन के स्वरूप की जो अभूतपूर्व परिकल्पना की है; सम्भवतः आज तक इसे अन्य कवि अतिशयिता नहीं कर सका है। वस्तुतः इनका दाम्पत्य प्रणय लोककल्याण के निमित्त त्यागशील, मर्यादाओं में आबद्ध, गहन तथा अत्यन्त विशुद्ध प्रतीत होता है जिसका आविष्कार, जिसकी उद्भावना, जिसकी सृष्टि सहस्राधिक वर्ष पूर्व इसी पावन धरा पर महानाटककार भवभूति ने की थी।

CS-66

संस्कृत साहित्य में महाकवि वेणीदत्त का अवदान

डॉ. काशीनाथ मिश्र, पटना

श्रीवेणीदत्त उपाध्याय १८वीं शताब्दी में मिथिला क्षेत्र के मधुबनी जिला मे वत्स गोत्रीय परिवार में उत्पन्न हुए।

रसकौस्तुभ, अलंकार मंजरी, रसमहार्णव आदि काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों के अतिरिक्त आपने श्रीकृष्णलीला और भैरवोदय नामक नाट्यकृतियों की भी रचना की थी। जिनमें श्रीकृष्णलीला अनुपलब्ध है, पर उसके पद्य या गीत आज भी यत्र-तत्र मिल जाया करते हैं। जबकि भैरवोदय नाटक विहार राष्ट्रभाषा परिषद के पुस्ककालय में सुरक्षित है। विरुदावली नामक किसी काव्य की रचना भी आपने की थी, जिसकी चर्चा अलंकार मंजरी एवं रसमहार्णव में मिलती है, परन्तु दुःख है कि यह ग्रन्थ भी उपलब्ध नहीं है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

साहित्याब्धि, अलंकारचन्द्रोदय, पंचतत्त्वप्रकाशिका, वासुदेव चरित, पद्यवेणी आदि ग्रन्थों के रचयिता वेणीदत्त (द्वय) जहाँ आप से भिन्न थे, वहीं गीतगोपीपति एवं रसमंजरी के स्थूलतात्पर्यव्याख्याकार वेणीदत्त से आप भिन्न थे अथवा अभिन्न- कहना कठिन है। इसी प्रकार रसरंगिणी की रसिकरंजिनी व्याख्या भी प्राप्त होती है, जिसका कर्त्ता निःसन्देह स्थूलतात्पर्यकार ही हो सकता है।

वेणीदत्त श यास में ही नहीं वक्रोक्ति में भी अनुपम है। इन्होने रसविषयक ग्रन्थों का मंगल भी वक्रोक्ति के द्वारा ही किया है। रसकं भ में जहाँ -

कस्त्व चक्री व्रज निजपुरं नात्र सर्पस्य वासो।
गोपालोऽहं विपिनसविधे गोष्ठमस्ति प्रयाहि।
पद्मेशोऽहं व्रजति न धरामण्डले चण्डरश्मिः।
कृष्णो राधा वचन विजितः पातु वोऽभीष्टमित्थम्॥

इस पद्य से मंगलाचरण किया है, वहीं रसमहार्णव में -

कोऽयं द्वारि हरिः प्रयाह्युपवनं शाखामृगेणात्र किं
कृष्णोऽहं दयिते विभेमि सुतरां कृष्णादहं वानरात्।
मुग्धोऽहं मधुसूदनो व्रजलतां तामेव पुष्पान्वितां
इत्थं निर्वचनीकृतो दयितया दीनो हरिः पातु वः।

इसी प्रकार अलंकारमंजरी का प्रारम्भ 'वक्रोक्ति' अलंकार से ही हुआ है, उसीके लक्षणा-भेद उदाहरण से उसकी शुरुआत हुई है। संक्षेप में यदि कहा जाय तो शब्दसौन्दर्य, श्लेष, वक्रोक्ति, भावगाम्भीर्य आदि कवि के खास विशेषता रही है। इन्हीं विषयों को इस प्रबन्ध में दरशाया गया है। तथा यह दिखाया गया है कि महाकवि वाणीदत्त अपने समय के एक अद्वीतीय आचार्य और कवि थे।

CS-67

कालिदास की कृतियों में पुत्र का महत्त्व

मीरा बेहडलु, पञ्जाब

भारतीय समाज में पुत्र का बहुत ही अधिक महत्त्व है। जब भी किसी स्त्री को आशीर्वाद देना हो तो कहते हैं कि 'पुंत्रवती भव'। 'पुत्रीवती भव' ऐसा कोई नहीं कहता है। तभी तो व्यक्ति ५/७ पुत्रीयों के पैदा होने के उपरान्त भी पुत्र की आशा नहीं छोडता है। स्मृति ग्रन्थों में भी कहा गया है कि विवाह का प्रमुख उद्देश्य पुत्रोत्पत्ति करना है, जिससे कि वंश-वृद्धि हो।

कालिदास ने ऋतुसंहार तथा मेघदूत को छोडकर लगभग सभी कृतियों मे पुत्र के महत्त्व को दर्शाया है। सवसे आधिक वर्णन रघुवंश में किया गया है। कुमारसम्भव का तो मुख्य उद्देश्य कुमारोत्पत्ति ही है। कुमार ही तारकासुर का वध करता है। मालविकाग्निमित्र में भी पुत्र का उल्लेख हुआ है। विक्रमोर्वशीय में तो उर्वशी अपने पुत्र के दर्शनों के लिए दूत पठाती है। अभिज्ञानशाकुन्तल में जव दुष्यन्त का मन्त्री यह समाचार राजा को देता है कि कोई व्यक्ति राज्य में मर गया है तथा उसकी कोई सन्तान नहीं है। अतः उसकी सारी सम्पत्ति राजकोष में चली गई है। तो दुष्यन्त उस समय सोचता है कि उसकी मृत्यु

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

के उपरान्त पुत्र न होने के कारण उसकी भी सारी सम्पत्ति राजकोष में चली जाएगी। सातवें अंक मे जब दुष्यन्त भरत को देखता है तो उस पर अपने पुत्र के भाव उत्पन्न होते हैं।

रघुवंश के प्रथम सर्ग में पुत्र के महत्त्व का विस्तृत वर्णन है। पुत्र इहलोक तथा, परलोक दोनों में आनन्द देता है। मरणोपरान्त पिण्ड दान करता है। पिता के वंश को बढाता है। राजा दिलीप वशिष्ठजी से कहते हैं कि मेरा कोई पुत्र नहिँ है, अतः मेरे पितर तर्पण भी सजल आसुओं से पीते होंगे, क्योंकि मेरी मृत्यु के बाद उन्हे तर्पण देने वाला कोई नहीं हैं। पुत्र ही पिता के मृत शरीर को अग्नि देता है। पुत्रोत्पत्ति के लिए राजा दिलीप पत्नी सहित गौ नन्दिनी की सेवा दिन रात मनोयोग से करते हैं तथा उसके उपरान्त पुत्र प्राप्ति होती है।

CS–68

Dvyarthī-Kāvyas In Saṁskṛt

***Dr.Kshitiswar Dash**, Balasore.*

Such poems are written by means of vakrokti (equivocation or a turn of expression peculiar to poetry) and Śleṣa (double entendre or paronomasia) which is comprehended by the former. The Ardhanārīsvara from of Śiva and Pārvatī might have given hints of Śleṣa to the peculiar oriental genius. The earliest reference to śleṣa in Alaṁkāra-Literature is perhaps that found in Bharata's Nāṭyaśāstra where it has been described as a prabandha-guṇa.

This is a poem in which two stories are described simultaneously. Such poems are otherwise known as Dvisaṁdhāna-Kāvya. Dvyarthī-Kāvya is also termed as Vyasta-Kāvya in view of the fact that it is divided(vyasta) between two themes which are treated simultaneously.

In this paper a focus on the Dvyarthī-poems in Sanskrit Literature has been given. They are:-Rāghava-Pāṇḍavīyam, Pārvatīrukmiṇīyam, Rāghava-Naiṣadhīyam, Hariścandro-dayam, Rāghava-Yādavīyam,Rāmapāla-Caritam etc.

CS–69

Yamaka-Bhāgavata Mahākāvya Of Puruṣottama Miśra : A Study

***Dr. Pratap Chandra Tripathy**, Jajpur*

Yamaka-Bhāgavata Mahākāvya(YBM)is one among the Yamaka-poems written by Kaviratna Puruṣottama Miśra (17th Century A.D.) of South Orissa. Kaviratna, the gem of the poets was the court poet of Narasiṁha Deva of Khurda and royal teacher (guru) of Gajapati Jagannātha Nārāyaṇa Deva of Pāralākhemuṇḍi Kingdom of present Orissa. The poem delineates the sport of Lord Śrikṛṣṇa in eight Cantos with

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

501verses composed in Yamaka style throughout. This is a marvellous contribution of the poet to the field of Sanskrit Mahāpurāṇa. At the out-set of the poem, the benedictory verse is composed in alliteration where the invocation is made to Lord Jagannātha of Puri as follows :

nīlādri kandarānandī mandarālaya vanditam
vande- vandāru-mandāra-mindirā- mandiraṁ mahaḥ

Thus, YBM is a unique contribution for the faithful promotion, preservation and dissemination of the religious, cultural and literary heritage of the soil. It holds, by its own merit, a high place in the history of ornate sanskrit poetry. But unfortuntely such a significant and rare contribution which can enrich the sanskrit literature as a whole has not come into light.

In this paper an effort is made to bring out the literary merits of the work for the apprehension and appraisal of the learned scholars.

CS–70

ब्रजयुवविलासे सर्वर्त्तुसङ्गमः

डः पतितपावन वानार्जी, ओडिशा

संस्कृतकाव्यसंसारे प्रकृतिवर्णने कवीनां नैपुण्यं दरीदृश्यते। नानाविधेषु ऋतुषु प्रकृतेः यत् परिवर्तनमालोक्यते तज्जनितमानव-हृद्गतभावान्तरवर्णनायामेतेषां कवित्वं स्वतः परिस्फुरति। उत्कलप्रान्तोद्भवेन कविप्रवरेण कमललोचन खड्गरायेण खीष्टीय अष्टादश शतकस्य मध्यभागे कृष्णलीलाश्रिते पञ्चदशसर्गविशिष्टे ब्रजयुवविलासमहाकाव्ये नवमसर्गे समस्तऋतूनामेकत्रवर्णनं यद्विहितं तत्तु सुतरां साहित्यिकचमत्कारितामावहति। अस्मिन् प्रबन्धे तस्याः परम्परायाः समुज्ज्वलविकाशो विचार्यते।

सर्वेषाम् ऋतूनामेकत्र समावेशो यद्यपि लौकिकजगति न सम्भवति तथापि 'कविरेव प्रजापतिः' इति भामहवचनदिशा एकत्र सर्वर्तुवर्णनप्रसङ्गे विविधेषु काव्येषु भूयोभूयोऽपि परिलक्ष्यते। यथा श्रीकृष्णलीलायां सर्वेषां रसभावानां सङ्गमोऽलौकिकचमत्कारितां समुत्पादयति। तथा हि समेषामृतूनामेकत्र समावेशः तामेव अलौकिकानन्दनिर्झरिणीं संसृजति, नास्त्यत्र सन्देहस्य लेशावसरः। तदालोचनमेव काव्यस्यास्य अभिनवाभिमुख्यप्रदर्शनं परवर्तिगवेषकाणां दिग्दर्शकमित्यस्य याथार्थ्यमनुभूयते।

CS–71

Vasantarāsa In Poet Jayadeva's Gīta Govinda

Mahatapa Bal, Orissa

Most of the poets of Saṁskṛt, Prākṛta and regional languages have taken interest in the description of the spring season or "Vasanta Ṛtu"in their literary works. Our state Orissa being an agricultural state has been celebrating many festivals of spring

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

season and the most popular one is "Vasantarāsa". Although there is no exact proof of the origin of "Vasanta Rāsa"in Orissa, yet it is very ancient. In our old literature, both Sanskrit and vernacular, we can come across the description of "Vasanta Rāsa".In our immortakl classic Srimad Bhagabat Gita, Lord Kṛṣṇa says "Māsāmāṁ Mārgaśirṣohaṁ, Ṛtunām Kusumākarah".

The Spring seaso nis a divine glory of lord Kṛṣṇa. Sri Jayadeva is the celebated poet of the immortal lyric poem "Gīta Govinda". The main theme of the poem is the vernal sport of Lord Kṛṣṇa and Rādhā on the bowers of "Vṛndāvana", on the bank of "Yamunā". It is well known that God of love "Kāmadeva"is being worshipped in the spring. Gīta Govind is saturated with the flavour of the divine love of Kṛṣṇa and Rādha. Spring being an exitant of erotic background. In the 9th canto of the "Gīta Govind", there is description of "Vasanta Rāsa". Although there is no direct mention of "Vasanta Rāsa", yet the very sports of Rādhā, Kṛṣṇa and Gopīs undoubtedly represent a clear picture of "Vasanta Rāsa".

I have classified this project into two chapters.

1. Tradition of "Vasanta Rāsa" in Orissa.
2. "Vasanta Rāsa" in Gīta Govinda.

Akthough it is not an elaborate work on "Vasanta Rāsa", yet I hope it will give some important and new infomation and to the readers.

CS–72

Realistic Outlook In Bhavabhuūti's Plays

Prof. Tapas Kumar Bagchi, *West Bengal*

Bhavavhūti, the most realistic of all Saṁskṛt dramatists, reflected the life and society of his time in his plays with all its vividness. The caste system, which was an established fact in his days was represented in his plays as a pious act and none transgressed the rules of his respected caste. His plays also exhibited a variety of emotions like love at first sight (Sitā's love for Rāma in Uttararāmacaritam), the indescribable longing and sweet agony that follows, undercurrent of pathos involved in love due to the separation of lovers and the despair of unfulfilled love (Mālatī's disappearance created a flood of pathos in the drama Mālatī-mādhavam). Besides this, Bhavbhūti had stressed the importance of other social values which were essential for making social and family life happy such as reverence for venerable persons and

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

elderly relatives, love for friends, courteous behaviour towards all, kind treatment towards servants, appreciationof the merits of even one's enemies, respect for the views of others and obliging nature. In fact this paper tries to emphasize Bhavabhūti's effort to combine a happy family and social life together through the interactions of different emotions where in lies his triumph as a dramatist.

CS–73

कालिदासमाघकृतिसादृश्यम्

श्रीमती कल्पना रथः, ओड़िशा

शिशुपालवधमहाकाव्यस्य प्रथमे सर्गे देवेन्द्रसन्देशनिवेदनव्याजेन रावणादेरुपद्रववर्णनावसरे, त्रयोदशसर्गे पौरललनानां श्रीकृष्णदर्शनौत्सुक्यप्रतिपादनावसरे, चतुर्दशसर्गे भीष्मेण विहितायां श्रीकृष्णस्तुतौ च कालिदासकवितासंवादः परिलक्ष्यते। निरुक्तप्रसङ्गत्रयादन्यत्रापि माघकाव्ये कालिदासकवितासादृश्यं प्रतिभातितराम्। तथा हि वसन्तवर्णनावसरे प्राप्यन्तेऽनुरूपवाहिन्यः श्लोकाः। रघुवंशकाव्ये सरयूस्तरङ्गहस्तै रामचन्द्रं समालिङ्गितवतीति यथा वर्णितं कालिदासेन तथा शिशुपालवधेऽपि समुद्रस्तरङ्गवाहुं सम्प्रसार्य्य समुपस्थितं श्रीकृष्णं प्रत्युद्गतवानिति कल्पितं माघकविना। मेघदूते कालिदासः कल्पपादपसान्निध्यादलकाया महिमानं वर्ण्णयितुमैच्छत्। शिशुपालवधेऽपि माघकवि द्वीरकायां गृहे गृहे तमेव वृक्षं संस्थाप्य द्वारिकावासिनामैश्वर्यातिरेकं प्रत्यपादयत्। अभिज्ञानशकुन्तलनाटकस्य चतुर्थाङ्के प्रभातसूचनावसरे अस्तगमनसमुदयरूपविरुद्धधर्मवतोश्चन्द्रसूर्ययोर्वर्ण्णनं विहितम्। माघकविनापि स्वकाव्यस्यैकादशे सर्गे प्रभातवर्ण्णनवेलायां कुमुदानां निमीलनं पद्मानां विकशनं दिवान्धानामुलूकानां विषाद इति वहुविधानां विरुद्धधर्मवतां पदार्थानां वर्णनं समवतारितम्। जलविन्दुघर्मविन्दुर्वा नारीणां पयोधरे निपतितः शतधा विदीर्य्येत इति भावः कुमारसम्भवस्य पञ्चमसर्गे तथा शिशुपालवधस्य सप्तमे सर्गे परिप्राप्यते। सैन्यघोषे तुमुलेऽपि सिंहानां निर्विकारत्वमुभाभ्यमेव कविभ्यां वर्ण्णितम्। वारिधेर्वेलाभूमिस्थितवनावलीशोभावर्ण्णनाविधावपि कविवरयोरनयोः समुल्लेखार्हं सादृश्यं नयनयोरापतति। एतादृशानि सादृश्यानि सादृश्यान्तराणि चात्र प्रबन्धे दृष्टान्तसहयोगेन परिदर्शितानि भवेयुः।

CS–74

कालिदासकाव्ये शैवतत्त्वविमर्शः

डॉ० कौशलकुमार पाण्डेय, वाराणसी

संस्कृतसाहित्यस्य प्रमुखकविषु महाकवि कालिदासस्य नाम सादरं लभ्यते। महाकवेः काव्ये शैवतत्त्वानामुपस्थितिः स्फुटत्वेन दृश्यते। अस्य विश्वविख्यातम् 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाम नाटकं शैवदर्शनस्य भूमौ आधृतमस्ति। अस्य नाटकस्य नामकरणे एव कालिदासस्य शैवोन्मुखीयाः भावनायाः दर्शनं भवति। 'अभिज्ञान' शब्दः प्रत्यभिज्ञायाः पर्यायोऽस्ति। शैवदर्शनं प्रत्यभिज्ञादर्शनमपि कथ्यते। विद्यमानं भूत्वापि मायया विस्मृतस्य स्वपरमेश्वरभावस्याभिमुख्येन, सम्मुखीभावेन, पुनर्ज्ञानमेव प्रत्यभिज्ञा कथ्यते। इयमेव स्थितिः अभिज्ञानशाकुन्तले दुष्यन्तस्यास्ति, सः दुर्वासाऋषेः शापजन्याणवमलरूप-विस्मृत्यावरणेनाच्छादितः भवति परञ्चाङ्गुलीयकस्य दर्शनमात्रेण तदावरणं विनश्यति तर्हि परिज्ञानमस्मिन् रूपे करोति - इयं सैव शकुन्तला यया सह परिणीतोऽहमासम् - प्रत्यभिज्ञेयमस्ति।

रघुवंशे प्रथमे श्लोके एव कविः स्वशैवदर्शनसम्बन्धिविद्वत्तां प्रदर्शयति। शैवदर्शने शिवस्य शक्तेश्च नित्यसामरस्यः एव परमशिवोऽस्ति। शिवं विना शक्तेः सत्ता न तथा शक्तिं विना शिवः स्फटिकादिवत् जडत्वं लभते।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये । जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ ॥

अत्र परमेश्वरः शिवस्य प्रतीकरूपेण विद्यते, पार्वती च शक्तेः प्रतीकरूपा । कालिदासः तं शिवं वन्दते यः पार्वतीरूपाशक्तियुक्तः कर्तृत्वपदस्याधिकारी अस्ति । पार्वती या शक्तेः प्रतिमूर्तिरस्ति तथा शिवः यः शक्तिमानस्ति, उभयोः भेदकल्पना शब्दार्थ, अग्नि अष्ण - तावद्वा सम्भवानास्ति । कालिदासस्य अभिज्ञानशाकुन्तलस्यारम्भः यस्मान्नान्दीपाठाद्भवति तस्मिन्नष्टाङ्गशिवं रक्षार्थं प्रार्थयति कविः । अत्र शिवस्याष्टरूपेषु शैवदर्शनस्य षट्त्रिंशत् तत्त्वेषु ईश्वर-बुद्धि-अहङ्कार-पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु-आकाशतत्त्वानां कल्पना कविना कृता ।

अन्यासु रचनास्वपि यत्र तत्र विविधानां शैवतत्त्वानां बाहुल्येनोल्लेखाः मिलन्ति । 'कुमारसम्भवम्' तु शैवरूपस्य चरमतया निरूपणार्थमेव रचितं कविना । निश्चयमेव शैवविचारे प्रचलितानां तत्त्वानां विचारकरणे कालिदासस्य महती उपयोगिता विद्यते ।

CS–75

कालिदास के ग्रंथो में नारी-शिक्षा

श्रीमती वंदना वागीश्वरी, जम्मू.

नारी समाज का अभिन्न अंग है । अतः वह शिक्षा से अछूती रहे, ऐसा सम्भव नहीं है । राष्ट्रकवि कालिदास ने भी अपने ग्रंथों में नारी-शिक्षा पर व्यापक प्रकाश डाला है । उसने नारी को पुरुष की सहभागिनी माना है एवं उसे भी पुरूषों के समान शिक्षा का अधिकार दिलाया है । उस समय में उन्हें भी पुरुषों के समान धार्मिक कार्यों में अधिकार प्राप्त थे । उस काल में पत्नी के बिना कोई धार्मिक कार्य सफल नहीं हो सकता था । पंडित कौशिकी बहुत विदुषी नारी थी । ऐसी नारियां पुरुषों के समान आजीवन कुमारी रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकती थी ।

वे युवतियाँ नृत्य, गायन, वाद्य, काव्य कलाओं पूर्ण रूप से निष्णात होती थी । इसके अतिरिक्त व्रत आदि धार्मिक अनुष्ठानों में पतियों को पूर्ण सहयोग भी देती थीं । इससे स्पष्ट होता है कि धार्मिक शिक्षा भी उनकी शिक्षा का अंग थी । इसके अतिरिक्त प्रसाधन, गृहसञ्चालन, आतिथ्यसत्कार आदि कलाएँ उनकी शिक्षा का एक अंग थी । यही नहीं, उस काल की स्त्रियाँ गृहसंचालन के साथ साथ अंतपुर की सेविकाएँ किराती, यवनी, प्रतिहारी एवं उद्यानपालिकाएँ भी होती थी । वे अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन करती थीं ।

CS–76

मीमींसामतानुसारेण कविसमयस्य सार्थक्यविचारः

Dr. K.V. Vasudevan, Guruvayoor

भारतीयेष्वास्तिकदर्शनेषु मध्ये मीमांसायाः प्रमुखं स्थानमस्ति । वेदानां कर्मकाण्डमधिकृत्यइदं दर्शनं याज्ञिकानां कर्मणां निरूपणार्थमत्यन्तमुपयुज्यते इति नाविदितमेतत्समेषां विदुषाम् । तदिदं दर्शनं न केवलमदृष्टफलकानां वैदिकानां कर्मणां किन्तु दृष्टफलकानां लौकिकानां चिकित्सादीनां कर्मणां निरूपणार्थमुपयोगीति कुशाग्रधीभिरवगन्तुं शक्यते । अस्मिन् प्रबन्धे काव्यशास्त्रे प्रसिद्धस्य कविसमयस्य सार्थक्यं मीमांसामतरीत्या यत्किञ्चित् प्रतिपाद्यते । तथा हि 'कवीनां समुदाचारः समयो नाम कीर्तितः' इति भगवता वेदव्यासेनाग्निपुराणे प्रतिपादितम् । स च समयः सर्वापेक्षयाभ्यर्हित इति च न विदितं सहृदयानाम् । अयं च विषयः प्रायेण सर्वैरप्यालङ्कारिकैः बहुशः प्रतिपादिततरः । तदुक्तं ध्वन्यालोके – ' अपारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः । यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते । भावानचेतनानपि चेतनवत् चेतनाचेतनवत् । व्यवहारयति यथेष्टं सुकविः काव्ये स्वतन्त्रतया ।'' इति । एवं च लोके वस्तुगत्या यन्न भवति तदपि काव्येषु क्वचित् कविभिर्निबध्यते । यथा स्त्रीणां पादाघातेनाशोकपुष्पोत्पत्त्यादि । एवं

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

लोके विद्यमानमपि कविभिः क्वचित् पारमार्थिकतया न निबध्यते। यथा वसन्ते मालतीपुष्पोत्पत्त्यादिकम्। एवं केचन नियमाश्च वर्णनावसरे कविभिराद्रियन्ते। यथा मलय एव चन्दनम्, न पर्वतान्तरेषु। तदेतत्सर्वं प्रपञ्चितं काव्यमीमांसायां राजशेखरेण।

इदानीं कवीनां पूर्वोक्तप्रवृत्तेः कापि युक्तिरस्ति वा न वेति विचार्यते। आपाततः निर्युक्तिकमिति यद्यपि प्रतिभायात् तथापि मीमांसारीत्या सूक्ष्मं पर्यालोच्यते चेत् युक्तिर्जागर्त्तीति द्रष्टुं शक्यते। तथा हि मीमांसादर्शने 'शिष्टाकोपेऽविरुद्धमिति चेत् (मी.सू. १-३-५) 'न शास्त्रपरिमाणत्वात्' (१-३-६) ' अपि वा कारणाग्रहणे प्रयुक्तानि प्रतीयेरन्' (१-३-७) इति सूत्रत्रयेण शिष्टाकोपाधिकरणं प्रतिपाद्यते। तत्र वेदेष्वविहितानां वसन्तोत्सवादीनामनुष्ठाने, तथा विहितानां क्रमाणामनुष्ठाने युक्तिः सविस्तरं वेदेष्वविहितो वसन्तोत्सवादिर्वेदाविरोधित्या धार्मिकबुद्ध्या वैदिकैरनुष्ठीयते तद्वत् लोकेऽसन्नपि योषित्पादाघातादिनिमित्तकाशोकपुष्पोत्पत्त्यादिर्महाकविभिर्वर्ण्यते। एवं ब्राह्मणेषु क्रमवत्त्वेन विहितानामपि वेदिकरणादीनां क्षुतादिनिमित्ते सञ्जातेऽन्यथानुष्ठानं वैदिकैराद्रियते तद्वत् लोके विद्यमानानामपि वसन्तकालिकमालतीपुष्पोत्पत्त्यादीनां काव्येष्वनिबन्धनं कविभिः क्वचिदाद्रियते। नियमश्च स्पष्ट एव। तदिदं सर्वमुदाहरणप्रत्युदाहरणप्रदर्शनपूर्वकमस्मिन् प्रबन्धे सविस्तरं प्रतिपाद्यते इति सर्वं समञ्जसम्।

CS–77

Śūdraka's Humour : A Dialogical Approach

***Satya Sindhu Ghosh**, Burdwan*

'Dialogics' is a critical term coming into vogue in English Literary criticism in the eighties of the last century after the death of Mikhail Bakhtin in 1975. It is a way of studying novel and refers to the inherent 'addressivity 'of all language, highlighting the notion that all language is addressed to someone, never uttered without conciousness of a relationship betwween the speaker and the addressee. Though originally Bakhtin meant it for the study of novels, celebrated critics corroborate the view that this technique can be applied in connection with the study of study of poetry. The central focus of 'dialogics' is on many voices in a literary work, especially the way that some authors allow characters' voices free play by actually placing them on the same plane as the voice of the author. Dialogicity, according to Bakhtin, moves past genre to describe language. The person is always the 'subject of address' because 'one cannot talk about him, one can only address oneself to him'.

CS–78

'Viṣāda' – A Psychological Dimension In Some Plays Of Bhāsa

***Dr. Shuchita Mehta**, Ahmedabad*

It is an outstanding feature of Bhāsa's dramatic style that it analyzes human mind very subtly from the psychological view point. As a poet of human mind, Bhasa has depicted various shades of emotions revelaed by some characters namely

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Duryodhana, Karṇa, Bharata, Vāsavadattā, Cārudatta, etc.

Here, in this paper, I have tried to bring out the shade of 'Viṣāda' delineated by Bhāsa.

From the psychological point of view, we may criticize the cause, circumstances and reaction related to Viṣāda, which surprisingly put Bhāsa very close to psychiatrist.

CS–79

A Critical Estimate Of Mayūra's Sūryaśataka

Dr. Dinabandhu Kar, Baragarh

Mayūra, the celebrated author of Sūryaśataka, is very often quoted by Ānandavardhana in Dhvanyāloka and Rājaśekhara in his famous śloka :

darpaṁ kavibhujaṅgānāṁ gatāṁ śravaṇagocaram /
viṣavidyeva māyūrī mayūrī vāññikṛntati //

has clearly pointed out the excellence and exuberance of poetic talent of Mayūra. Jayadeva in his Prasannarāghava has described Mayūra as the ear-ring of the music of the poetry. The Sūryaśataka is written by Mayūra in praise of the Sun God. In hundred ślokas the poet has described the greatness of the solar deity. In śloka no 1 to 43 the solar rays, in ślokas no 44-49, the solar horses, in ślokas 50-61 the charioteer Aruṇa, in śloka no. 62-72 the chariot, in śloka no. 73-80 the orb of the Sun, in śloka 91-93 the comparison of the Sun God with Śiva, Viṣṇu and Brahmā has been described. The Sun God has been extolled here to the status of supreme deity surpassing all other gods.

The style of Sūryaśataka is pompous, verbose and full of double entendres. Technically it belongs to the Gauḍī school. It is full of anuprāsa alaṅkāras. Apart from this alliteration we see a plethora of alaṅkāras like upamā, rūpaka, utprekṣā, vyatireka, dīpaka, tulyayogitā, virodha, śleṣas. This Sūryaśataka is written in sragdharā metre.

Though it is a fine piece of poetry it lacks the spontaneous simplicity of Kālidāsian music.

This present paper attempts to evaluate the poetic genious of Mayūra on the lines of classical schools of poetry and present an unbiased study of the poet's talent.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

CS–80

Nature And Plants In Sanskrit Literature

Dr. P. Shyamala Devi, Kerala

Sanskrit Literatue is unique among the literatures of the world ancient or moder. It preserves the earlist literary art of humanity. The Vedas ar the first specimen of literature in sanskrit dealing with the pastoral poetry of the Āryan race which attempted to appease the powers of nature in order to avoid their wrath and to get favours from them. Love of nature is one of the prominent features in the poetry of Ṛgveda. There are several passages in the vedas describing the glory of dawn to dust, day and night the beauty of river and forest, plants and creepers. The Brāhmaṇas, Upaniṣads, Smṛtis, Epics and Purāṇas describe the reciprocative relation between nature and the creatures. The poetic words of Kalidass, Bhavabhuti, Bāṇabhaṭṭa and others have given great contribution in pointing the originality of the mother nature. Even in fales and anthologies Nature is described in a great deal. In this paper is given a brief account of the object of nature worship and plants. The role of plants in Natures and how they are described in both vedic and classical sanskrit literature is also described.

CS–81

संस्कृत के काव्य और उन में ब्रह्मदत्तवाग्मी

डॉ. राजकृष्ण रादौर

श्रीब्रह्मदत्तवाग्मी का जन्म १९१६ ई. हरियाणा के गुडगांव जिले में हुआ था। वृन्दावन तथा काशी विद्यापीठ में उनकी शिक्षा हुयी। उन्होंने १० महाकाव्य और काव्यों की रचना की। पार्थ चरितामृत १८ सर्गों का महाकाव्य वैदर्भी शैली में लिखा गया है। अद्भुत पञ्चता काव्य (१९४०) में आयुर्वेद का ज्ञान है। शुकशोकान्त खण्ड काव्य है, समष्टि सिद्धि दार्शनिक ग्रन्थ तथा श्रीस्तवराज भक्ति परक गीतिकाव्य है। इसके अतिरिक्त इनके हिन्दी महाकाव्य भी सरल भाषा में है।

CS–82

कालिदासस्य विप्रलम्भविषयकं जीवनमूल्यम्

Dr. J. N. Tripathy , Panna

'उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्' इति श्रीमद्भगवद्गीतोपदेशेन कश्चिद् वियुक्तमप्यात्मानं बहु न गणयति। पुनः पुनः वियुक्तोऽस्मीति बुद्धिं नोपस्थापयति तदा स आत्मना एव आत्मानं अवलम्बयितुं शक्नोति स्वयं च एवमवलम्बितात्मा स्वकीयं प्रेमपात्रमपि तमेवोक्तिमुपदिश्य वियोगस्य असह्यतां शिथिलयति तं च विरहकातर्यात् परित्रातुमर्हति। अत्र कस्यचनापि केवलं सुखं केव... वा दुःखम् अपगतं न भवति अपितु चक्रनेमिक्रमेण जीवानां दशा कदाचित् नीचैः दुःखं प्रति गच्छति कदाचिच्च उपरि सुखं प्रति गच्छति इत्येषः विचारोऽपि वियोगाग्नौ आत्मानम् उद्धर्तुं सहायीभवति। वियोगावस्थया एव भक्ताय भगवत अद्भुतमधुरलीलाविला... ...वास्तविकानुभवः जायते, तस्मादेव साधवः वियोगं वरदानमिति मन्यते।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

कार्यक्षेत्रे यत्श्रमं, तपक्षेत्रे या तपस्या, अनुभवक्षेत्रे च यद्दुःखं तदेव प्रेमसाधनायां विप्रलम्भेति पदेनोच्यते। ' 'न विना विप्रलम्भेन सम्भोगः पुष्टिमश्नुते' इत्युक्त्या संयोगस्य परिपोषाय विप्रलम्भस्य आवश्यकता वर्तते। अत एव मन्ये कालिदासस्य विप्रलम्भशृङ्गारे यादृशः पक्षपातः न तादृशः अन्येषां रसानाम्। अन्यच्च यथा अश्रुभिः ओतःप्रोतानि गीतानि पीडासंयुक्तानि दृश्यानि च हृदयं द्रावयन्ति न तथा मिलनदृश्यानि। विप्रलम्भे प्रेम्णः आवृतेः वर्णनं कुर्वता उक्तं कालिदासेन कथं जनाः कथयन्ति यत् विप्रलम्भे प्रेम्णः न्यूनत्वं भवति याथार्थ्येन त्वभीष्यवस्तुनः अप्राप्त्या तत् प्राप्तौ वृद्धिंगता प्राप्तीच्छा प्रेमराशितां याति।

यत्र नास्ति संयमः, नास्ति त्यागभावना, नास्ति च समर्पणसौन्दर्यम् तत्प्रेम अस्माभिः भारतीयैः कदाचिदपि स्वीकरणीयं न भवति। इदं हि अस्माकं भारतीयसंस्कृतेः सर्वथा विपरीतम्। अस्यैव जीवनमूल्यस्य प्रतिपादनं कालिदासः विप्रलम्भात्मकेन प्रसङ्गेन कृतवानस्ति।

CS–83

बिम्बविधानम्-काव्यसर्जनाया एकाभिनवा पद्धतिः

आचार्य डॉ. नागेश चन्द्र पाण्डेयः, उ.प्र

अन्तर्वर्ति घनान्धकारपटलध्वंसक्षमं दीपकं, विघ्नव्यूहतृणाङ्कुरप्रशमने दावाग्निकल्पं विभुम्।
आधिव्याधिविनाशनाय सुमहा दिव्यं परं भेषजं, विद्याकल्पलताप्रतानजनकं द्वैमातुरं सम्भजे ॥१॥
शोधपत्रस्य सारांशोऽप्यधुना यन्निरूप्यते। मया नागेशचन्द्रेण सुसमीक्ष्य हि तत्त्वतः ॥२॥
बिम्बविधानसंदर्भे प्रकाराः सम्भवन्ति ये। तान्समीक्ष्य विचिन्त्याहं प्रतनोमि हि तत्त्वतः ॥३॥
क्वचिद्दृश्यबिम्बः क्वचिद्श्रव्यबिम्बः, क्वचिद्घ्राणसंस्पर्शसुस्वाद्यबिम्बाः।
प्रकारा भवन्तीह पञ्चैवमुख्या, इमेसर्वविद्वद्वरैश्चापि मान्याः ॥४॥
अनुभूतिस्वरूपश्च यश्चस्मृतिप्रकल्पकः। अभिज्ञानस्वरूपो यो योऽप्यमूर्तोऽस्ति बिम्बकः ॥५॥
सोऽपि संवित्स्वरूपत्त्वाज्ज्ञानरूपतया स्थितः। स्मृतिबिम्बानुरूपेण स्वीकर्तुं तद्धि शक्यते ॥६॥
घटतन्नीलनीलत्त्व शब्द शब्दत्त्वजातयः। अभावसमवायौ च ग्राह्यास्सम्बन्धषड्विधः ॥७॥
एषां मध्येषु या जातिः प्रत्यक्षं नैव तस्य हि। अतोऽप्यमूर्तरूपेण सूरिभिर्गृह्यते ध्रुवम् ॥८॥
अतोऽप्यमूर्तबिम्बोऽपि षष्ठः स्वीक्रियते बुधैः। ज्ञानेन्द्रियेण मनसा सम्बन्धस्तत्प्रतीयते ॥९॥
यश्चकाल्पनिको बिम्बः सादृश्यजनितश्च यः। सुखदुःखदयोद्भूता घृणामायापराश्च ये ॥१०॥
धर्मार्थकामसम्बन्धा ये च बिम्बा भवन्ति हि। ते सर्वेऽन्तर्भवन्त्येव षड्भेदेषु समासतः ॥११॥
बिम्बानां च प्रकारा ये दर्शिताः पूर्वसूरिभिः। ते सर्वे न पृथग्भूता नूनं पूर्वप्रकारतः ॥१२॥

CS–84

महाकवि विश्वनाथ विरचित सौगन्धिकाहरण व्यायोग या प्रेंखण ?

इन्दिरा पी. पटेल, गुजरात

संस्कृत नाट्यशास्त्रियों द्वारा निर्देशित दृश्यकाव्य के रूपक प्रकारमें व्यायोग का लक्षण अध्येय रूपक में हस्तगत होता है। प्रकृत रूपक का कथानक 'महाभारत' के वनपर्व से संबध रखता है जो प्रसिद्ध है। यह कथावस्तु एक दिन का ही है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

प्रमुख नायक भीमसेन है जो प्रसिद्ध तथा धीरोद्धत है। इसके अतिरिक्त इसमें हनुमान, कुबेर, कंचुकी, युधिष्ठिर, नकुल, सहदेव पुरुष पात्र है। स्त्री पात्रमें केवल द्रौपदी है और कुबेर के यक्षों के साथ भीम का संग्राम जो होता है वह स्त्री निमित्तक न होकर सौगन्धिक पुष्प के कारण होता है। यह कथानक एक अंक का ही है। इसमें भारती, आरभटी और सात्वती वृत्ति का आश्रय किया गया है। वीर रस और अद्‌भुत रस इसमें प्रधान है। मुख, प्रतिमुख रुपम् निर्वहण संधि विद्यमान है। कतिपय विद्वान उस रूपक को प्रेंखण प्रकारका मानते है लेकिन अध्येय रूपक के साथ प्रेंखण के लक्षण का स्पष्ट विरोध लक्षित होता है। अतः प्रस्तुत रुपक व्यायोग प्रकारका है।

CS–85

भवभूति के नाटकों में दार्शनिक विचारधारा

डॉ. हंसाबहन अ. परमार, बलसार

जिसके पूर्वज चरणमुखः, पंतितपावनाः पञ्चाग्नयो, सोमपीथिनो और ब्रह्मवादिनः थे, ऐसे भवभूति काश्यप गोत्र में जन्में हुए एक कवि और बहुमुखी प्रतिभा-सम्पन्न विद्वान थे। ज्ञाननिधि जैसे प्रसिद्ध वेदांती गुरु के शिष्य भवभूतिने अपना वेदांत तत्त्वज्ञान 'पदवाक्यप्रमाणज्ञो' पदसे बताया है।

प्रस्तुत लेख नाटकों में लेखक का दार्शनिक दृष्टिकोण बनानेका आशय रहा है। जिसमें पात्रोंका जीवनर्शन, महर्षियों की महिमा, उनके आशीर्वाद, कल्याणकी भावना कार्यकारणसिद्धांत, प्रणवोपासना, निगमान्तविद्या, जीवनमुक्ति का सिद्धांत, विवर्तवाद, त्रिगुणात्मिका प्रकृति, आन्वीक्षिकी और दण्डनीति, जीवब्रह्म का अद्वैत, सांख्ययोग, न्यायवैशेषिक सौत्रान्तिक, विज्ञानवाद तथा तंत्रविद्या का ज्ञान प्राप्त होता है। अस्तु।

CS–86

कवि वत्सराज विरचित 'कर्पूरचरित' का रूपक प्रकार

अजय सी. पटेल, दक्षिण गुजरात

भारतीय अलकारशास्त्रियों ने दृश्य काव्य के रूपभेदों का निरूपण करते हुए भाण का लक्षण दिया है। वह लक्षण कवि वत्सराज कृत 'कर्पूर चरित' में दृष्टिगोचर होता है। अध्येय रूपक में कर्पूरक नामक द्यूतकर की द्यूतक्रीडा तथा एक गणिका के साथ उसके प्रणय का वर्णन किया गया है। यह कथावस्तु कविकल्पित है। नायक धूर्त कर्पूरक एकमात्र पात्र है। वह आकाशभाषित के माध्यम से अन्य पात्रों की उक्तियों का आक्षेप करके प्रत्युक्तियों का प्रयोग करता है। इसमें सौभाग्य तथा शौर्य का वर्णन करके शृंगार रस एवं वीर रस की सूचना दी गई है। भारती वृत्ति की प्रधानता है तथा एक ही अङ्क है। मुख एवं निर्वहण सन्धियों की योजना की गई है। लास्यांगो का प्रयोग हुआ है। अतः 'कर्पूरचरित' भाण प्रकार का रूपक है।

CS–87

भास नाटककारका नाट्यन्याय

डॉ. प्रा.सौ.निरुपमा कुलकर्णी, नासिक

कविकुलगुरु कालिदासने भी जिसका श्रेष्ठत्व मान्य किया है ऐसा भास एक प्राचीन नाटककार है। भासके तेरह नाटकों में जो मध्यमव्यायोग नाटक है। उसमें भीम और हिडिम्बा राक्षसी का पुनर्मिलन दिखाया गया है। उसके चरित्रमे मानवीय लज्जा, कोमलप्रेमभावना, सरलता, हर्ष आदि भाव पाये गये हैं। भास एक राक्षसी को नाट्य न्याय प्रदान करता है। संस्कृत

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

नाट्यपरम्परामे एकमात्र दुःखान्त नाटक भासके नामपर है वह है ऊरुभंग। ऊरुभंग नाटकमें दुर्योधनके हृदयकी व्यापकता, पवित्रता एवं सात्विकता स्पष्टरूपसे झटकती है। भासने दुर्योधनपुत्र - दुर्जयको भूमिका प्रदान करके दुर्योधनकी सुंदर व्यक्तिरेखा प्रेक्षकोंका दिखायी है। उसको ऐसे सांचेमे ढाला है कि उसके प्रति एक अपूर्व आस्थाका संचार है। सारी सहानुभूति दुर्योधनकी तरफ चली जाती है। भीम क्रोध की पात्र बन जाता है।

पंचरात्र नाटकमेंभी दुर्योधनको खूब नाट्यन्याय मिला है। दुर्योधन जैसे दुष्ट पात्रको सुष्टु करनेकेलिये नाटककारने कथामे परिवर्तन किया है। यहाँ दुर्योधन पांडवोको आधा राज्य प्रदान करता है। महाभारतीय युद्धका उद्येश्यही नष्ट कर दिया गया है। इधरभी दुर्योधन सारी सहानुभूती अपनी तरफ खिच लाता है। कर्णभार नाटकमें कर्णकि उज्ज्वल चरित्र एवं निरपेक्ष दानशीलताका प्रभाव आदि निरूपण पिया है। इंन्द्रकी दी हुयी शक्ति कर्ण ने ठुकरायी है।

प्रतिमा नाटकमे कैकेयीका उदात्त चरित्र चित्रित किया है। महर्षिका शाप सत्य होना चाहिये किन्तु चार कुमार सुराक्षितभी रहने चाहिये ईस हेतु कैकेयीने वनवासप्रेषण किया है। मनोवैज्ञानिक और प्रयोगशील भासने कैकेयीका शुद्धिकरण किया है। रामायणकी सीता कांचनमृगप्रसंगमे लक्ष्मण की निंदा करती है किन्तु भासने ऐसा चित्रण अनुचित समझकर माया मृगकी घटनामें लक्ष्मणकी अनुपस्थिति निर्दिष्ट कर है। चारुदत्तनाटकमें एक गणिकाको नाट्यन्याय देकर नायिका बना दिया हैं। भासको आदर्शोंका ध्यास है इसलिये उसने अपने भूमिकाओंको न्याट्यन्याय दिया है।

CS–88

Treatment of women in Shakespeare and Kālidāsa : a comparative study of Śakuntalā and Miranda.

Smt. Sipra Mallick, Orissa.

National literatures are manifestations of national consciousness and social activities. By analysing literatures of different naitons we can have the awareness of the power and value system of different cultures. In our multilingual social fabric, the situation is more prone to a comparison. So comparative studies of literature of different cultures has created a lot of interest among the researchers in recent times.

This paper attempts a comparative evalution of the delineation of two women characters, Miranda in the Tempest of William Shakespear and Śakuntalā, a creation of Kāli Dāsa in Abijñāna-Śākuntalam. The paper highlights the points of similarities and dismilarities in the portrayal of these two characters through a detailed analysis of the The Tempest and Abhijñāna-Śākuntalam.

Śakuntala is the child of Nature, Miranda is the child of Art; — Śakuntala, the tenderest and loveliest of Kālidāsa's creations, has blossomed in Nature's lap, companioned by the multitudes of nature, she is continuous with nature. When Śakuntalā moves, the whole nature moves with tears. Nature draws her close into its

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

आचार्य कुन्दकुन्द द्वारा प्रतिपादित ज्ञेय तत्त्व

अरबिन्द कुमार पाण्डेय, आरा

आचार्य कुन्दकुन्द ने ज्ञेय तत्त्व की व्यापकता बताते हुए सम्पूर्ण लोक और आलोक को इसके अन्तर्गत समाहित किया है। प्रवचनसार में आचार्य कुन्दकुन्द ने कहा है कि —

"आदा णाणपमाणं णाण णेयप्पमाणमुदिद्‌ट्ठं
णेय लोयालोयं तम्हा णाणं तु सव्वगमं" प्रवचनसार १/२३

"ज्ञेय लोयालोयम्" वस्तुतः यहाँ लोक तत्त्व ही मुख्य रूप से विचारणीय है क्योंकि त्रिकालवर्ती अनन्त पर्यायों सहित छह द्रव्य इसी के अन्तर्गत आते हैं और आलोक तो लोक से बाहर केवल आकाश रूप है।

PJ - 8

विज्ञान के संदर्भ में जैन जीवन शैली

नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, पटना

जैन धर्म की अपनी एक अलग जीवन-शैली है। जैन परम्परा में जिस तरह श्रावक की चर्या विकसित हुई है, उसकी अपनी अनेक विशेषताएँ हैं। भगवान महावीर ने अणुव्रतों के रूप में श्रावक-चर्या का जो प्रारूप प्रस्तुत किया था, वह बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं वैज्ञानिक है। अनेक आचार्यों के गुरुत्तर प्रयत्नों से जैन लोग खान-पान की दृष्टि से बहुत ऊँची भूमिका पर हैं। मद्यमांस का परिहार जैनत्व की अपनी एक अलग पहचान बन गई है।

साधु का जीवन एक - आयामी होता है। वह केवल साधना का जीवन जीता है। एक गृहस्थ को न जाने कितने घोडों की सवारी करनी पडती है। उसके सापने समस्या है कि वह अनेक आयामों को कैसे जीये ? उसके लिए जीवन की एक शैली चाहिए।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

PJ - 9

संस्कृत नाटकों में शौरसेनी प्राकृत की स्थिति

कुमारी अनीता सोनकर, उत्तरप्रदेश

परिवर्त्तनशीलता भाषा की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। एक परिवार के वृद्धजन, युवाजन, बालक और बालिकाएँ जिस भाषा का प्रयोग करते हैं, यदि उसे गम्भीरतापूर्वक सुना जाये, तो सभी सदस्यों की भाषाओं में स्पष्ट रूप से अन्तर समझ में आ जाता है। नाटक एक अनुकृति है, इसमें स्वाभाविकता लाने का प्रयास नाटककार के द्वारा किया जाता है, इसी प्रयास के परिणामस्वरूप ही संस्कृत-नाटकों में अर्ध-भाग संस्कृत है, तो अर्ध-भाग प्राकृत है। इस प्रकार दोनों भाषाएँ एक दूसरे की पूरक हैं। संस्कृत नाटकों में शौरसेनी का इतना अधिक प्रयोग क्यों हुआ, क्योंकि यह अतिप्राचीन, व्याकरणसम्मत एवं आदर्श रूप में थी। संस्कृत नाटककारों का यह महान् उपकार है कि उन्होंने जनजीवन की इस प्रमुख भाषा शौरसेनी के प्रयोगों की अति उदारतापूर्वक रक्षा की। अतः शोधपत्र में शौरसेनी प्राकृत की नाटकों में क्या स्थिति है, यह विस्तारपूर्वक विचार किया जायेगा।

PJ - 10

जैन प्राकृतवाङ् मय में मूर्त हुए जीवनमूल्यों का एक संक्षिप्त वैज्ञानिक विश्लेषण

डॉ० सुभाष चन्द्र सचदेवा, हरियाणा

आज के तर्कप्रधान वातावरण में इस तथ्य को उजागर करने की परम आवश्यकता है कि जैन प्राकृतवाङ्मय में मूर्त्त हुए जीवनमूल्यों की एक वैज्ञानिक पृष्ठभूमि भी है। इसी उद्धेश्य से प्रेरित होकर प्रस्तुत शोध पत्र में कतिपय जीवन मूल्यों का एक संक्षिप्त वैज्ञानिक विश्लेषण उपस्थित किया जा रहा है :—

(१) ब्रह्मचर्य :-

जैन प्राकृत वाङ्मय में पदे पदे ब्रह्मचर्य की अमोघ महिमा को मुखरित किया गया है। शीलपाहुड, 'प्रश्न व्याकरण' 'भगवतीसूत्र' एवं उत्तराध्ययन सूत्रादिमें ब्रह्मचर्य को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक उन्नति का आधार प्रतिपादित किया गया है। चिकित्साविज्ञान , शीररविज्ञान एवं मनोविज्ञानादि विज्ञान की सभी विधाओं ने अपने व्यापक परीक्षण एवं अनुसन्धानात्मक अन्वेषणों के आधार पर ब्रह्मचर्य की अपरिमित गरिमा को अभिव्यक्त किया है। इस दृष्टि से प्रो० एल्फ्रेड फोर्नियर , मैकफेडन एवं शैलिंग आदि वैज्ञानिकों के अन्वेषण विशेषरूप से उल्लेखनीय है।

(२) अनेकान्तवाद :

'अनेकान्तवाद' जैन दर्शन के प्रमुख सिद्धान्तों में से वह विशिष्ट वाद है जिसके सौजन्य से अनन्त धर्मात्मक वस्तु के तथ्यानुसारी अध्ययन का आश्रय लेकर तत्सम्बद्ध ज्ञान के विभिन्न स्तरों को रूपायित किया जाता है। जैन प्राकृतवाङ्मय में उपलब्ध 'उप्पने इवा, विगमे इवा, ध्रुवे इवा'—इस त्रिपदी कें सन्निविष्टतत्त्व ही अनेकान्तवाद का सूत्रधार है। विज्ञान के सन्दर्भ में भी स्याद्वाद एवं अनेकान्तवाद की एक अपूर्व भूमिका है। डा० हालदान की मान्यता है कि विज्ञान के जो निष्कर्ष निश्चितता एवं अनिश्चितता की मध्य स्थिति को द्योतित करते हैं, वे स्पष्टतः अनेकान्तवाद (या स्याद्वाद) पर अवलम्बित हैं। वैज्ञानिकजगत् में 'सापेक्षवाद के नियम' को व्याख्यायित करने का श्रेय आइंसटाइन को प्राप्त होता है। 'सापेक्षवाद' का यह सिद्धान्त 'अनेकान्तवाद' से पर्याप्त समानता रखता है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

(३) अहिंसा : जैनदर्शन का प्राणतत्त्व अहिंसा ही है। जैनप्राकृत वाङ्मय के अनुसार वह सब हिंसा है जो दूरों को न केवल शारीरिक, वाचिक और मानसिक कष्ट पहुंचाए अपितु किसी भी प्राणी का अहित चिन्तन या दुर्भावना या दुष्टविचार लाना भी हिंसा है। प्राकृत वाङ्मय में पुनः पुनः इस तथ्य की उद्‌भावना की गई है कि प्राणी मात्र को आत्मतुल्य मानकर हिंसा का त्यागरूप मैत्रीभाव का पालन करना चाहिए। जैन प्राकृत वाङ्मय में यों तो हिंसा के अनेक प्रकारों का उल्लेख किया गया है परन्तु मुख्य रूपेण द्विविध हिंसा का वर्णन हुआ है—

(क) प्रयोजनात्मक (ख) अप्रयोजनात्मक।

प्राकृत वाङ्मय में न केवल मांसभक्षण का अपितु सूक्ष्मातिसूक्ष्म जीवों से लेकर विश्व के समस्त प्राणियों की हिंसा का निषेध किया गया है। इसी सन्दर्भ में रात्रि भोजन एवं ठण्डे जल (जो प्रासुक नहीं है) के पीने को भी निषिद्ध माना गया है। सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो० अलबर्ट आईनस्टीन अहिंसा के प्रबल समर्थक थे। लन्दन के विख्यात वैज्ञानिक डॉ० एलेक्जेण्डर हेग के अनुसार मांस खाने से रक्त में यूरिक अम्ल की वृद्धि होती है, परिणामतः कैन्सर, हृदयरोग, लकवा, मिर्गी , डायविटीज, टी.बी., उच्चारक्तचाप, उदरकृमि, गठिया आदि रोगों की सम्भावना बराबर बनी रहती है।

PJ - 11

वर्धमान की देशना (उपदेश) का समसामयिक महत्त्व

धर्मेन्द्र शास्त्री, राजस्थान

जैन दर्शन में २४ तीर्थंकर माने गये है उनमें अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर हैं। वर्तमान के जैन दर्शनानुसार वर्धमान स्वामी का शासन चल रहा है। भगवान महावीर स्वामी मोक्षमार्गी थे। जैन धर्म में नेता की परिभाषा यह है कि स्वयं मार्ग पर चले और दूसरों का भी उस मार्ग पर चलने की प्रेरणा दें। नेतृत्व की यह परिभाषा भगवान महावीर के जीवन पर पूर्णतया घटित होती है। महावीर ने स्वयं कल्याण पथ पर चलते हुय हितकारी उपदेश दिया, उस उपदेश की यदि ग्रन्थावली तैयार की जाये तो वह अनेक शास्त्रों का रूप ले सकती हैं। किन्तु ज्ञान अधिक हैं और जीवों की बुद्धि अल्प है। इसलिए भगवान महावीर के सम्पूर्ण उपेदशों का जीवन में साकार रूप देना कठिन है। उनके उपदेशों में से कुछ बिन्दु जनकल्याणकारी सिद्ध होते हैं। जैसे अहिंसा, स्याद्वाद, अनेकात्मवाद, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, पर्यावरण शिक्षा आदि।

अहिंसा - प्राणी मात्र की रक्षा का परिणाम अहिंसा हैं। ऐसी सूक्ष्मातिसूक्ष्म व्याख्या महावीर की वाणी की ही देन हैं। अहिंसा से सर्वत्र सुख और शान्ति का साम्राज्य हो सकता हैं। वर्तमान में सवओर आतंकवाद, सम्प्रदायवाद की आग से उत्पन्न हुई हिंसा का समाधान मात्र अहिंसा ही हैं।

समन्वयवाद - (अनेकान्तवाद, स्याद्वाद) - आज सर्वत्र वैचारिक विषमतायें हैं। वैचारिक विषमता से अशांति का वातावरण बनता है चाहे घर हो, परिवार हो, समाज हो, नगर हो, राज्य हो, राष्ट्र हो या विश्व हो। एक दूसरे की बात को या उसके अभिप्राय को सुनकर समझकर शान्ति से समझाने की पद्धति ही अनेकान्तवाद हैं। क्योंकि वस्तु के अनेक पहलू हैं। यथा प्रसंग उनकी उपयोगिता अनेकान्ताद ही सिद्ध कर सकता है। अतः समन्वयवाद आज के युग में सम्पूर्ण विश्व में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।

अपरिग्रह - आवश्यकता से अधिक धन संग्रह का त्याग करना अपरिग्रह है। वर्तमान युग आर्थिक युग है। आज सभी जगह गरीबी-अमीरी अधिक विषमता के रूप में पनप रही है। गरीबी-अमीरी उँच-नीच का भेदभाव भगवान महावीर का अपरिग्रहवाद ही दूर कर सकता है। समानता लाने के लिये उसकी अति आवश्यकता है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

ब्रह्मचर्य – अपने स्वरूप में रमण करना परम अध्यात्म का ब्रह्मचर्य हैं। अपनी विवाहिता स्त्री के सिवाय समस्त नारी समूह में माता, बहिन, पुत्री की दृष्टि रखना जन जीवन का ब्रह्मचर्य है। आज सर्वत्र बलात्कार, अपहरण, वेश्यासेवन आदि दुराचार व्याप्त हो रहे हैं। इस ब्रह्मचर्य के पालन से इन विसंगतियों का आसानी से निवारण किया जा सकता हैं।

इस प्रकार अचौर्य, सत्य, सदाचार आदि और भी भगवाद महावीर के उपदेशामृत बिन्दु हैं, जिनसे विश्व व्यापी समस्यायों का निराकरण शक्य हैं।

भगवान महावीर सबके थे। वे किसी एक के नहीं। कैवल्य होने के बाद वे तो वीतरागी बन जाते हैं अर्थात् किसीसे भी राग द्वेष नहीं करते। वे भगवान महावीर श्रमण तो बसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से ओत प्रोत थे। उनका उपदेश आज सारे विश्व में शान्ति साम्राज्य के लिये अहम् भूमिका निभा सकता है। उनके निर्वाण हुये आज २५२८ वर्ष व्यतीत होने जा रहे हैं, तथापि उनका उपदेश अमर हैं। यदि इस उपदेश का प्रयोग किया जाये तो सब जगह एकता, समता, शांति, सौहार्द, सहिष्णुता, पवित्रता का वातावरण स्थापित हो सकता हैं। जनजीवन को एक नवीन चेतना प्राप्त होगी जो अपूर्व आनंद प्रदान करेगी।

PJ - 12

'भगवती आराधना' ग्रंथ का भाषिक वैशिष्ट्य

श्रीमती मंजूषा सेठी, नई दिल्ली

प्राच्य भाषाओं में से संस्कृत एवं प्राकृत भाषाओं ने संपूर्ण भारतीय साहित्य को बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है और आज भी भारत का सर्वाधिक गरिमामयी ज्ञान-विज्ञान इन्हीं दो भाषाओं के साहित्य में प्राप्त होता है। इस प्रकार यह दोनों भाषायें भारतीय साहित्य, संस्कृति एवं भाषिक विशेषताओं की आधारभूत भाषायें हैं।

प्राकृत भाषा जनभाषा थी इस कारण उस समय की संस्कृति, साहित्य, दर्शन, अध्यात्म एवं ज्ञान-विज्ञान का प्रतिबिंब प्राकृत भाषा के साहित्य में देखा जाता है। प्राकृत भाषा साहित्य का बहुत बडा हिस्सा लुप्त हो गया है। फिर भी टीका आदि से साहित्य के कुछ अंश को विद्वानों ने सुरक्षित किया है।

PJ - 13

Tantrism in Jaina Worship

Dr. Balaram Panda

The mode of worship in the Jaina methods usually had their roots within the Hindu systems. It includes the rites of worship of the Hindu Goddess with their own tāntric mehtods and advocates similar devotion offered to the Buddhist Goddesses like Tārā, Aparājitā, Kurukullā etc. The study of their tāntric mode of worship reveals that they were not away from Pañcamakāra system even though they primarily believed in Ahiṁsā.

The Jaina authorities like Vasunandinī, Āśādharā and Padmanandinī (and by Medhāvin, Sakalakīrti and Śivaśakti) have described the seven Vyasanas of the Digambara Śrāvākācāras as dicing (dyūta), boozing and drinking alcohol (madya,

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

surā), meat-eating, (māṁsa), whoring (veśyā), hunting (kheṭa, paparddhi, mṛgayā), thieving (caurya, stena) and adultery (paradārā).

This reminds us of the Pañcamakāra-system adopted by the Hindus and the Vajrayānic and Tantrayānic way of life of the Buddhas including the Sahajayāna of the later period.

It is found from the work of Jinasena Camuṇḍarāya and Āśādharā that the Jaina mode of worship of the deities is divided into five categories. Firstly the daily worship has been entitled by them as Nitya Mhāpūjā. These terms of Nitya and Mahā symbolises the cover of the foundation of the temple. Secondly this mode of worship is performed by an adult preferably belonging to the royal family. T... kind of pūjā is technically called Sarvatobhadra or Mahāmahā. Thirdly the aims and objects of such worship are to produce definite result which is technically called by Jainas as Kalpadruma.

Fourth, this result yielding worship continues for eight days and so it is called Aṣṭa Āhniki. Fifth, another kind of pūjā offered in certain temples for specific purpose is called (Aindra dhvaja). In the performance of the Jaina vratas the influence of Hindu and Buddhist Tantra could be traced very well.

In analysing such vratas one can easily find different kinds of Mudrās, bandhas, such as Jinamudrā, Yogamudrā, Mukta-Śaktimudrā etc. Besides this the hints of various Āsanas are found also in the Jaina Vrata Vidhānas. i.e. Paryaṇkāsana, Vīrāsana etc. These postures have their genre in Hindusim and Buddhism as well. The present study aims at in evaluating the synthetic method of worship of Jainism.

PJ - 14

भारतीय आर्य-भाषाओं के विकास में प्राकृतभाषा की भूमिका

डॉ. सुदीपा जैन, नई दिल्ली

भारोपीय-भाषाओं में भारतीय-आर्यभाषा-परिवार का भाषिक-इतिहास एवं भाषा-वैज्ञानिक-विकास की दृष्टि से अन्यतम महत्त्व विश्व के सभी भाषाविदों एवं मनीषियों ने स्पष्टरूप से स्वीकार किया है। भारतीय-आर्यभाषा-परिवार की प्राचीनतम-भाषा 'प्राकृतभाषा' मानी गयी है। अनुसंधाताओं ने व्यापक अनुसंधानपूर्वक यह भी सिद्ध किया है, कि सभ्यता के प्राचीन-अवशेष सिंधुघाटी की सभ्यता में भी जो मृण्मयी-मुहरें एवं अन्य साक्ष्य मिले हैं, उनमें भी प्राकृतभाषा का ही प्रयोग हुआ है। वैदिक-संस्कृति के मूलग्रन्थ 'ऋग्वेद' में भी प्राकृतभाषा का पर्याप्त-प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। प्राचीन-शिलालेख, अन्य विविध-प्रकार के अभिलेख एवं बहुआयामी प्राकृतभाषामयी-साहित्य भी प्राकृतभाषा के भारतीय-जनजीवन में अन्यतम-प्रभाव को स्पष्टरूप से प्रमाणित करते हैं।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

PJ - 15

महाकवि हस्तिमल्ल के नाटकों की प्राकृतों का वैशिष्ट्य

श्रीमती रंजना जैन, नई दिल्ली

विश्व के सभी प्रबुद्ध-भाषाशास्त्रियों ने साहित्य एवं लोकजीवन के प्रयोगों - दोनों दृष्टियों से प्राकृतभाषा की विशिष्ट-महत्ता स्वीकार की है। क्षेत्र एवं काल की दृष्टि से अपने बहुविध-रूपों में अनवरत-विकासशील यह प्राकृतभाषा भारतीय-आर्यभाषाओं में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। इस भाषा में जहाँ क्षेत्र की दृष्टि से एक काल में ही विभिन्न रूप दृष्टिगोचर होते हैं, वहीं कालक्रम की दृष्टि से भी इसके उत्तरोत्तर विकसित-रूपों ने नये-नये अभिधान प्राप्त किये हैं। प्रथम-वर्ग (क्षेत्रगत-भेद के आधार पर) के अन्तर्गत हम पूर्वोत्तर के मगध-प्रान्त की भाषा 'मागधी', पश्चिमोत्तर-भारत की भाषा 'पैशाची' तथा अवशिष्ट मध्य-भारत के विशालतम भूभांग की भाषा 'शौरसेनी' प्राकृत को रख सकते हैं, तो द्वितीय-वर्ग (कालगत-भेद के आधार पर) के अन्तर्गत 'महाराष्ट्री-प्राकृत' एवं 'अर्द्धमागधी-प्राकृत' आदि को रखा जा सकता है।

PJ - 16

सांस्कृतिक-परिदृश्य में 'लीलावईकहा'

प्रभातकुमार दास, नई दिल्ली

समस्त साहित्य-शास्त्रियों का ऊहापोहपरक-विचार-विमर्श के उपरान्त यह निष्कर्ष निकला है कि 'लीलावईकहा' प्राकृत-साहित्य का एक अनन्य शास्त्रीय महाकाव्य सम कथाग्रन्थ है। अन्य कथाग्रन्थों की तरह लोक-मनोरंजन का साधन होते हुये भी इसमें एक महत्-उद्देश्य की सिद्धि को आधार माना गया है। और इसके साथ अनेक प्रासंगिक-कथाओं का भी वर्णन आवश्यक परिस्थिति में किया गया है।

'लीलावईकहा' में उद्भावित तत्कालीन-समाज के अन्यून समस्त सांस्कृतिक-बिन्दु वर्तमान समाज पर भी प्रतिबिम्बित हो रहे हैं।

PJ - 17

प्राच्य भारतीय सम्राटों का प्राकृतभाषा और साहित्य के विकास में योगदान

डॉ. शशिप्रभा जैन, नई दिल्ली

प्राकृतभाषा अपने नानारूपों के साथ वृहत्तर भारतवर्ष में चिरकाल से पन्द्रहवीं शताब्दी तक अनवरत-प्रयोग में बनी रही। तथा भारतीय इतिहास साक्षी है कि भारत के प्रायः सभी गणराज्यों में यही जनभाषा के साथ राजभाषा भी थी, तथा अनेकों राजतन्त्रीय-प्रणाली के राजवंशों ने भी इसे व्यापक राज्याश्रय प्रदान किया। इन राजवंशों के कुछ सम्राटों ने तो इसे विधिवत् रूप से राजभाषा भी घोषित कर दिया था। भारतीय इतिहास के सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं आर्थिक विकासक्रम के वैविध्य को दृष्टिंगत रखें, तो यह बात कोई आश्चर्यजनक प्रतीत नहीं होती; किन्तु राज्याश्रय-प्राप्त वेतनभोगी विद्वानों द्वारा रचित इतिहास में इस तथ्य की जिस तरह से घोर उपेक्षा हुई है और आधुनिक शिक्षा-प्रणाली में भी आधुनिक इतिहास-लेखकों ने जैसे सुनियोजितरूप से इसकी उपेक्षा की है, वह भारतीय इतिहास की प्रामाणिकता एवं सर्वांगीणता पर प्रश्नचिह्न अंकित करता है।

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

PJ - 18

जैन चिन्तन में कर्मफलभोग

(इसिभासियाइं सुत्ताइं के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ० वीरेन्द्र कुमार अलंकार, चण्डीगढ

भारतीय दर्शन में कर्म , कर्मफल , पुनर्जन्म और मुक्ति की विशद चर्चा हुई है। जैन दर्शन भी इसका अपवाद नहीं है। जैन विचारणा में वैदिक दर्शन की भाँति पुनर्जन्म का आधार कर्म ही स्वीकार किया गया है। 'इसिभासिताइं सुत्ताइं' कृति में अर्हतर्षि प्रोक्त सूत्र हैं। इन सूत्रों में बडी रोचक शैली में जैन परम्पराओं मान्यताओं , अवधारणाओं का प्रतिपादन हुआ है।

ध्यातव्य है कि वैदिक दर्शन में जीवात्मा को कर्मकरने में स्वतन्त्र और फलभोग में परतन्त्र माना गया है। वस्तुतः कर्म सिद्धान्त के विना पुनर्जन्म की व्याख्या भी नहीं हो सकती। आत्मा का अपना स्वरूप शुद्ध और पवित्र है। ऋषिभाषित सूत्रों में भी आत्मा के इसी स्वरूप का निर्देश है। आत्मा का स्वभाव ऊर्ध्वगति करने का है, फिर भी वह कभी निम्न और कभी तिर्यग्गति क्यों करता है ? इस प्रश्न का समाधान धर्मकथांग सूत्र में किया गया है। तुंबे को स्वभाव है पानी में तैरना किन्तु यदि इसे धागों से बाँधकर मिट्टी का लेप कर पानी में छोडें तो वह डूब जाएगा। यही स्थिति आत्मा की है। लेप से आवेष्ठित आत्मा निम्न और तिर्यग् गति करता है। यह लेप हटने पर ही आत्मा पुनर्भव से मुक्त हो पाता है। यह आत्मा अज्ञान के कारण ही इस दुःखरूप संसार में डूवा रहता है- दुःखमूलं च संसारे अण्णाणेन समज्जितं (इसिभासिमाइं सुत्ताइं-२.८)

आत्मा स्वकृत कर्मो से अनुबद्ध होकर संसार में गति करता है। इस प्रकार यह आर्त्त आत्मा जन्म और मृत्यु की परम्परा में फॅसता है- (इ.भा.सु-२-३)

जैन दर्शन में आचार का विशेष महत्त्व है। वह यथार्थ में जीता है। यह विराट् विश्व सत्य है- अधा सच्चं इणं सव्वं (इ.भा. सु. पृ.१८१)। अतः प्रत्येक कर्म का फलभोग अवश्यंभावी है—

इध जं कीरते कम्मं तं परतोवमुज्जइ।

मूलसेकेसु रूक्खेसु फलं साहासु दिस्सति ॥इ.भा.सु.३०.१ ॥

भगवान् महावीर ने इसी सिद्धान्त की स्थापना की है। इस जीवन में भी सुन्दर कर्मो की प्रतिफल सुन्दर और बुरे कर्मों का प्रतिफल बुरा ही होता है। कर्मवाद जो कुछ बनता बिगडता है, उसके उत्तरदायी हम स्वयं हैं, कोई और नहीं। दूसरा तो केवल निमित्त मात्र है। कर्मवाद का रहस्य इसी में है कि हे मानव, सब कुछ तेरे हाथ में है। भाग्यवाद का निर्बल सहारा लेकर यह मनुष्य जन्मजन्मों में पलायन ही करता रहेगा। इसलिए जैन दर्शन का कर्मफलभोग सिद्धान्त वस्तुतः जीवन जीने की कला है।

PJ - 19

कर्म सिद्धान्त

आनन्द कुमार तिवारी

सामान्यतः किसी कार्य के करने को कर्म कहा जाता हैं। जैसे चलना, बोलना, हँसना, चिन्तन करना इत्यादि। लेकिन जैन दर्शन के अनुसार कर्म केवल संस्कार मात्र ही नहीं है बल्कि एक वस्तुभूत पदार्थ है जो रागी-द्वेषी क्रिया से आकृष्ट होकर आत्मा के साथ घुल-मिल जाता है। यद्यपि कर्म भौतिक पदार्थ है फिर भी जीव की क्रिया से आकृष्ट होकर जीव के साथ

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

बँधा जाता है, जिसके चलते उसे कर्म की संज्ञा दी जाती है। जैनदर्शन कर्म के आठ प्रकारों को स्वीकार करता है। वे हैं घातिया कर्म -वेदनीय, नाम, आयु एवं गोत्र। जो कर्म जीव के स्वाभाविक गुणों पर प्रहार करते हैं वे घातिया कर्म ज्ञनावरण, दर्शनावरण, मोहनीय एवं अन्तराय तथा अधातिया कर्म कहलाते हैं, जबकि जो कर्म जीव के स्वाभाविक गुणों का नुकसान नहीं करते उन्हें अघातिया कर्म कहा जाता है।

जैनदर्शन के अनुसार राग-द्रेष एवं कषाय जो कि आत्मा की प्रमत्त दशा है, किसी क्रिया को कर्म बना देते हैं। लेकिन कषाय एवं आसक्ति से रहित होकर किया हुआ कर्म भी अकर्म बन जाता है। इस सन्दर्भ में भगवान् महावीर ने कहा है कि "जो आस्रव एवं बन्धन कारक क्रियायें हैं, वे ही अनासक्ति एवं विवेक से समन्वित होकर मुक्ति के साधन बन जाती है।" कर्म से ही प्राणी के जन्म, स्थिति, मरण आदि की सिद्धि होती है। कर्म अपने स्वाभाविक गुणों के अनुसार स्वतः फल देता है। कर्म संसार का बीज है। जिस प्रकार बीज में प्रजनन-शक्ति होती है, ठीक उसी प्रकार कर्म भी अपने संसार रूपी वृक्ष को पैदाकर पोषण करते रहता है। जब बीज को जला दिया जाता है तब उसकी उत्पादन क्षमता नष्ट हो जाती है। ठीक उसी प्रकार ध्यान के द्वारा कर्म रूपी बीज को नष्ट कर दिया जाता है, जिसके फलस्वरूप संसारोत्पादन की क्षमता नष्ट हो जाती है, जिससे स्वयं संसार भी नष्ट हो जाता है और तब जीव एक ही समय मात्र में संसारातीत में जा विराजता है, जिसे मुक्ति की संज्ञा से जाना जाता है।

PJ - 20

Relevance of Indian Epistemology In Education And Padagogy With Special Referance To Jainism

Prof. Nikunja Behari Biswas, Silchar

Epistemology is a philosophical discipline, which attempts to supply answers to questions concerming the nature of human knowledge and its validity. Epistemology as a term has its origin in Greek word epistemo and logos. Epistemo means discussion about knowledge. Epistemology is identical to theory of knowledge. Indian philosophers attached greater importance to the problem of knowledge as compared to the western thinkers. But the decline of Sanskrit as the central language of creative expression in the first quarter of the past millennium has created a gap in Indian thoughts. The decline of Sanskrit was accompanied in India by a cultural balkanization of the subcontinent. The process of increasing heterodoxy and assertive multiculturalism left Indian thinkers of the post-Sanskrit era (if that expression is allowed) little autonomy of language, thought and culture. Thus, the whole of Indian concept of knowledge system is influenced by the western epistimological theories. As a result the education process specially in the field of pedagogical sciences are managed by the western thought and practice. It is very difficult to equate the western concept of epistemology or theory of knowledge with the Indian concept.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

Epistemology in Indian perspective we consider it Jñana "Wisdom" the various epithets applied to it in the Yoga philosophy. These epithets reveal that epistemology is closely linked up with ontology and also with ethics. Knowledge reality is the primary objective of any philosophical thinking in India. Knowledge as opposed to ignorance is the means of liberation-----the ultimate goal of man recognized by Indian philosophy. Knowledge is inherent in men, no knowledge comes from outside, it is all inside. What we say a man 'Knows' should, in strict psychological language, be what he 'discovers' or 'unveils'. Knowledge is placed in a very high position in India. It is related with the philosophy of the life of the people that is the self-realization and liberation it cannot be attained without knowledge. If we go through the following Slokas of the Gitā the concept and the place of knowledge in India will be very clear.

Api cedasi pāpebhyaḥ sarvebhyah pāpakṛttamaḥ
Sarvaṁ jñānaplavenaiva vṛjinaḥ santariṣyasi [IV-36]

Yathaidhānsi samiddh'agnirbhasmasātkurute'rjuna.
Jñānāgniḥ sarvakarmāṇi bhasmasātkurute tathā[IV-37]

Na hi jñānena sadṛsaṁ pavitramiha vidyate
Tatsvayaṁ yogasaṁsiddhaḥ kālenātmani vindati [IV-38]

'Even the most sinful man can cross over the ocean of Saṁsāra by means of the boat of knowledge alone. As a fire well kindled reduces fuel to ashes, so the fire of knowledge reduces all actions to ashes. The culmination of action is in knowledge. Having obtained knowledge one soon embraces peace. There is nothing purer than knowledge.'

The present scenario of Indian education is very gloomy. It is neither in tune with the life or the philosophy or of the value system of India. The education, which is practiced in the educational institute, is devoid of Indian epistemology. Indian Schools of philosophy had its theory of knowledge but now it is not taken into consideration in Curriculum. This persuaded the author to take up the present study. The first section of the paper deals with the concept and theory of knowledge as held by the Indian philosophical Schools, which is, followed by an analysis of the Jaina theory of knowledge in the second section. An attempt has been made to translate the Jaina views of knowledge in to education can be exercised in the

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

curricullum and textbooks of the education systerm in the third section of the paper. The fourth section is presented with a commentary and conclusion.

PJ - 21

जैन धर्म के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण

हरि प्रकाश शर्मा, हरियाणा

जैन धर्म में आचार के पाँच प्रकार प्रस्तुत किये गए हैं - ज्ञान आचार, दर्शन आचार, चरित्र आचार, तपः आचार एवं वीर्य आचार। आचारांग सूत्र समग्र जैन आचार की आधारशिला है। इसमें चरित्र आचार का वर्णन किया गया है। चरित्र आचार का प्रथम सूत्र है - अहिंसा। जैनागमों में पृथ्वीकाय हिंसा की विरति का उपदेश उपलब्ध है। भगवान् महावीर ने पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु को जीव रूप में बतलाया है। उनके मत में पृथ्वी भूत नहीं अपितु स्वयं जीव है। अतः उसके प्रति भी आत्मवत् होना चाहिए। जल में यदि किसी तर्क या हेतु से जीव होने का पता नहीं चलता तो इसे आज्ञा से जान लेना चाहिए। आचरांग सूत्र में इन जीवों को अभय प्रदान करने का उल्लेख किया गया है। तृतीय तत्त्व तैजसकाय है। तैजस अथवा अग्नि भी जीव के रूप में है। अग्नि वनस्पति का शस्त्र है। ये स्थावर जीव परस्पर एक दूसरे के शस्त्र बनते है। जल अग्नि का शस्त्र है। अग्नि पृथ्वी और वनस्पति के लिए शस्त्र के रूप में है। अहिंसा के संदर्भ में चतुर्थ जीव निकाय वनस्पति है। यह अनादि जगत् है एवं जीवों का अक्षयकोष है।

हिंसा के दो रूप है - भावरूप एवं द्रव्य रूप। मन में कषाय का जागृत होना भाव हिंसा है। तथा वचन एवं क्रिया का रूप देना द्रव्यहिंसा है। कषाय चार हैं - क्रोध, मान, माया, लोभ। इसी के कारण हिंसा होती है। सब हिंसाओं का जैनागमो में निषेध किया गया है। जैन धर्म में पेड पोधों को नष्ट न करने पर बल दिया गया है। वनस्पति की सुरक्षा से वातावरण प्रदूषण रहित, स्वच्छ एवं शुद्ध रहता है। घास पर चलने का भी निषेध किया गया है क्योंकि घास पर चलने से एक तो स्वयं घास की क्षति होती हैं जो स्वयं जीवरूप में है और दूसरा घास के अन्दर छिपे जीवों की हिंसा हो सकती है। इस प्रकार निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि जैन धर्म के सिद्धान्तों को क्रियान्वित रूप देकर पर्यावरण को संरक्षण उपलब्ध हो सकता है।

PJ - 22

जैन शिक्षण पद्धति : अनुयोगद्वार के सन्दर्भ में

प्रमोद कुमार लाटा, राजस्थान

प्राचीन भारतीय पद्धति पर जो साहित्य सृजन हुआ, उन पर दृष्टिपात करने पर यह स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है कि इस साहित्य सृजना का मुख्य आधार वैदिक वाङ्मय ही रहा है। जैन वाङ्मय की सन्दर्भ सामग्री का उपयोग बहुत कम हुआ। इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि जैनों की कोई शिक्षण प्रणाली नहीं रही थी। दिगम्बर और श्वेताम्बर ग्रन्थों में जैन शिक्षण प्रणाली को दर्शाया गया है। जैन शिक्षण प्रणाली के आधार पर ही आगम ज्ञान का अध्ययन और अध्यापन होता रहा। इस प्रणाली का दर्शन षट्खण्डागम, कषाय पाहुड, धवला टीका, श्लोक वार्तिक, सर्वार्थसिद्धि, तत्वार्थ वार्तिक, ठाणं समवायांग, भगवई और अनुयोगद्वार आदि ग्रन्थों में दिखाई देता है।

अनुयोगद्वार आर्यरक्षित द्वारा रचित ग्रन्थ है। आर्यरक्षित ने आगम ज्ञान को ग्रहण करने हेतु शिक्षण पद्धति के चार द्वार बनाये। जिसके माध्यम से श्रुत परम्परा को कायम रखा जा सका। कुछ दशकों तक इस पद्धति को अपनाया गया, जिसका

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

सीधा प्रभाव हमें आगम ग्रन्थों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। प्रथम आगम वाचना में संकलित द्वादशांग के साथ पूर्वों के ज्ञान को क्षय होने से रोकना ही अनुयोगद्वार ग्रन्थ की रचना का मूल उद्देश्य था। परम्परागत श्रुत परम्परा को स्थापित करते हुए पूर्व में चली आ रही शिक्षण पद्धति की समालोचना कर एक नवीन दृष्टि से अनुयोग द्वारा जैन शिक्षण पद्धति को प्रस्तुत किया गया।

विचारणीय बिन्दु यह है कि अनुयोगद्वार की शिक्षण पद्धति क्या इतनी सार्थक नहीं ती कि श्रुत परम्परा को कायम रखने में सक्षम हो ? यदि थी तो पुनः आगम वाचना का आयोजन और श्रुत के संकलन की आवश्यकता क्यों हुई ? इन्हीं सब प्रश्नों के समाधान करने एवं जैन शिक्षण पद्धति को आचार्य आर्य रक्षित का क्या योगदान रहा, इस पत्र का उद्देश्य होगा।

PJ - 23

Some Jain Relics of Bankura- Purulia

***Dr. Nilanjana Sikdara Datta**, Kolkata*

In the remote south-west corners of present West Bengal namely in the districts of Purulia and Bankura, stray Jain statues are found lying here and there. They remain unrecognised and unsung as the area has no more land mark to attract the Jain pilgrims. Yet the scattered remains prove the fact that there must have existed a rich influence of Jainism in this which was mostly dominated by tribal people. But how that has been completely washed away ?

Again, the local religion has absorbed these Jain images, sometimes a figure of Pārśvanāth is recognised as a female-deity-Manasā, the goddess of serpents, Jaina Ambikā figurines are respected as village-goddesses, they represant goddess Durgā. Some times even the local tribals have adopted those images as their gods. The evolution of these images is very interesting.

PJ - 24

जैन साधना एवं अहिंसा

***हेमवती नन्दन शर्मा**, लाडनूं*

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान संस्कृति रही है। यहां पर ऋषि, मुनियों ने आध्यात्मिकता की खोज में अपना अमूल्य समय लगाया है। ये ऋषि मुनि चाहे वैदिक परम्परा के हों, चाहे जैन परम्परा के या फिर बौद्ध परम्परा के। सभी ने साधना के मार्ग को चुना और आध्यात्मिक ज्ञान को प्राप्त किया। किसी भी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए साधना अति आवश्यक है। जैन धर्म के अन्तर्गत साधना-पद्धति को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त है।

महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग का प्रतिपादन किया है और उसका पहला अंग यम है। लेकिन जैन साधना पद्धति का पहला अंग महाव्रत है। महाव्रतों को मूलगुण और शेष साधना के अंगो को उत्तर गुण माना जाता है। महाव्रतों के द्वारा ही साधना के शेष अंग विकसित हो सकते हैं। इसीलिए महाव्रत मूलगुण है। महाव्रतों के पांच प्रकार में

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

'अहिंसा' के पालन से शेष चारों महाव्रतों का पालन अपने आप ही हो जाताहै। साधना के आरम्भ में साधक अहिंसा का संकल्प स्वीकार करता है। यद्यपि अहिंसा का मार्ग बहुत ही कठिन और लम्बा होता है। लेकिन साधक दृढ संकल्पी होने के कारण इस लम्बे रास्ते को भी धैर्य पूर्वक पार कर लेता है। अहिंसा के द्वारा साधक की आन्तरिक शुद्धि होती है तथा कषाय क्षीण होते हैं। तब अहिंसा सिद्ध हो जाती है। इस स्थिति में साधक समता को धारण करता है। उसमें ऋजुता प्रकट होती है। यह उसका सत्य पक्ष है। अहिंसा से अपनी मर्यादा का विवेक जाग्रत होता है इसलिए अहिंसक व्यक्ति दूसरे के द्रव्य का अपहरण नहीं करता। यह उसका अचौर्य पक्ष है। अहिंसक व्यक्ति अपने इन्द्रिय और मन पर संयम रखता है। यही उसका ब्रह्मचर्य पक्ष है। वह बाह्य वस्तुओं में आसक्त नहीं होता यह उसका अपरिग्रह पक्ष है।

उपर्युक्त साधना-पद्धति मुख्य रूप से जैन साधु-साध्वियों के लिए है। लेकिन श्रावक लोग भी साधना का मार्ग अपनाकर अपने जीवन को सफल बनाते हैं। लेकिन उनकी साधना का आधार अणुव्रत होते हैं। वे इन अणुव्रतों का सम्यग् रूप से पालन कर साधना की उच्चकोटि में अपना स्थान बना लेते हैं।

वर्तमान युग में लोग अहिंसा को छोडकर हिंसा के मार्ग पर बढ रहे हैं। चारों तरफ भ्रष्टाचार, आतंकवाद, साम्प्रदायिकता, जातिवाद एवं घूसखोरी आदि विकट समस्याएं सम्पूर्ण मानव मात्र को त्रस्त कर रही हैं। ऐसे समय में अहिंसा को जानना, समझना एवं उस पर चिन्तन करना मेरे इस लेख का प्रमुख उद्देश्य है।

PJ - 25

जैन आगमों में ज्योतिष

मनोज श्रीमाल, लाडनूं

'ज्योतिषां सूर्यादिग्रहाणां बोधकं शास्त्रम्' व्युत्पत्यानुसार सूर्यादि ग्रह और काल का बोध कराने वाले शास्त्र को ज्योतिष शास्त्र कहा गया है। ज्योतिष शास्त्र मानव की आदिम अवस्था में अंकुरित होकर ज्ञानोन्नति के साथ-साथ क्रमशः संशोधित एवं परिवर्धित होता हुआ, वर्तमान स्वरूप को प्राप्त हुआ है। ज्योतिष विद्या को पुष्पित एवं पल्लवित करने में विभिन्न धर्मावलम्बियों में जैनाचार्यों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। इनकी अमर लेखनी से प्रसूत दिव्य रचनाएं अद्यतन जैन विज्ञान की यशः पताका को फहरा रही है।

जैन आगमों में अनेक पुष्ट एवं सबल ज्योतिषीय सिद्धान्त वर्णित है, जिससे भारतीय ज्योतिष विद्या को नवीन गति प्राप्त हुई है। यथा अन्य ज्योतिष ग्रन्थों में नवग्रहों की परिकल्पना प्राप्त होती है, वहीं आगमों में ८८ ग्रहों का वर्णन आता है। नक्षत्रों पर जैन आगमों में विशेषतः जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति में व्यवस्थित रूप में वर्णन है। अभिजित से नक्षत्र गणना प्रारम्भ की गई है। संवत्सर पांच माने गये हैं - नाक्षत्र, युग, प्रमाण, लक्षण एवं शनैश्चर। प्रतिपदा आदि तिथियों का नामकरण भी आगमों में भिन्न प्राप्त होता है।

पंचवर्षात्मक युग का सर्वप्रथम उल्लेख जैन ग्रन्थों में ही आता है। काललोक प्रकाश, षटखण्डागम, ज्योतिष्करण्डक और सूर्य-प्रज्ञप्ति में जिस पंचवर्षात्मक युग का निरूपण किया गया है, वह वेदांग - ज्योतिष के युग से भिन्न और प्राचीन है। युग का निरूपण करते हुए सूर्यप्रज्ञप्ति में कहा गया है —

सावण बहुल पडिवए बालवकरणे अभीइनक्खते।
सव्वत्थ पडमसमये जुअस्स आइं वियाणाहि॥

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

अर्थात् श्रावण कृष्ण प्रतिपदा के दिन अभिजित नक्षत्र में पंचवर्षीय युग का प्रारम्भ होता है।

ज्योतिष्करण्डक में लग्न का जो निरूपण है, उससे भारतीय ज्योतिष की कई नवीन बातों पर प्रकाश पडता है।

लग्गं च दाक्खिणायविसुवेसुवि अस्स उत्तरं अयणे।
लग्गं साई विसूवेषु पंचसु वि दाक्खिणे अयणे॥

इस पद्य में 'अस्स' यानि अश्विनी और 'साई' यानि स्वाति ये विषुव के लग्न बताये गये हैं। यवनों के आगमन के पूर्व भारत में यही जैन लग्न प्रणाली प्रचलित थी। 'वेदांग ज्योतिष' में भी इस लग्न प्रणाली का आभास मिलता है।

'श्रविष्ठाभ्यां गुणाभ्यस्तात् प्रविलग्नान् विनिर्दिशेत्' उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि जैन आगमों में प्रचुर मात्रा में ज्योतिषीय सामग्री उपलब्ध है, जिससे ज्योतिष विज्ञान समृद्ध एवं परिमार्जित हुआ है। प्रस्तुत शोध आलेख में जैन आगमों में वर्णित ज्योतिष के तत्त्वों का विवेचन करने का प्रयास करुंगा।

PJ - 26

अश्रुवीणा का काव्यशास्त्रीय वैशिष्ट्य

सत्यनारायण भरद्वाज, लाडनू

संस्कृत भाषा में काव्य की अनेक विधाओं में साहित्य-सृजन हुआ। यथा - कथा साहित्य, चरितकाव्य, नाटक, महाकाव्य, खण्डकाव्य, चम्पूकाव्य आदि। इनमें खण्डकाव्य का अन्यतम स्थान है।

खण्डकाव्य में मानव-जीवन के किसी एक साधारण या मार्मिक पक्ष की अनुभूति की काव्यात्मक अभिव्यंजना होती है। खण्डकाव्य, महाकाव्य का एकदेशानुसारी होता है। पं.विश्वनाथ ने साहित्य दर्पण में खण्डकाव्य का लक्षण बताते हुए कहा भी है - खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च। (साहित्य दर्पण, ६/३२८/२९)

खण्डकाव्य के अनेक रूप हैं। जैसे - संदेशपरक, गीतिपरक, कथात्मक, चरितात्मक, भक्तिपरक आदि। खण्डकाव्यों में समाज की विभिन्न प्रवृत्तियों जैसे - सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, दार्शनिक आदि का परिज्ञान समाज के समक्ष प्रस्तुत होता है।

संस्कृत खण्डकाव्यों की परम्परा में महाकवि संतशिरोमणि आचार्यश्री महाप्रज्ञ द्वारा रचित अश्रुवीणा नामक खण्डकाव्य का उत्कृष्ट एवं महनीय स्थान है। इसमें १०१ श्लोक हैं, जिसमें चन्दनबाला की महावीर के प्रति श्रद्धा क बडा कारुणिक एवं मार्मिक चित्रण कवि ने बडी कुशलता से किया है। श्रद्धा के महनीय स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कविवर ने समस्त संघर्ष एवं कलह को उपशान्त करने में श्रद्धा को प्रमुख साधन के रूप में स्वीकार किया है। इस खण्डकाव्य का समय २०वीं शताब्दी का ५वां-६वां दशक है। दूत परम्परा का निर्वाह भी इस खण्डकाव्य में होता है। करुण रस की प्रधानता वाला यह ग्रन्थरत्न काव्यशास्त्रीय गुणों से समन्वित है तथा साहित्याकाश में अपनी विशेष चमक छोडता है।

इस खण्डकाव्य में सर्वत्र मन्द्राक्रान्ता छन्द का प्रयोग हुआ है। अलंकार के प्रयोग में भी कवि पीछे नहीं है। इसका उदाहरण बानगी के रूप यहां प्रस्तुत है -

कायं चिन्वंल्लसति विशदं कल्पनानां निकायो, राज्यभ्रंशे नियतिनिरतः पेलवो योऽजनिष्ट।
भाग्येनैषा कुटिलमतिना सर्वथोपेक्षिताऽपि, सानायासं समरसजुषाऽहं सनाथीकृताऽस्मि॥ (अश्रुवीणा, १२)

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

प्रस्तुत एक श्लोक में ही कवि ने चार अलंकार का सफल प्रयोग किया है - उत्प्रेक्षा, परिकर, अनुप्रास तथा काव्यलिंग। करुणरस के साथ-साथ भक्तिरस की सलिला भी इस काव्य में सतत् प्रवाहमान है। इसका उदाहरण प्रस्तुत श्लोक में है -

वाणी वक्त्रान्न च बहिरगाद् योजितौ नापि पाणी, पांचाली वाऽनुभवविकला न क्रियां कांचिदार्हत्।
सर्वैरङ्गे सपदि युगपन्नीरवं स्तब्धताऽऽप्ता, वाहोऽश्रुणामविरलमभूत् केवलं जीवनाङ्कः॥ (अश्रुवीणा, २९)

भाषा शैली सरल, सुबोध, माधुर्य एवं प्रसाद गुण से युक्त है। भावों की प्रधानता है।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि अश्रुवीणा काव्यशास्त्रीय गुणों से ओत-प्रोत है तथा साहित्य जगत् में अपना विशेष स्थान रखती है।

अश्रुवीणा में कवि ने साहित्यिक धरोहर के जिन उपादानों का चित्रण किया है। उन्हीं को आधार मान मैं अपना शोध-आलेख प्रस्तुत करुंगा।

PJ - 27

जैनी वाचमुपास्महे - काव्यानुशासन और नाट्यदर्पण का मंगलपद्य

पारुल मांकड, अहमदाबाद

जैनाचार्यों का संस्कृत काव्यशास्त्र में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रायः सभी जैनाचार्य अपने ग्रंथ के मंगल पद्य में 'जैनी वाक्' की वंदना करतें है। प्रस्तुत शोधपत्र में हेमचन्द्रकृत काव्यानुशासन और उन्हींकें शिष्ययुगल रामचन्द्र-गुणचन्द्र कृत नाट्यदर्पण के मंगल पद्य का समावलोकन सादर किया गया है।

'जैनी वाचमुपास्महे' - यह पद्यांश का.शा. और ना.द. दोनों ग्रंथो में समान है। हेमचन्द्र का पद्य कवित्व से भरपूर और धर्मपरक है। वे जैनीवाणी जो तीर्थंकर भगवन्तों की है - को स्वभाव से मधुर, परमार्थाभिधायिनी और सर्वभाषापरिणता उद्घोषित करते हैं। रामचन्द्र-गुणचन्द्र का अभिगम व्यवहारिक है। उन्होंने जैनी वाणी को रागादि के विजेता जिनों की तो बताई ही है साथ में भरतादि नाट्यविद् भी ऋषि होने से अर्थापेक्षया उनकी वाणी भी जैनी वाणी है ऐसा प्रतिपादित किया है। इससे प्राकृत और संस्कृत दोनों भाषा का उन्होंने जैनीवाणी के रूप में स्वीकार किया है यह निश्चित है। हेमचन्द्र तो स्पष्ट रूप से अर्धमागधी वाणी की ही बात करते हैं। दूसरा ना.द.कार मंगलपद्य के मंगलपरक और अभिनयपरक दोनों अर्थ (चतुर्वर्गफलां, इत्यादि ना.द. १/१) अभिव्यक्त करतें है। अतः द्वादश रूपकों को उन्होंने द्वादशाङ्गी (सूत्रकृतांग आदि बारह मुख्य अंग आगम जैनी वाणी के साथ युक्त कियें है। निःसंकोच ना.द. का प्रेरणास्रोत हेमचन्द्र ही है क्योंकि हेमचन्द्र ने भी रूपक के बारह प्रकार प्रतिपादित किये हैं। प्रस्तुत अभ्यास लेख में उक्त मुद्दों की विस्तार से चर्चा की गई है।

PJ - 28

जैन कर्म सिद्धांत का वैज्ञानिक विश्लेषण

डॉ. श्रीमती कृष्णा जैन, ग्वालियर

भारतीय दर्शन जीवन-दर्शन है। इसमें भी जैन चिन्तनधारा का अनुपम स्थान है। इसमें आत्मा, परमात्मा लोक और कर्म आदि दार्शनिक तत्वों पर गंभीर अध्ययन और सूक्ष्म विवेचन किया गया है। वैदिक, बौद्ध तथा जैन दर्शनों में कर्म सिद्धान्त की विवेचना की गई है। भारतीय जन मानस में कर्म शब्द बालक, युवक और वृद्ध सभी की जबान पर चढा हुआ है। जैन दर्शन में कर्म शब्द जिस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, उसी अर्थ में, उससे मिलते-जुलते अर्थ में अन्य दर्शनों ने भी इसके लिए अनेक

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

शब्दों का प्रयोग किया है जैसे - माया, अविद्या, प्रकृति, अपूर्व, अदृष्ट, वासना, कर्माशय, संस्कार, देव, भाग्य आदि आदि।

जैन मान्यता के अनुसार यह आत्मा, यह जीव या प्राणी चेतना की एक प्रथम इकाई है। वह किसी का अवयव या खण्ड नहीं है। हर आत्मा अपनी स्वतंत्र सत्ता रखने वाली परिणमनशील इकाई है और अनादिकाल से ही विकारी दशा में भ्रमण कर रही है जैसे दूध सदा से जल मिश्रित ही होता है, वह कभी भी जल से रहित नहीं होता। उसी प्रकार जीव भी प्रारंभ से कभी शुद्ध या निर्विकार नहीं होता। उसके विकार का हिसाब रखने वाला स्वयं उसका शरीर ही है। उसके लिए अन्य किसी नियन्ता की आवश्यकता नहीं होती।

यह शरीर जो दिखाई देता है, यह तीन शरीरों का पिण्ड है। कारण शरीर, स्थूल शरीर, तैजस शरीर। इन्हीं शरीरों के माध्यम से मेरा यह चैतन्यमूर्ति अमूर्तिक आत्मा संसार बंधन में पडा हुआ है।

कर्मों की विभिन्न प्रकृतियों के अनुसार मूल प्रकृतियाँ और उत्तर प्रकृतियाँ १४८ हैं। शरीर पौद्‌गलिक है, उसका कारण कर्म है। अतः कर्म भी पौद्‌गलिक है। भाव कर्म एवं द्रव्यकर्म में बडा अन्तर है। कर्म के हितों को भाव कर्म या मल कहते हैं और कर्म पुद्‌गलों को द्रव्यकर्म या रज कहा जाता है। भाव कर्म द्रव्यकर्म का संग्रह होता है और द्रव्य कर्मों से भाव कर्मों की तीव्रता होती है।

जीव और कर्म के संश्लेष को बन्ध कहते हैं। जीव अपनी वृत्तियों से कर्म योग्य पुद्‌गलों को ग्रहण करता है। इन ग्रहण किये हुये कर्म-पुद्‌गल और जीव प्रदेशों को बंधन या संयोग बन्ध कहते हैं। जिस चैतन्य परिणाम से कर्म बन्धता है वह भाव बन्ध है और आत्मा के प्रदेशों का अन्योन्य प्रवेश एक दूसरें में मिल जाना एक क्षेत्रावगाही हो जाना द्रव्यबन्ध है। कर्म आने का द्वार है आस्रव। कर्म बन्ध का मुख्य कारण है कषाय।

प्रकृति संक्रमण का सिद्धान्त जैन कर्मवाद की प्रमुख विशेषता है। जैसे वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञ खट्टे फलों को मीठे फलों में तथा निम्न जाति के बीजों को उन्नत जाति के बीजों में परिवर्तित कर देते हैं, वैसे ही पाप के बद्ध कर्म परमाणु कालान्तर में तप आदि के द्वारा पुण्य के परमाणु के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। कर्म मुक्त होकर जीव आत्मा से परमात्मा बन सकता है।

जैन कर्म सिद्धांत वैज्ञानिक मान्यताओं तथा मनोवैज्ञानिक तथ्यों पर खरा उतरता है। यह मानव के व्यवहारिक जीवन के लिये परमोपयोगी है। जैन मनीषियों ने कर्म सिद्धांत के माध्यम से यथार्थता के आधार पर क्रियात्मक समाधान प्रस्तुत किये हैं, जैनाचार्यों ने कर्मबंध की समस्त प्रक्रिया का सूक्ष्म वैज्ञानिक विश्लेषण किया है। जिस प्रकार इलेक्ट्रोनिकी डिजीटल सर्किटों के माध्यम से जिनमें एक्टिव युक्तियाँ (जैसे - आई.सी. ट्रांजिस्टर) लगी रहती है, सैन्सर / ट्रान्सड्यूसर से प्राप्त सिग्नलों का आकार बदलता, उनका आयाम बढाना, घटाना, ध्रुवीकरण बदलना, माड्डुलन इत्यादि प्रक्रम किये जा सकते हैं। ठीक उसी प्रकार आत्मा भी एक एक्टिव युक्ति है और इन्द्रियाँ-सैन्सर/ट्रान्सड्यूसर के समान हैं और कर्मोदय काल में इन्द्रियों द्वारा प्राप्त आस्रवों का पुण्यानुबंधीपुण्य, पापानुबंधी पुण्य, कर्मो का संक्रमण, कर्मो की अवधि घटना-बढना आदि कार्य आत्मा के द्वारा आत्मा में प्राप्त किये जा सकते हैं। जीव के विभिन्न कार्य, गति, दशायें कर्म सिद्धान्त के अनुसार कर्म परमाणुओं के द्वारा एवं जीवविज्ञान के अनुसार जीनों के द्वारा निर्धारित होती है। ऐसा प्रतीत होता है कि कर्म तथा जीन एक-दूसरे के समानान्तर एवं सहकारी हैं। इसी तरह कर्म सिद्धांत एवं भौतिक विज्ञान के क्वाण्टम सिद्धान्त, न्यूटन का गति सिद्धांत, रसायन विज्ञान आदि से जीव एवं पुद्‌गल की समस्त प्रक्रियायें किसी न

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

किसी रूप में जुडी हुई प्रतीत होती हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में इसी बात को आगम में वर्णित सूत्रों के आधार पर परिभाषित किया गया है एवं वैज्ञानिक प्रयोगों और नियमों का प्रमाण स्वरूप उद्धृत किया गया है।

PJ - 29

Mātaṅgakanyā as Prince's Consort :
A Motif from Sanskrit and Prakṛit Narrative Literature

Rani Majumdar, Aligarh.

Vāsudevahiṁḍi of Sanghalāsaganivācaka (5th century A.D.) is a prakṛit Jain version of the Bṛhatkathā (BK) of Guṇāḍhya. Bṛhatkathā popularly known as Vaḍḍhakhā was written in Paiśāci Prākṛta Vāsudevahiṁḍi deals with the wanderings of Vāsudeva and his hundred marriages. Some of the maidens whom Vāsudeva marries are Princess some are Vidyādharīs some are Gaṇikās, so on and so forth. One of these maidens is Nilajasā, a Māyangi (Mātangi) or Candāli. She and her grandmother lived outside the city (Pakkaṇa) boundries and they are possessed of magical powers (Maṇtraśakti or Māyangi Vidyā). They are also associated with Veyālas.

Mātanga is a synonym of Cāndala in classical Sanskrit literature. According to Amarakośa, Cāṇḍala has ten synonyms, two of them being Mātanga and Naiṣāda including Cāndala . He is born of a pratiloma marriage, sprung of a Sūdra man and a Brāhmin woman.

According to Smṛtis the cāṇḍalas are the most despised of all the castes. They are supposed to be originally Non-Āryans representing tribal men. Later on they were signified as an outcaste or hybrid people. Kauṭilya's Arthaśāstra also states that the Cāṇḍālas have to reside besides the cremation ground. The Chinse traveller Fa-Hien (405 A.D.-411A.D.) has also recorded that the Cāṇḍalas had to live apart. Therefore is it possible for a prince to marry a girl from this most depised caste ? Could this motif be reconciled with the Smṛti status of Mātanga or Cāṇḍāla. Various versions of the Bṛhatkathā have tried to overcome this difficulty in various ways. Some versions have mythicised the Mātanga origin of these princesses other versions narrate that these maidens were actually celestial beings who took birth as Mātangīs due to curse, still some versions declare them as belonging to a class of Vidyādharas.

In this paper an attempt is made to study this motif in different versions of the Bṛahtkathā and to find out a possible explanation.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

PJ - 30

Mahāyana Epistemology Based On Laṅkavatārasūtra

Dr. K.K. Ambikadevi, Kerala.

King Kaniṣka in the Ist century A.D. proclaimed Sanskrit as the language of the Buddhist cannon. Since his time begins the composition of Buddhist works in Sanskrit. Among these works a group of texts called the "Navadharmas" are especially worshipped by the Mahāyāna · Buddhists. This group consist of Aṣṭasāhasrikaprajñāpāramita, Gaṇḍavyūha, Daśabhūmiśvara, Samādhirāja, Lankāvatāra, Saddarmapuṇḍarīka, Tathāgata guhyaka, Lalitavistara, and Suvarṇaprabhāsa.

Lankāvatārasūtra is translated in chinese by Bunyu Nanjo in 433 A.D. Approximate date of its composition is 300 A.D.

Lankāvatāra gives some references to logic and logicians in a prophetic style. This work reflects some fundamental themes of Mahāyāna Buddhism. This work is equally respected by the tathāgata garbha school and by the Yogācāra School. Lankāvatāra Sūtra describes the realization by means of "Aryajñāna" of ultimate reality which is "Mind Only". It uses a new methodology by discourses. The psychological emphasis is so distinctive in this text that makes it ocoupy a unique position in Mahāyana literature. In this paper, an attempt is made to analyse the development of Mahāyana epistemology based on Laṅkāvatāra sūtra. The concepts of vijñāna, yoga and citta are given due importance in this analysis.

PJ - 31

Comparative Study of the Rules For monks in Jainism & Buddhism

Dr. Rajashree Mohadikar, Pune.

It is seen or observed in any system that certain rules are laid down for the monks to be observed. When a monk is moving in the society certain rules and regulations are a must to bring the symmetry or harmony in the order.

It is very interesting to see how Bhagavāna Mahāvīra and Bhagavāna Gautama Buddha has laid down the rules. A comparative study of these rules will open a new avenue of study. I would like to restrict my study to the rules of bhikṣā and eating it only.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

PJ - 32

Influence of Jainism on Gāndhi

Dr. Neeraj Kumar, Bihar

The ideal of Jainism is that man should mutually serve and help one another and according to their capability and strength be helpful to others. Mahātmā Gāndhi, an apostle of truth and non-violence throughout his life observed the five great vows of truth non-injuty, non-stealing, celibacy and non-possession as propounded by Lord Mahāvīra. He was a strict vegetarian. He was constantly anxious to do some concrete service to his fellow men. Like a true Jain, Gāndhi was in the habit of practising tolerance and did not lose his mental balance whenever insulted. Fasting is at the very root of Jain culture. Born in a vaiṣṇava family and of a mother who observed all sorts of hard vows, Gāndhi too, observed fasts. His had liberal attitude towards all the religions of the world. And this brings him closer to Jain culture. Gāndhi was a true brahmachāri. The great potentiality brahmacharya became more and more patent to him as in it lies the protection of the body, the mind and the soul. Gāndhi was also a true follower of ahiṁsā. He favoured the doctrines of asteya and aparigraha. Thus we find that Gāndhi, like a true Jain, observed all the doctrines propounded by Lord Mahāvīra. His stress on truth, non-violence, brahmacharya, trusteeship, fasting etc. bring him closer to Jain philosophy.

PJ - 33

रात्रि-भोजन पाप है : जैनधर्म के परिप्रेक्ष्य में

डॉ. सुषमा, मुजफरनगर

प्राचीन भारतीय परम्परा में हितायु और सुखायु से सम्पन्न दीर्घायुष्य की कामना सदा की गयी है। वैदिक परम्परा में दीर्घ जीवन के साथ अदीन रहने की कामना भी निरन्तर की गयी है। दैन्यरहित जीवन जीने के लिए स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्त्व है। चरक के अनुसार स्वास्थ्य में हानि का कारण मुख्यतः तृष्णा, प्रज्ञापराध एवं आहार-विहार की अनियमितता है। प्रज्ञापराध से बचकर तथा नियमित आहार-विहार करके ही मनुष्य आरोग्य प्राप्त करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भी समुचित आहार-विहार एवं सुप्रज्ञता से प्रसूत प्रशस्त कर्मों के द्वारा मनुष्य दुःखों से मुक्त होता है, ऐसा स्वीकार किया गया है। जैन परम्परा में भी सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चरित्र रूप रत्नत्रय को सुखायुष और हितायुष्य के लिए ही नहीं, कैवल्य की प्राप्ति के लिए भी आवश्यक माना गया है, जिसका प्रतिफलन युक्त आहार-विहार के रूप में ही होता है और उसका ही अति प्रशस्त रूप विविध वृत्तों के रूप में सम्यक् चरित्र में परिगणित है।

जैन परम्परा में सम्यक् चरित्र की प्रतिष्ठा हेतु उल्लिखित अनेक व्रतों में पांच अणुव्रत या महाव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत प्रमुख हैं। इनके अतिरिक्त ग्यारह प्रतिमाओं का भी उल्लेख हुआ है। जैन आचार्यों में कुछ ने ग्यारह प्रतिमाओं

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

के अन्तर्गत और कुछ ने महाव्रत के साथ रात्रिभोजन त्याग को भी आनिवार्य व्रत के रूप में स्वीकार किया है। रात्रिभोजनत्याग के मूल में अहिंसा महाव्रत अथवा अणुव्रत के समग्र निर्वाह के साथ साथ स्वास्थ्य रक्षा भी अन्यतम है। चिकित्साशास्त्रीय ग्रन्थों में सूर्यास्त से पूर्व भोजन की प्रशंसा की गयी है। ग्रहण किय गये आहार को पाचन के लिए सूर्य की किरणों का विशेष महत्त्व है। स्वरयोग के परम्परागत ग्रन्थों में सूर्यनाडी में श्वास-प्रश्वास के प्रवाहित रहने पर ही भोजन लेने की व्यवस्था सूर्य से पाचन का सम्बन्ध प्रमाणित करती है।

रात्रिभोजन निषेध के क्रम में अहिंसा-व्रत-पालन को मूल बिन्दु के रूप में रखने के कारण ही कहीं कहीं रात्रिभोजन को मांसभोजन के समान निन्दित कहा गया है, तो कहीं उस समय हिंसा की सम्भावना का अनुभव किया गया है। रात्रिभुक्तिपरिहार से मुख्यतः अहिंसा व्रत का पालन होता है। रात्रिभोजन निषेध के सन्दर्भ में श्रावकाचार सम्बन्धी ग्रन्थों में एक ही तर्क दिया गया है कि इस से श्रावक और मुनिजन दोनों के ही समस्त व्रतों की रक्षा होती है तथा यह हिंसाओं की सम्भावनाओं से सुरक्षित रखता है। रात्रिभोजन परिहार व्रत के पालन से बहुविध व्रत दान आदि असंख्य पुण्यों का फल मिलता है। इस महिमाशाली व्रत के पालन से उत्पन्न पुण्यराशि का वर्णन करना सामान्य मनुष्य के सामर्थ्य से बाहर है, उसका वर्णन तो जिननाथ ही कर सकते हैं -

रात्रिभोजनविमोचिनां गुणा ये भवन्ति भवभागिनां परे।
तानपास्य जिननाथमीषते वक्तुमत्र न परे जगत्त्रये॥

तात्पर्य यह है कि जैन परम्परा में रात्रिभोजन परिहार की महिमा का बारम्बार गान किया गया है और इस व्रत को अहिंसा आदि व्रतों के पालन में अनिवार्य मानते हुए उनके समान ही समादृत किया गया है।

PJ - 34

Achārya Mahāprajña and Human Rights

Dr. Hari Shankar Pandey

Achārya Mahāprajña is a great philosopher, an ideal savant, preceptor, preacher and annotator of Jaina canonical literature, the propounder of preksha meditation and the originator of Jivana vijnāna, i.e. the science of living. He is endowed with the good attractive and engrossing personality, Hundred books are written and annotated. He is a unerring propounder of Human Rights.

Human right had an ancient antiquity in Indian scriptural tradition, i.e. The Vedas, The Agmas and The Tripitakas, these are the perennial sources of humane and Human Rights. They are propounder of humanity, establisher of equanimity, propagator of world wise friendliness.

The Ṛgveda, which is regarded as the oldest document of the universe, the primordial sources of Human Rights declares that all human beings are equal and they are brothers.

Padma Shri Rama Kant Shukla Collection at Deva Vani Parishad, Uttam Nagar New Delhi

In Public Domain. Digitized by eGangotri and Sarayu Trust Foundation Delhi.

It is also in the same emotional state, described in Achāraṅgasūtra, the oldest canon of Jainas. Ṛisi of Achārāṅga says as thus—

Appoṇo bahiyā pāsa

Tumaṁsi nāma saccaṁ jaṁ haantabbaṁ ti mananasi

Let you see out from the self i.e. all living being are equal. Dasavaikālika also recognises in this way that sabbesiṁ jībiyaṁpiyaṁ i.e. life is desirous to all.

